वर्ष-31, अंक- 208, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
16 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

एक नजर

बिहार में राहुल गांधी की बढ़ी मुश्किलें

पटना। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब आंबेडकर छात्रावास के बाहर पहुंचे तो उनके काफिले को परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। उन्हें पार्टी के 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत करनी थी। पहले राहुल गांधी को रोका गया अब खबर है कि उनके खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। दरभंगा जिला प्रशासन सीआरपीसी 163 के उल्लंघन के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई करेगा। पुलिस द्वारा रोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा, "बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की। लेकिन वे मुझे रोक नहीं पाए, क्योंकि आपकी सत्ता मुझ पर नजर रख रही है। हमने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा कि आपको जनगणना करानी होगी। आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया। लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह आपकी नहीं, अडानी-अंबानी की सरकार है। मैं गारंटी देता हूं कि जैसे ही भारत और बिहार में हमारी सरकार बनेगी, और जो आप चाहते हैं वो सब लागू करेंगे।

प्रधानमंत्री का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास के संकल्प से बनेगा विकसित भारत : कृति वर्धन सिंह

- **केंद्रीय मंत्री ने मयूरहंड में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा कर दिए निर्देश**

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड (चतरा)। केंद्रीय वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कृति वर्धन सिंह ने गुरुवार को मयूरहंड प्रखंड में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्येय "सबका साथ, सबका विकास" है, और इसी संकल्प से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। जेएसएलपीएस द्वारा पारंपरिक झारखंडी रीति से मंत्री का स्वागत किया गया। सभा कक्ष तक मांदर की थाप और लोकनृत्य के साथ मंत्री को लाया गया। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसडीओ जहूर आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, शिक्षा अधीक्षक राम जी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, जल संसाधन, कृषि, कौशल विकास, आधारभूत संरचना और वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं के विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कुपोषण, टीबी इलाज, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या, सेल्फ हेल्प ग्रुप, जनधन खाते, मृदा स्वास्थ्य, और 'एक जिला एक उत्पाद' योजना से जुड़े आंकड़ों की सघन जांच कर जरूरी सुधार करने को कहा।

उन्होंने विद्यालयों में ड्रॉप आउट दर घटाने की आवश्यकता बताई और आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कृषि क्षेत्र में मत्स्य पालन, डेयरी व पशुपालन को बढ़ावा देने, व 'एक जिला, एक उत्पाद' के साथ महिला समूहों को जोड़ने के निर्देश दिए।

बाल श्रम रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। साथ ही ड्रोन दीदी योजना को प्रभावी बनाने और जल जीवन मिशन व पीएम आवास योजना के लक्ष्य समय पर पूरा करने की हिदायत दी गई।

मंत्री कृति वर्धन सिंह ने झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर बाल संसद की छात्राओं से संवाद किया, समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। विद्यालय परिसर में मंत्री ने रुद्राक्ष, विधायक ने आम और उप विकास आयुक्त ने सेव का पौधा लगाया।

बाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मंत्री ने जल संकट व दवा संरक्षण की समस्या पर त्वरित समाधान का निर्देश दिया।

सभा कक्ष में मंत्री ने आम लोगों से जनसंवाद किया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई है और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मंत्री से मिलने बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, लाभार्थी और आम नागरिक पहुंचे। प्रखंड प्रशासन ने योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

हेमंत कैबिनेट की बैठक में 17 एजेंडों पर मुहर

शिक्षक नियुक्ति नियमावली को मिली मंजूरी बहाली का रास्ता साफ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकारी माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 9 से 12) के आचार्य, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2025 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब शिक्षकों के बहाली का रास्ता साफ हो गया। गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 17 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

इसके अलावा शराब की बिक्री के नियमों में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। राज्य सरकार ने नई उत्पाद नीति के गठन को मंजूरी दे दी है। नई उत्पाद नीति के तहत शराब की होलसेल बिक्री की जिम्मेदारी झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को दी जाएगी, जबकि खुदरा बिक्री प्राइवेट हाथों में होगी। राज्य में1453 खुदरा शराब की दुकानें हैं। इन नीति को पूरी तरह से लागू करने में लगभग एक महीने का समय लगेगा।

नए जेल मैन्युअल को कैबिनेट से स्वीकृति मिली : नए जेल मैन्युअल को भी स्वीकृति दे दी गई। इसके अलावा व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए शुल्क का निर्धारण भी किया गया है। वहीं पूरक पोषाहार के तहत वितरण एजेंसी के अवधि विस्तार को स्वीकृति दी गई है। एक अन्य प्रस्ताव में गिरिडीह के बड़कीटांड़-तीनपतली-डोकीडीह-गिरनिया मोड़ पथ निर्माण कार्य के लिए 55 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी गई।

70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए शेष पेज 11 पर...

प्रोफेशनल एजुकेशन बिल को मंजूरी

झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बिल 2025 को स्वीकृति दी गई जिससे व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े संस्थानों के लिए विभिन्न कोर्सों का शुल्क तय किया जा सकेगा। इस बिल के माध्यम से छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के लिए उचित शुल्क देना होगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बोझ कम होगा।

एनसीसी कैडेट्स के भोजन भत्ता में बढ़ोतरी

एनसीसी कैडेट्स के शिविरों के लिए भोजन भत्ता में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। उन्होंने बताया कि अभी एनसीसी कैडेट्स शिविर में प्रत्येक कैडेट को 150 रुपए प्रतिदिन की दर से भोजन भत्ता मिलता है। इसे बढ़ाकर अब 220 रुपए प्रति प्रतिदिन कर दिया गया है।

कारखाना संशोधन अधिनियम में बदलाव

झारखंड राज्य में व्यापार की सुगमता के तहत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये "लेबर रिफोर्म" के अनुपालन के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 के केन्द्रीय अधिनियम संख्या 63 में संशोधन के लिए कारखाना (झारखंड) संशोधन विधेयक, 2025 की स्वीकृति दी गई। अब कारखाना में काम करने वाले कर्मियों को तीन माह में 75 घंटे की जगह 125 घंटे का ओवरटाइम मिल सकेगा। इस बदलाव से कर्मचारियों को अधिक ओवरटाइम करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आय बढ़ सकेगी।

पीएलएफआई के तीन उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार

- **दो देसी पिस्तौल, सात जिंदा गोली व सात मोबाइल बरामद**

लातेहार। जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपराध की योजना बना रहे पीएलएफआई संगठन के तीन उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार उग्रवादियों में चंदवा निवासी संतोष उरांव उर्फ तूफान, लोहरदगा कुडू निवासी बालक राम, बालूमाथ निवासी आशीष उरांव शामिल हैं। इनके पास से दो देसी पिस्तौल सात गोलियां बरामद हुई है। सभी अपराधियों को चंदवा थाना क्षेत्र के लोहरसी जंगल से गिरफ्तार किया गया है। लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के लोहरसी जंगल में हथियारबंद अपराधी किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर डीएसपी अरविंद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर रणधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित उक्त स्थान पर उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। पुलिस की टीम ने चारों ओर से घेरकर उग्रवादियों के खिलाफ छापेमारी किया। पुलिस को देखकर उग्रवादी भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों की तलाशी लेने पर उनके पास से दो देसी पिस्तौल, 4 जिंदा कारतूस 7.65 बोर, 3. 15 बोर का 3 जिंदा कारतूस और 7 मोबाइल बरामद किया गया है।

कई घटनाओं के आरोपी हैं गिरफ्तार उग्रवादी : प्रेस वार्ता कर डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी कई हिंसक घटनाओं **शेष पेज 11 पर...**

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

पेसा को लेकर एक बार फिर तैयार ड्राफ्ट को लोगों ने नकारा

- **आवश्यक संशोधन का सरकार ने दिया आश्वासन**

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में पेसा कानून लागू करने की कवायद तेज हो गई है। इन सबके बीच सामाजिक संगठनों ने झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट को खारिज कर दिया है और इसे मानने से इनकार कर दिया है।

15 मई को पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित पेसा विचार संगोष्ठी में कुछ ऐसा ही देखने को मिला।

एक दिवसीय इस कार्यशाला में सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों और विशेषज्ञों ने खुलकर अपने विचार रखे। विभागीय प्रधान सचिव विनय चौबे ने झारखंड राज्य पंचायती राज विभाग द्वारा तैयार किए गए पेसा से संबंधित मसौदे पर प्रकाश डाला और इसके महत्व की जानकारी दी।

पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की मौजूदगी में कई घंटों तक चली इस कार्यशाला में राज्य सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री रामदास सोरेन समेत पंचायती राज से जुड़े कई सरकारी अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पेसा नियमावली में सामूहिकता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों की पहचान उनके जल, जंगल, जमीन, नाला, आम के पेड़ से हो रही है, जिसका संरक्षण बेहद जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने पदों पर बैठे लोगों द्वारा शोषण पर चिंता जताते हुए कहा कि कई जगहों से शिकायत आ रही है कि अनुसूचित क्षेत्र के मुखिया दिव्यांगों के पेंशन में 500 रुपये और आवास योजना में 20-20 हजार रुपये ले रहे हैं। सिर्फ अधिकार देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि इस पर ईमानदार पहल करनी होगी। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूआ ने पेसा कानून पर कहा कि इस गोष्ठी के सुझाव को अमल में लाया जाएगा। पेसा कानून लागू होने में विलंब हो रही है लेकिन जब लागू होगा तो भारत देश के लिए एक मिसाल बनेगा।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पेसा कानून के विवाद को सुलझाने की यह महत्वपूर्ण पहल है। पांचवी अनुसूची के लिए जो कानून लागू होगा। सबके सुझावों को ग्रहण कर त्रुटि पर सरकार विचार करेगी। आम लोगों की राय से, उनकी सहमति से पेशा कानून को पूर्ण रूप से संशोधन करके आम सहमति बना के लागू करने का प्रयास करेंगे।

सुझावों को ध्यान में रखेगी सरकार : दीपिका पांडेय सिंह

कार्यक्रम के दौरान मिले सुझावों पर पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार इन सुझावों को ध्यान में रखेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेसा नियम लागू करने से पहले नियमसंगत सुझावों को नियमावली में समावेशित किया जाएगा।

मिसाइल चली नहीं, मूंछें ही तनी रहीं!

कैसे 'थर्ड पार्टी' के भरोसे कैसे पाक की सेना बनी शो पीस ब्रिगेड

नई दिल्ली। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद भारत की सख्त और तेज़ प्रतिक्रिया ने पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों की असलियत को पूरी तरह नंगा कर दिया है। भारत ने जब मोर्चे पर अपनी सक्रियता और जवाबी कार्रवाई के संकेत दिए, तो पाकिस्तान में खलबली मच गई। सेना ने तुरंत अपनी सैन्य तैयारियों की समीक्षा शुरू की — और यहीं से शुरू हुई एक के बाद एक फज़ीहत।पता चला है कि पाकिस्तान के पास न तो तुर्की से खरीदे गए ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञ हैं, और न ही चीन से मिली PL-15 मिसाइलों को दागने वाले दक्ष ऑपरेटर। दरअसल, पाकिस्तान ने इन हथियारों की खरीद से पहले कुछ सैन्यकर्मियों को ट्रेनिंग के लिए तुर्की और चीन भेजा था, लेकिन वे वहां से तकनीकी ज्ञान लेकर लौटने के बजाय सैर-सपाटा और मौजमस्ती करके लौट आए। जब मौके पर इन हथियारों के इस्तेमाल की जरूरत पड़ी, तो इन 'ट्रेंड' अफसरों ने हाथ खड़े कर दिए। हालात इतने बिगड़ गए कि पाकिस्तान को मजबूरी में तुर्की और चीन से थर्ड पार्टी एक्सपर्ट्स बुलाने पड़े, ताकि ड्रोन और मिसाइल सिस्टम को किसी तरह ऑपरेट किया जा सके। **मिसफायर ने खोली पोल :** सबसे शर्मनाक स्थिति तब पैदा हुई जब पाकिस्तान ने चीन से मिली PL-15 मिसाइलों का ट्रायल किया। सीमावर्ती क्षेत्र में भारत को डराने के मकसद से किया गया यह ट्रायल ही उनके लिए मुसीबत बन गया। कई मिसाइलें या तो लॉन्चपैड से बाहर नहीं निकलीं, या आधे रास्ते में जाकर दिशा भटक गईं। एक मिसाइल तो लॉन्च होते ही ज़मीन पर गिर पड़ी और ज़ोरदार धमाके के साथ फट गई। मिसफायर की इस घटना ने पाकिस्तान की तकनीकी अक्षमता को पूरी दुनिया के सामने उजागर कर दिया। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने इस पूरी गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी और भारतीय सेना को 'हॉट स्टैंडबाय' मोड पर रखा गया है। सैन्य सूत्रों के अनुसार, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भारत पूरी तरह तैयार है। इस घटनाक्रम ने न सिर्फ पाकिस्तान की सैन्य कूटनीति की खामियों को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखा दिया कि पाकिस्तान दिखावे के हथियार तो खरीद सकता है, लेकिन उन्हें इस्तेमाल करने की काबिलियत उसमें नहीं है। कागज़ी तैयारी और बाहरी समर्थन के भरोसे जंग नहीं लड़ी जाती – और यह बात पाकिस्तान को जितनी जल्दी समझ में आए, उतना ही बेहतर होगा।

इंडिया

समयसीमा पर राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय से पूछे 14 सवाल

देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने हिंदी में शपथ ली और अपनी माता जी के चरण स्पर्श किए जिससे सर्वोच्च न्यायालय के एक अलग प्रकार के मुख्य न्यायाधीश का परिचय मिला पर उनके समक्ष पदभार संभालते ही जो सबसे अहम कार्य आया है वह है राष्ट्रपति की ओर से पूछे गए 14 महत्वपूर्ण सवाल। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचारार्थ रखे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए समयसीमा तय की थी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तो न्यायपालिका द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने को 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करने की संज्ञा दे डाली थी। अब खुद राष्ट्रपति ने कई सवालों की सूची उच्चतम न्यायालय को भेजी है जिसके जवाब का इंतजार राष्ट्रपति के साथ ही पूरे देश को है । सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य विधानसभाओं से भेजे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति और राज्यपालों को कार्रवाई करने के लिए समयसीमा तय करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत सर्वोच्च न्यायालय से यह राय मांगी है कि क्या उनके कार्य न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं और क्या संविधान में इस प्रकार की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने के बावजूद उनकी समयसीमा तय करना संभव है? उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए विधेयकों पर कार्रवाई करने की एक समयसीमा तय की थी और पहली बार यह निर्देश दिया था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचारार्थ सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर निर्णय तीन महीने के भीतर लेना चाहिए। हालांकि संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के निर्णय के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि "यदि इस अवधि से अधिक विलंब हो, तो उचित कारण दर्ज किए जाने चाहिए और संबंधित राज्य को सूचित किया जाना चाहिए।" अपने फैसले में देश की शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा नवंबर 2023 में 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने की कार्रवाई को अवैध और त्रुटिपूर्ण करार दिया था जबकि वे विधेयक पहले ही राज्य विधानसभा द्वारा पुनर्विचारित किए जा चुके थे।अब जो जानकारी सामने आई है उसमें राष्ट्रपति ने जानना चाहा है कि "क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायिक समीक्षा के अधीन है? राष्ट्रपति ने जानना चाहा है कि जब संविधान में इस विवेकाधिकार के प्रयोग की समयसीमा या तरीका निर्धारित नहीं है, तो क्या न्यायालीय आदेशों के माध्यम से ऐसे विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए समयसीमा और तरीका निर्धारित किया जा सकता है?"सवाल किया गया है कि "क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायिक समीक्षा के अधीन है? सवाल किया गया है कि क्या अनुच्छेद 361 न्यायिक समीक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है जब यह राज्यपाल के अनुच्छेद 200 के तहत किए गए कार्यों से संबंधित हो? राष्ट्रपति मुर्मू ने पूछा है कि जब संविधान में कोई समयसीमा या प्रक्रिया निर्धारित नहीं है, तो क्या न्यायालय द्वारा समयसीमा और प्रक्रिया निर्धारित की जा सकती है और राज्यपाल अनुच्छेद 200 के तहत अपने सभी अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे ?"संदर्भ में यह भी जानना चाहा गया है कि "क्या राष्ट्रपति को, राज्यपाल द्वारा किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति हेतु सुरक्षित रखने या अन्यथा स्थिति में भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सर्वोच्च न्यायालय से राय लेनी आवश्यक है?" साथ ही यह सवाल भी किया गया है कि "क्या अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय कानून के प्रभावी होने से पहले के चरण में न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं? सवाल किया गया है कि क्या न्यायालयों को किसी विधेयक की सामग्री पर, किसी भी रूप में, तब तक निर्णय देने की अनुमति है जब तक वह विधेयक कानून न बन जाए?" सवाल किया गया है कि "क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत राष्ट्रपति/राज्यपाल द्वारा किए गए संवैधानिक कार्यों और आदेशों को किसी भी रूप में प्रतिस्थापित किया जा सकता है?"कुछ अन्य प्रश्न जो सर्वोच्च न्यायालय को संदर्भित किए गए हैं, उनमें शामिल हैं: "जब कोई विधेयक अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो राज्यपाल के पास कौन-कौन से संवैधानिक विकल्प उपलब्ध हैं? सवाल किया गया है कि क्या राज्यपाल, अनुच्छेद 200 के तहत विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर, उपलब्ध सभी विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह और सहायता से बंधे होते हैं?" राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी रेखांकित किया है कि अनुच्छेद 200, जो राज्यपाल की शक्तियों और विधेयकों को स्वीकृति देने, स्वीकृति रोके रखने या राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने की प्रक्रिया को निर्धारित करता है, "राज्यपाल द्वारा संवैधानिक विकल्पों के प्रयोग के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं करता।" उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 201 राष्ट्रपति की शक्तियों और विधेयकों को स्वीकृति देने या अस्वीकृति के लिए प्रक्रिया निर्धारित करता है, परन्तु "राष्ट्रपति द्वारा इन संवैधानिक विकल्पों के प्रयोग के लिए कोई समयसीमा या प्रक्रिया निर्धारित नहीं करता।''



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

लखनऊ में डबल डेकर बस में लगी आग, पांच यात्रियों की मौत

लखनऊ (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में पांच यात्रियों की बस में जलकर मौत हो गई। डबल डेकर बस पटना से दिल्ली आ रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। मामला मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के किसान पथ का है। बताया जा रहा है कि यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पटना से दिल्ली जा रही थी, तभी लखनऊ के किसान पथ पर पहुंचते ही बस में अचानक आग लग गई। बस में कई यात्री सवार थे और धुआं भरने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बस में सवार कई यात्री किसी तरह बस से कूद गए, लेकिन इस हादसे में पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई। सभी लोग कामकाज के लिए दिल्ली जा रहे थे।

टेंपो पलटने से दो स्कूली बच्चे गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। थाना क्षेत्र के तारा गांव स्थित संचालित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल से स्कूली बच्चों को लेकर छुट्टी में वापस आ रही टेंपो महज सौ गज दूरी पर ही पलट गई। उसमें सवार सात बच्चे में दो बच्चे गंभीर रुप में घायल हो गये हैं। सभी बच्चों को तत्काल हैदरनगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया। वहां ऑन डयूटी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश रंजन ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के सिर में गंभीर चोट है। इसमें कोसीआरा गांव निवासी स्थानीय चौकीदार ईश्वरी राम को पोता व एक अन्य बच्ची शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई अमर कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर इस घटना की जांच शुरू की है। उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को जब्त कर थाना में पार्किंग करा दिया है।

बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल में आदिवासी संस्कृति की झलक

पीएम श्री योजना के तहत हुसैनाबाद कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं ने किया परंपरागत ज्ञान व विरासत का शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पीएम श्री हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हुसैनाबाद आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। उद्घाटन के बाद छात्राओं द्वारा अपनी पारंपरिक संस्कृति, जीवनशैली और आदिवासी धरोहर को प्रस्तुत करते हुए विविध प्रकार के प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने धान काटने का हसुआ, तीर-धनुष, मिट्टी के बर्तन, बांस से बने दौरा, मछली पकड़ने की बंसी और जाल, ढोल, कांसे के लोटे, सूप, कुदाल सहित अनेक परंपरागत कृषि और घरेलू उपकरण प्रस्तुत किए। इन वस्तुओं के माध्यम से न केवल ग्रामीण जीवन की झलक मिली, बल्कि छात्राओं की रचनात्मकता और पारंपरिक ज्ञान के प्रति रुचि भी सामने आई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संथाली और नागपुरी नृत्य की विशेष प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, छात्राओं ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित कहानियों, फोटोग्राफ्स, नाटक और कला-संस्कृति से जुड़े मॉडल्स के माध्यम से उनके जीवन दर्शन और संघर्ष को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्राएं अपनी जड़ों से जुड़ती हैं और अपने इतिहास व संस्कृति को जानने की प्रेरणा पाती हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि विद्यालय का प्रयास है कि बालिकाओं में आत्मविश्वास के साथ-साथ सांस्कृतिक पहचान भी विकसित हो। इस कार्यक्रम में शिक्षिकाओं, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के लोगों की भी उपस्थिति रही। यह आयोजन छात्राओं के लिए सीखने और अपनी विरासत को जानने का महत्वपूर्ण अवसर बना। मौके पर वार्डेन किरण सिंह, शिक्षिका सुष्मिता रानी, रागिनी कुमारी, अंशकालिक शिक्षिकाएं सुमन, शारदा, अर्शू, नीलम मेहता, सुमित्रा मौजूद थीं।

बच्चों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

नौडीहा। प्रखंड स्थित मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल में गुरुवार को थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बच्चों को डॉयल 112, सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति, पॉक्सो एक्ट व डायन बिसाही मुक्ति अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहत समाज को कुरीतियों से दूर करने का प्रयास प्रशासन द्वारा किया गया। उम्मीद है कि इसके माध्यम से समाज जागरूक व शसक्त बनेगा। साथ ही समाज में अपराधिक गतिविधियों में कमी आयेगी। मौके पर स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, आशिष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

वार्ड 9 में गंदगी की सूचना पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कराई साफ-सफाई

खबर का असर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड नौ में कूड़े कचरा की साफ सफाई नहीं होने से संबंधित 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में छपी खबर पर नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस के निर्देश पर उक्त वार्डों की सफाई कराई गई। और उसका शीघ्र समाधान करने के लिए जेई को निर्देश दिया हैं। मालूम हो कि उक्त वार्ड के लंबी गली,किला रोड मे साफ सफाई नहीं होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ था। वार्ड नौ के निवर्तमान पार्षद की उपस्थिति में सफाई कराई गई। साथ ही ठाकुर बाड़ी मंदिर के सामने खराब पड़े चापानल की मरम्मत कराकर चालू कराया गया। सड़क पर गंदगी से शहर के बाजार समेत अन्य मुहल्लों कई सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया था। समाचार पत्रों में छपी खबर के बाद उन्होंने वस्तुस्थिति से अवगत हुए और उसका समाधान कराया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्रों की सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की बात कही है।

ट्रैक्टर के धक्के से ग्रामीण घायल

हैदरनगर। प्रखंड के परता पंचायत के परता कोठी गांव निवासी 55 वर्षीय शमसुद्दीन अंसारी ट्रैक्टर के धक्के से गंभीर रुप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से इन्हें तत्काल अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र हैदरनगर भर्ती कराया गया है। जहां ऑन डयूटी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश रंजन ने प्रारंभिक इलाज के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित का एक पैर क्षतिग्रस्त के अलावे शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट है।

तय समय से पहले तेज बारिश का किसानों को है इंतजार

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। आइएमडी के अनुसार अगले तीन चार दिन में दक्षिण अरब सागर और दक्षिण बंगाल की खाड़ी के अधिकतर हिस्सों में मानसून आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हुई हैं। छत्तीसगढ़ में 15 मई तक आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ छिटपुट से लेकर मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है, जबकि मध्य प्रदेश में 16 मई तक बारिश होगी। उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 14 से 15 मई, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल में 14 मई और झारखंड में 15-16 मई को बारिश होने का अनुमान बताया गया है। केरल में 27 मई तक बारिश की संभावना है। आइएमडी इससे पहले ही मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान बताया है। उसने अल नीनो की स्थिति को खारिज कर भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम बारिश को जोड़ा है, जो भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून संजीवनी है। यह क्षेत्र 42 फीसदी आबादी को आजीविका प्रदान करने के अलावा और देश के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 18 फीसदी का योगदान देता है।इस बार मानसून जल्दी दस्तक देने के संकेत मिलने लगे हैं। मानसून बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग और निकोबार द्वीप समूह तक पहुंच गया है। तीन चार दिन में यह और आगे बढ़ सकता है। इसके 27 मई को केरल पहुंचने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इससे पहले कई राज्यों में बारिश हो सकती है। पिछले दो दिन में निकोबार द्वीप समूह में मध्यम से भारी बारिश हुई है। वहीं अगले तीन चार दिन में दक्षिण अरब सागर और दक्षिण बंगाल की खाड़ी के अधिकतर हिस्सों में मानसून आगे बढ़ने के लिए अनुकूल है। इन हिस्सों में ह्यआउटगोइंग लॉन्गवेव रेडिएशन कम हुआ है। जिससे बादल छाए रहने का संकेत है। ओएलआर पृथ्वी से निकलने वाली ऊर्जा का माप है। ये स्थितियां मानसून के जल्दी आने की ओर इशारा कर रही हैं। दक्षिण पश्चिम मानसून आमतौर पर एक जून को केरल में दस्तक देता है। अगर इस साल यह समय से पहले पहुंचता है तो 2009 के बाद पहली बार ऐसा होगा।

पति की खुदकुशी मामले में पत्नी गिरफ्तार दो साल बाद पुलिस ने की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में दो साल पुराने आत्महत्या के मामले में गुरुवार को पुलिस ने मृतक युवक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक ने शादी के एक साल बाद आत्महत्या कर ली थी। जांच में सामने आया है कि पत्नी के किसी अन्य युवक से अवैध संबंध थे, जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर पति ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। यह मामला मनातू थाना क्षेत्र के चक पंचायत अंतर्गत अदौरिया गांव का है। वर्ष 2022 में गुलशन कुमार भारती (25) की शादी हुई थी। 28 अप्रैल 2023 को उसका शव गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक जंगली इलाके में पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। शुरू में यह मामला आत्महत्या के रूप में दर्ज किया गया, लेकिन मृतक के पिता ने अपनी बहू पर साजिशन हत्या का आरोप लगाया था। पिता के आरोपों को आधार बनाकर पुलिस ने अनुसंधान जारी रखा। इसी कड़ी में गुरुवार को मनातू हाट बाजार से मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने किसी अन्य युवक से प्रेम संबंध होने की बात कबूल की। पुलिस का कहना है कि विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद होता था। घरेलू कलह और अवैध संबंधों से उपजी मानसिक पीड़ा ने गुलशन को आत्महत्या के लिए विवश कर दिया। मनातू थाना प्रभारी ने बताया कि सारे तथ्यों और सबूतों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि युवक की खुदकुशी के पीछे पत्नी की भूमिका रही। आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। गांव में इस गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है और ग्रामीणों ने इस मामले में निष्पक्ष न्याय की उम्मीद जताई है।

शादी के एक साल भीतर युवक ने लगाई थी फांसी, अवैध संबंध को लेकर रहता था परेशान

एक नजर

स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया

छतरपुर। थाना परिसर में कमलबास पालिका उच्च विद्यालय के बच्चियों द्वारा सड़क सुरक्षा, दहेज प्रथा, नशाखोरी, डायन प्रथा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही 112 नंबर टोल फ्री की जानकारी दी गई। एसआई राहुल कुमार ने बताया कि लोग बेहिचक थाना आए और जो भी समस्या हो बतायें ताकि समस्या का निपटारा किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने छोटे बच्चों को घर में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास में नहीं रहना चाहिए। मौके पर सुशील उरांव ,अशोक तोपो, परमानंद पाल, रामदयाल महतो मधुबाला सिंह अंजन सिंह ,अनुरागिनी सिंह, दीपक कुमार, गुंजा कुमारी, विकास तिवारी सहित दर्जनों छात्राएं उपस्थित थे।

पंचायत में पानी की समस्या दूर करने को लेकर कृत संकल्पित हूं : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। भीषण गर्मी में पंचायत स्तर पर कई मुहल्ला व टोला में पानी की मांग बढ़ी है उसे हर हाल में पूरा करने को लेकर संकल्पित हू। उक्त बातें नेउरा पंचायत के मुखिया जमीला बीवी ने कही। वह गुरुवार को पंचायत अंतर्गत फरीदा मुहल्ला में अपने निजी खर्चे से टैंकर द्वारा पानी उपलब्ध करने के मौके पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि पंचायत के कई मुहल्ला व टोला में भूमिगत जलस्तर नीचे हो जाने के कारण चापानल व जल स्त्रोत सूख गए हैं। इस कारण टोला वासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। एक मुखिया होने के नाते पानी की समस्या से निजात दिलाने को लेकर उन्हें जो भी कार्य करना होगा वह करेंगे,लेकिन अपने पंचायत वासियों को पानी की समस्या नहीं होने देंगी। उन्होंने लोगों को वादा किया कि इस भीषण गर्मी में जब तक सभी जल स्त्रोत सुचारू रूप से कार्य नहीं करने लगेगा तब तक वह टैंकर द्वारा पानी उपलब्ध कराते रहेंगी। मौके पर मुखिया पति सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आले हसन अंसारी ने कहा कि उनका सारा जीवन लोगों की समस्याओं को दूर करने में लगा है। वह आने वाले वक्त में भी पंचायत की समस्याओं का समाधान को लेकर तात्पर्य रहेंगे। मौके पर वार्ड सदस्य फिरोज अंसारी, रवि आलम अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, अब्दुल रऊफ सहित काफी संख्या में मुहल्ले वासी उपस्थित थे।

सहार विहरा में श्रीराम कथा वाचक होंगे गोरखपुर के बैकुंठ नाथ स्वामी

मोहम्मदगंज। कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत सहार विहरा गांव में 23 मई को शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 20 मई से पूजा-पाठ और अनुष्ठान शुरू होगा। जबकि संध्याकाल में श्रद्धालू भक्तों को रात्रि 9 बजे तक नियमित रूप से श्रीराम कथा का श्रवण कराया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए धर्म और खेल प्रेमी कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि श्रीराम कथा का श्रवण गोरखपुर (उतरप्रदेश) के रामकथा वाचक श्री बैकुण्ठ नाथ स्वामी के मुखारविंद से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव में नवनिर्मित शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 19 मई को जलयात्रा निकाली जाएगी। जबकि 23 मई को मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पश्चात 24 मई को भंडारा और भजन संध्या साथ इसकी पूर्णाहूति होगी। संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम सनातन धर्मावलंबियों के पूज्य गुरुदेव त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में सभी ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

उत्तर कोयल मुख्य नहर के लाइनिंग का काम तय समय पर पूरा होने के आसार नहीं

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। भीम बराज से निकली उत्तर कोयल मुख्य नहर के लाइनिंग का काम 6 साल में भी पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। जीरो से 103 आरडी तक इस कार्य को जून माह में पूरा करने का डेडलाइन तय किया गया था। बताया जाता है कि फिलहाल, बलडीहरी गांव के पास काम चल रहा है। इस कार्य के धीमी गति से चलने की वजह से चालू कार्यकारी मौसम में ज्यादा से ज्यादा कोसीआरा पुल तक इसे पूरा किए जाने की उम्मीद जताई गई है। नवंबर माह में ही इस कार्य को लेकर मुख्य नहर का जल-प्रवाह बंद कर दिया गया था। इससे संपूर्ण क्षेत्र में समय पर पानी नहीं मिल पाने से लगातार तीसरे सीजन में रबी फसल की बुवाई नहीं करने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि इस साल भी तय समय पर काम पूरा नहीं होने की स्थिति में आगामी रबी सीजन पर पानी मिलना मुश्किल लगता है।

पूर्व विधायक ने घटिया निर्माण पर उठाया था सवाल

वर्ष 2019 में कार्य प्रारंभ हुआ था, तब पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने घटिया किस्म के निर्माण का मामला उजागर किया था। इस पर जब संबंधित अभियंताओं ने इसकी जांच की तो, इसी बीच अचानक इस कार्य को बंद कर दिया गया। बाद में मूल कंस्ट्रक्शन कंपनी वेबकोस और इस कार्य को करा रही पेटी कांट्रेक्टर केसीपीएल के बीच पैसे के लेन-देन के विवाद का मामला पुलिस तक पहुंच गया। बाद में सुलह भी हो गया। इसके बाद भी काम में विलंब और विवाद को देखते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर 13 अगस्त 2023 को भीम बराज के कंट्रोल रूम में पलामू, औरंगाबाद व चतरा के सांसदों ने अभियंताओं व निर्माण कंपनी के साथ बैठक में अब तक कराए गए कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए जल्द काम पूरा करने की हिदायत दी थी। तब कंपनियों ने जून 2025 तक कार्य पूर्ण का वादा किया था। मगर, इसकी उम्मीद नजर नहीं आती है।

न्यूज बॉक्स

11 वीं की परीक्षा का पहली बार सेंटर बना प्लस टू उवि हैदरनगर

हुसैनाबाद। पहली बार प्लस टू उवि हैदरनगर को 11 वीं की परीक्षा का सेंटर बनाया गया है। इससे उत्क्रमित प्लस टू उवि मोहम्मदगंज व उत्क्रमित प्लस टू उवि पांती के विद्यार्थी व अभिभावक काफी खुश हैं। हुसैनाबाद के उत्क्रमित प्लस टू उवि संढ़ा के परीक्षार्थियों व अभिभावकों में खासी नाराजगी है। 20 मई से परीक्षा आयोजित है। उन्होंने बताया कि उत्क्रमित प्लस टू उवि संढा से प्लस टू उवि हैदरनगर की दूरी करीब 20 किलोमीटर है। आने जाने का भी कोई साधन नहीं है। इस भीषण गर्मी और लू में परीक्षार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही निजी वाहन की व्यवस्था कर परीक्षा देने जाना पड़ेगा। जिससे हुसैनाबाद क्षेत्र के अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। उन्होंने प्लस टू उवि संढा के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र हुसैनाबाद के किसी विद्यालय में ही कराने की मांग डीसी पलामू व स्थानीय विधायक से की है।

मैट्रिक रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

हुसैनाबाद। सीबीएसई द्वारा जारी 10 वीं के रिजल्ट में शहर के बून पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष भी सभी परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापिका बबिता सिंह व सीईओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष 40 परीक्षार्थी शामिल हुये थे। सभी उतीर्ण रहे। प्रत्यूष उपाध्याय 92%अंक अर्जित कर विद्यालय टॉपर रहे। जबकि पियूष चंद्रवंशी- 89.2%, साक्षी कुमारी 83%, स्वीटी कुमारी 83%, आयुष चंद्रवंशी 82.6,तेजस कुमार 82%, साक्षी कुमारी 81.4%, विशाल 81%,शशिकांत राज एवं रौशन कुमार सिंह 80% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत छात्रों ने 70 से 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक मयंक भूषण सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों, बच्चों व अभिभावकों के सहयोग से यह संभव हुआ है। उन्होंने छात्रों को अपने रुचि के अनुरूप कैरियर का चुनाव करने की सलाह दी। इस अवसर पर बच्चों का मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी।

छायावाद के स्तंभ थे सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, नवजागरण का दिया संदेश : विजयकांत

नावाबाजार। रेहला स्थित संत तुलसीदास महाविद्यालय के सभागार में गुरुवार को हिंदी विभाग की ओर से एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य केके चौबे व संचालन हिंदी विभाग के प्रोफेसर राकेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। मुख्य अतिथि हिंदी प्रवक्ता विजयकांत शुक्ला व विशिष्ट अतिथि के तौर पर दीप राम कुमार आमंत्रित थे। संगोष्ठी का विषय सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का छायावाद में योगदान विषय पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार दिए। बतौर मुख्य अतिथि हिंदी प्रवक्ता विजय कांत शुक्ला ने कहा कि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' छायावादी युग के एक महान कवि थे, जिन्होंने अपनी कविताओं में प्रेम, सौंदर्य, प्रकृति और व्यक्तिगत भावनाओं का सुंदर चित्रण किया है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की कविता में छायावाद के विशिष्ट लक्षण दिखाई देते हैं। उनकी कविताएं छायावादी युग के प्रमुख लक्षणों को दशार्ती हैं और आज भी पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। प्राचार्य केके चौबे ने कहा कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला युगांतकारी कवि थे। मुक्तछंद के प्रवर्तक निराला ने काव्य को नवीनता प्रदान की। वे छायावादी,रहस्यवादी होने के साथ प्रगतिवादी व पूंजीवाद के विरोधी भी हैं।कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम मिश्रा, शबनम निशा, डॉ सुनील यादव, संतोष शुक्ला, जितेंद्र पाठक, मधु ओझा, दिलीप चौबे, अमित कुमार, गुंजन पासवान, आशीष पांडेय, दिनेश शाह, सुधीर यादव, रामेश्वर राम सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

पलामू डेंटल केयर का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। शहर के बक्शी हाई स्कूल के समीप गुरुवार को पलामू डेंटल केयर का उद्घाटन डॉ. गया प्रसाद ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. गया प्रसाद ने कहा कि जपला शहर में सुसज्जित व सुविधाओं से लैस डेंटल क्लीनिक का होना अति आवश्यक था। शहर में सुसज्जित व सभी सुविधाओं से लैस डेंटल क्लीनिक का शुभारंभ होने से अब दांत से संबंधित रोगों के लिए मरीजों को अन्य शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें कम खर्च में सारी सुविधाओं का लाभ इस क्लीनिक में मिल जायेगी। डॉ. पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि क्लीनिक में आरवीजी कंप्यूटराइज एक्सरे मशीन, मरीजों की आरसीटी से लेकर युवी चैंबर की सुविधा, इंट्रा ओरल इमेजिन मशीन के द्वारा दांत, मुख संबंधी रोगों की जांच से लेकर तमाम तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई है। इस अवसर पर अजय कुमार,महेंद्र प्रसाद , अखलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

अबुआ आवास निर्माण में बालू की किल्लत बनी परेशानी

20 मई तक आवास निर्माण कार्य फाइनल करने की नोटिस ने बढ़ाई चिंता

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रखंड क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 534 अबुआ आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। बताया जाता है कि बालू की किल्लत आवास निर्माण कार्य को पूरा करने में राह का रोड़ा बन गया है। ऐसी स्थिति में समयानुसार निर्माण कार्य की प्रगति नहीं होने की वजह से किस्त वार इस मद में राशि का भुगतान नहीं मिल पाने से लाभुक परेशान बताए जाते हैं। बताया जाता है कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 417 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया। जबकि 117 पात्रता पूरी कर चुके 117 लाभुकों को अभी भी इसका इंतजार है। जिन 417 लाभुकों ने निर्माण कार्य शुरू किया, उनमें मात्र 106 को ही दूसरी किस्त का भुगतान मिला है। 200 अधिक लाभूक नींव तैयार कर लिया है। इसके बावजूद प्रथम किस्त का भुगतान नहीं होने और बालू की किल्लत की वजह से असहाय बने है।

शहर में भीषण गर्मी का प्रकोप, पारा 43.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

मेदिनीनगर। जिले में गर्मी का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को तापमान ने सीजन का एक और ऊंचा स्तर छूते हुए अधिकतम 43.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह की आर्द्रता 57 प्रतिशत और शाम की आर्द्रता 29 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे हवा में नमी की मात्रा भी काफी कम रही। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार शाम 5:30 बजे तक जिले में कहीं भी वर्षा नहीं हुई, जिससे लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिल सकी। भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा देखा गया। जरूरी कामों से ही लोग घरों से बाहर निकले। शहर के बाजारों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी लोगों की संख्या कम देखी गई। गर्म हवाओं और लू के कारण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक घर से बाहर नहीं निकलने, हल्के और सूती वस्त्र पहनने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी और लू से डिहाइड्रेशन, सिरदर्द और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास में चार आरोपी गिरफ्तार

- पांकी में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 24 घंटे में आरोपियों को दबोचा, बाइक भी जब्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से जबरदस्ती छेड़खानी व दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। 13 मई को पीड़िता की मौसी द्वारा दिए गए लिखित आवेदन पर पांकी थाना में कांड संख्या 62/2025 के तहत चार अज्ञात युवकों के विरुद्ध BNS-2023, पॉक्सो एक्ट व SC/ST एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज के मार्गदर्शन और पांकी अंचल की पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल गठित किया गया। टीम ने 24 घंटे के भीतर सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में दाऊद इब्राहिम उर्फ दाउद अंसारी, मो. आसिफ सदाब उर्फ लडन, आरिफ अंसारी और नेजाम अंसारी शामिल हैं, जो सभी पांकी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान चारों ने अपराध में संलिप्तता स्वीकार की। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

छापामारी दल में पू.नि. पूनम टोपो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पू.अ.नि. संतोष गिरि व श्याम भगत सहित क्यूआरटी के जवान शामिल थे।

पांकी में मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के नौडिहा गांव निवासी श्रवण कुमार गुप्ता की मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पांकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। मामले में पांकी थाना कांड संख्या 61/2025, बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

पुलिस अधीक्षक और लेस्लीगंज एसडीपीओ के निर्देश पर पांकी अंचल की पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। रामजानकी मंदिर, पांकी के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों की पहचान हुई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की बात स्वीकार की।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल : ताराचंद कुमार उर्फ मिथुन कुमार, जमशेद आलम उर्फ सिनू आलम का नाम शामिल है।

पुलिस के अनुसार ताराचंद कुमार पर पहले से दर्ज हैं कई मामले जिसमें पांकी और लेस्लीगंज थानों में चोरी के कुल 5 मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने इस मामले में : चोरी गई 2 मोटरसाइकिल बरामद किया है। घटनास्थल के सीसीटीवी में दिख रही अभियुक्त की पीली टी-शर्ट बरामद किया है।

छापेमारी दल में शामिल अधिकारी : पू.नि. पूनम टोपो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, पू.अ.नि. संतोष गिरि, श्याम भगत, आरक्षक आशीष कुमार यादव, पांकी थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।<पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

आंबेडकर पार्क पहुंचीं भाजपा नेत्री स्मिता, कहा- साफ़-सुथरा पार्क, जागरूक समाज की पहचान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री स्मिता ने शुक्रवार की सुबह मेदिनीनगर स्थित अंबेडकर पार्क का भ्रमण किया। उनके आगमन पर पार्क में मौजूद लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत और अभिनंदन किया। भ्रमण के दौरान स्मिता ने पार्क में उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह पार्क नागरिकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसे पूरी तरह जनता की सेवा के लिए समर्पित किया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे पार्क को केवल मनोरंजन स्थल ही नहीं, बल्कि एक साझा ज़िम्मेदारी के रूप में देखें। स्मिता ने लोगों को उस दौर की याद दिलाई जब यह स्थान गंदगी और दुर्गंध का प्रतीक बना हुआ था। उन्होंने कहा कि एक समय था जब यहां से गुजरना भी मुश्किल होता था। आज वही जगह नगरवासियों के लिए शुद्ध वायु और सुकून देने वाली जगह बन चुकी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस परिवर्तन को बनाए रखने में सहयोग दें। भाजपा नेत्री ने कहा कि पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए कई कार्य पहले ही पूरे किए जा चुके हैं और आगे भी कई महत्वपूर्ण पहल की जानी बाकी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं इस कार्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और सक्रिय हैं। साथ ही उन्होंने नागरिकों से यह आह्वान किया कि यह पार्क हमारी सामूहिक धरोहर है, इसकी स्वच्छता और देखभाल हमारा नैतिक कर्तव्य है।

इस अवसर पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, बबलू चावला, जग्गू पांडेय, युवा योग समिति के सदस्य समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। पार्क में नियमित योग करने वाले, सैर करने वाले और बच्चे-बुजुर्ग सभी इस सकारात्मक पहल से उत्साहित दिखाई दिए।

भारत के पराक्रम पर गर्व की तिरंगा यात्रा, गूंज उठा शहर

- सेना के साथ पूरा देश खड़ा है : विष्णु दयाल राम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पाकिस्तान की ओर से हाल में की गई उकसावे वाली कार्रवाई के जवाब में भारत द्वारा की गई सटीक और साहसी सैन्य कार्रवाई की खुशी में शुक्रवार को मेदिनीनगर की सड़कों पर देशभक्ति की एक जीवंत तस्वीर देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यह यात्रा साहित्य समाज चौक (भारत माता चौक) से शुरू होकर छ मुहान तक पहुंची, जहां देशप्रेम से सराबोर वातावरण में इसका समापन हुआ।

हर हाथ में तिरंगा, हर दिल में जोश

यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने भारी संख्या में भाग लिया। "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्", और "भारतीय सेना जिंदाबाद" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। देशभक्ति की इस लहर में तिरंगे की शान और भारत की आन एक साथ नजर आई। इस अवसर पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पाकिस्तान की कायराना हरकत का भारत ने जिस तरह निर्णायक जवाब दिया है, वह हर देशवासी के लिए गर्व की बात है। यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि संकल्प का संदेश है कि भारत अपनी एकता, अखंडता और सम्मान से कोई समझौता नहीं करता। सेना के शौर्य को देश का हर नागरिक सलाम करता है और जरूरत पड़ी तो हम सभी मोर्चे पर साथ खड़े हैं।

नेताओं की एकजुटता, जनसमर्थन का संदेश : तिरंगा में डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता, भाजपा नेता मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने सेना के साहस को नमन करते हुए भारत सरकार के निर्णय को राष्ट्रहित में सटीक करार दिया।

यात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रखने के लिए शहर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। यात्रा मार्ग पर ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत रही। यह तिरंगा यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं थी, बल्कि यह संदेश था, देश की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के लिए भारत का हर नागरिक एकजुट है। भारत की धरती पर किसी भी दुस्साहस का जवाब अब और अधिक संगठित, सशक्त और साहसी होगा।

महिला थाना पुलिस टीम ने छात्रों को किया जागरूक, सामाजिक कुरीतियों व साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

मेदिनीनगर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी एवं महिला थाना मेदिनीनगर की टीम द्वारा गुरुवार को राजकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), मेदिनीनगर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर जागरूक करना था। इस अवसर पर छात्रों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि इन नंबरों का कब और कैसे उपयोग करना है, यह जानना हर छात्र के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में 'गुड टच-बैड टच', नशापान के दुष्परिणाम, यौन शोषण से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा, जातिवाद, छुआछूत और डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ छात्रों को संवेदनशील किया गया। पुलिस टीम ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने और शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने भविष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

संत मरियम स्कूल की तीनों शाखाओं में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

- श्रेष्ठ प्रतिभागियों को चेयरमैन ने किया सम्मानित
- कौशल और नेतृत्व क्षमता को निखारती है भाषण प्रतियोगिता : अविनाश देव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल की मुख्य, पूर्वी और पश्चिमी शाखाओं में भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 'शिक्षा का महत्व' तथा सीनियर वर्ग के लिए 'सामंजस्यपूर्ण समाज के लिए विविधता को अपनाना' विषय निर्धारित किया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत करते हुए न केवल अपनी अभिव्यक्ति क्षमता को प्रकट किया, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपने विचार भी साझा किए।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विद्यालय में निरंतर आयोजित की जाने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बहुपरतीय प्रतिभा को उजागर करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि भाषण प्रतियोगिता न केवल वक्तृत्व कला को सँवारती है, बल्कि बच्चों के भीतर नेतृत्व क्षमता और तार्किक सोच को भी विकसित करती है।

इस कार्यक्रम में उप प्राचार्य एस. बी. साहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता, एकता सहाय समेत सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लिलिपुट स्कूल का समर कैम्प 19 मई से

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प के आयोजन को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि लिलिपुट स्कूल में लगातार 16 वर्षों से समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कैम्प 19 मई, सोमवार से शुरू होकर 30 मई तक चलेगा। इसमें 2.5 वर्ष से ऊपर के बच्चों को दो ग्रुपों में विभाजित कर शामिल किया जाएगा। प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि बड़े शहरों की तर्ज पर अब मेदिनीनगर के बच्चे भी गर्मी की छुट्टियों में समर कैम्प का भरपूर आनंद उठा सकेंगे। यहां बच्चों को कुछ नया सीखने के साथ-साथ मनोरंजन और मस्ती का पूरा माहौल मिलेगा। इस वर्ष के कैम्प में डांस, स्केटिंग, फन गेम्स, वाटर फन, आर्ट एंड क्राफ्ट, मॉकटेल्स, प्रैंक, रैंप वॉक, डंडा चलाना, पार्टी, फिल्म, गेम्स कार्निवल, मैकेनिकल वर्क, प्लंबर वर्क और क्विज प्रतियोगिता जैसी अनेक गतिविधियां शामिल की गई हैं। कैम्प का मुख्य आकर्षण ट्रेजर हंट रहेगा। प्राचार्या ने यह भी बताया कि महिलाओं के लिए अलग से डांस क्लास की व्यवस्था की गई है। स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया कि बच्चों को लाने और ले जाने के लिए वाहन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

शांतिकुलम विद्यापीठ में नई पहल का हुआ शुभारंभ, शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी ज़ोर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय में मंगलवार को "पनशाला" का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम की पहली महापौर अरुणा शंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे, निदेशक सतीश कुमार अग्रवाल सहित विद्यालय परिवार के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत राहगीरों को गमछा भेंट कर, शीतल जल और अल्पाहार देकर की गई, जो भारतीय अतिथि सत्कार परंपरा का प्रतीक रहा। मुख्य अतिथि अरुणा शंकर ने कहा कि पनशाला केवल पानी पिलाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और शिक्षा के मूल भावों को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि "जब तक शिक्षा के साथ संस्कार नहीं होंगे, तब तक राष्ट्र निर्माण अधूरा रहेगा। यह पहल नई पीढ़ी को उनकी जड़ों से जोड़ेगी।" एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि तकनीक के युग में पनशाला जैसी पहल समाज को नैतिकता और संस्कृति से जोड़े रखने का कार्य कर रही है।

अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने इसे शिक्षा के मूल उद्देश्य – चरित्र निर्माण – की पुनःस्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल ने कहा कि शांतिकुलम परिवार का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और आत्मिक विकास की शिक्षा देना है। पनशाला विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाएगी।

समारोह में अतिथियों को अंगवस्त्र और मिट्टी से बनी वाटर बॉटल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के कई सदस्य, शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र दुबे ने किया।

शहरी जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर टास्क फोर्स सक्रिय

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के शहरी जल स्रोतों के संरक्षण को लेकर गठित टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने की। बैठक में जल स्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण से मुक्त करने हेतु कार्य योजना तैयार कर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल स्रोतों की भूमि एवं आसपास की सरकारी भूमि पर पाए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही जल स्रोतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रवाह को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने वन विभाग की ओर से नदी-तालाब किनारे खाली भूमि पर पौधरोपण की दिशा में आवश्यक पहल का आश्वासन दिया।बैठक की शुरुआत में मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त सह प्रशासक जावेद हुसैन ने सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कोयल नदी के किनारे अतिक्रमण हटाने, नाले का गंदा पानी नदी में गिरने से रोकने और इसके लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने आगामी 15 दिनों के भीतर झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत चिन्हित नदी क्षेत्रों में सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश भी दिया।उन्होंने बताया कि बड़ा तालाब व अम्बेडकर पार्क को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जलकुंभी हटवाई जाएगी। मछली पालन एवं देखरेख की जिम्मेदारी मत्स्य सहयोग समिति को सौंपी गई है। नावाटोली तालाब क्षेत्र को मत्स्य विक्रेताओं एवं स्थानीय लोगों से अतिक्रमण मुक्त कराने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इसके साथ ही वेंडर मार्केट निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है।झरना तालाब, समदा आहर और गुरियाही तालाब जैसे जल स्रोतों के सौंदर्यीकरण और गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इन जल स्रोतों में वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ प्रदूषण रोकने के प्रयास किए जाएंगे।बैठक में विश्रामपुर, हुसैनाबाद, छतरपुर नगर परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों के जल स्रोतों को भी अतिक्रमणमुक्त कर सौंदर्यीकरण करने पर सहमति बनी। संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अतिक्रमणमुक्त क्षेत्रों का सीमांकन कर चारदीवारी निर्माण कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सदर, छतरपुर, हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, चैनपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज के अंचल अधिकारी एवं संबंधित नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

सुखदेवा शिव मंदिर का 12वां स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के पोलपोल पंचायत अंतर्गत चामा गांव स्थित सुखदेवा शिव मंदिर का 12वां स्थापना दिवस पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर के संस्थापक, समाजसेवी एवं जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने अपने पूरे परिवार के साथ विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्रीरामचरितमानस के संपूर्ण पाठ का भी आयोजन किया गया।

संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2013 में मंदिर की स्थापना की गई थी और तब से प्रत्येक वर्ष इस दिन को विशेष धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है। शुक्रवार को रुद्राभिषेक और इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति है और आज जो कुछ भी मैं हूं, वह भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही संभव हुआ है। क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए मैं सदैव भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा करना हर धर्मप्रेमी व्यक्ति का कर्तव्य है। कलयुग में भगवान का नाम स्मरण और राम नाम संकीर्तन ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। वाद्य यंत्रों की धुन और भक्ति गीतों से सुबह से ही पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। श्रद्धालुओं की भीड़ और उनकी आस्था देखते ही बन रही थी। इस मौके पर संजय कुमार सिंह के साथ उनके पिता लक्ष्मण सिंह, मां प्रमिला देवी, राजकुमारी देवी, सुनैना देवी, प्रियंका देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, सुखदेव सिंह, प्रभुनाथ राम, विवेक कुमार सिंह, संजय प्रजापति, उपेंद्र सिंह, नंदलाल सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे और सभी ने सामूहिक रूप से भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।

पेयजल संकट से निपटने के लिए टैंकर से होगी आपूर्ति

- नगर निगम ने कोटेशन मंगवाकर की तैयारी, प्रभावित वार्डों में नियमित आपूर्ति का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। गर्मियों में गहराते पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम ने वार्डों में टैंकर के माध्यम से पानी आपूर्ति की योजना बनाई है। निगम क्षेत्र के बैरिया, निमिया, सुदना, आबादगंज, हमीदगंज पहाड़ी मोहल्ला समेत अन्य वार्डों में पानी की कमी की समस्या सामने आ रही है। ऐसे में लोगों को प्राइवेट टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा था।

नगर निगम ने निर्णय लिया है कि इन प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी के टैंकर भेजे जाएंगे ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में निगम द्वारा 17 मई तक विभिन्न ट्रैक्टर मालिकों से कोटेशन मांगा गया है। टैंकर चालकों की व्यवस्था संबंधित मालिकों को करनी होगी और भुगतान प्रतिदिन की दर पर नगर निगम द्वारा किया जाएगा। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार टैंकरों की संख्या तय की जाएगी। पानी का वितरण सुबह से लेकर देर शाम तक किया जाएगा और जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में गर्मियों के दौरान बड़े पैमाने पर टैंकर से जल वितरण किया जाता रहा है। हालांकि इस बार अब तक स्थिति उतनी विकट नहीं हुई है, फिर भी निगम ने समय रहते तैयारियां शुरू कर दी हैं। शादी व अन्य समारोहों के लिए लोग निजी टैंकरों का उपयोग कर रहे हैं।

एक नजर

दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

मझिआंव। थाना थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग दो गांव के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर पूर्व के दो आरोपी को अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव निवासी जियाउल हक पिता रुस्तम खलीफा, खरसोता गांव निवासी प्रभु राम पिता राम केश्वर राम को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

पुलिस ने चार आरोपियों को भेजा जेल

भवनाथपुर। समकालीन अभियान के तहत भवनाथपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान पुलिस ने बुधवार की रात्रि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राम प्रताप भुइंया कैलान, संजय पासवान बुका , अनिल पासवान झगड़ा खांड, शिवपूजन राम लंगड़ी बुका। ये सभी आरोपी विभिन्न आपराधिक मामलों में शामिल थे और काफी समय से पुलिस की नजर से बचते फिर रहे थे। अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने बताया कि समकालीन अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखना और फरार आरोपियों को पकड़कर न्यायालय में प्रस्तुत करना है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी तरह के आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस छापेमारी अभियान में एसआई दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, एएसआई उपेंद्र राम और पुलिस आरक्षी शामिल थे।

लावारिस मोटरसाइकिल बरामद

रमना। रमना-सोनेहारा मुख्य मार्ग पर समाप्त हो चुके फुलवारी बगीचा के पास सड़क किनारे जर्जर हालत में गुरुवार को मोटर साइकिल लावारिस हालत में बरामद किया गया है। लावारिस मोटरसाइकिल का कोई भी दावेदार नहीं आने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद थाना प्रभारी ने एएसआई वीरेंद्र कुमार को उक्त स्थल पर भेजा। एएसआई वीरेंद्र कुमार ने जांच पड़ताल कर मोटरसाइकिल थाना परिसर ले गयी। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल लेने अभी तक कोई भी व्यक्ति नहीं आया है।

प्रशासनिक टीम ने कनहर नदी के तटीय इलाके का किया निरीक्षण

एसडीओ ने प्रतिबंधित घाटों से बालू खनन व उठाव प्रतिबंध रखने की दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। कनहर नदी में लिबरा घाट पर बालू के अवैध खनन को रोकने गए छत्तीसगढ़ पुलिसकर्मी की कुचल कर की गई हत्या के बाद गढ़वा जिला प्रशासन भी एक्टिव मोड में है। डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर गुरुवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, डीएमओ राजेन्द्र उरांव, धुरकी सीओ जुल्फिकार अली, थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार एवं फॉरेस्टर प्रमोद यादव ने कनहर नदी के तटीय इलाके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने अधीनस्थ अधिकारियों को

प्रतिबंधित घाटों से बालू का खनन और उठाव पूर्णत प्रतिबंध रखने की हिदायत दी। उपरोक्त अधिकारियों की उपस्थिति में कनहर नदी में झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा का सीमांकन हुआ। जानकारी के मुताबिक डीएमओ, सीओ और फॉरेस्टर से ज्वाइंट रिपोर्ट मांगी गयी है। तीनों ज्वाइंट रिपोर्ट डीसी को सौंपेंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पुलिस कर्मी की हत्या के बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से छत्तीसगढ़ पुलिस लगातार श्री बंशीधर नगर अनुमंडल, धुरकी, सगमा, नगर ऊंटारी, भवनाथपुर, रमना और विशुनपुरा में बालू तस्करों के विरुद्ध छापामारी कर रही है। बालू तस्करी में वर्षों से संलिप्त दर्जनों लोग छत्तीसगढ़ पुलिस के रडार पर हैं। स्थानीय पुलिस छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन को देखते हुए कई तस्करों ने इलाके को छोड़ दिया है। बताया जाता है कि कई तस्करों ने दूसरे राज्यों में शरण ली है।

मारपीट में पूर्व उप प्रमुख घायल

रंका। प्रखंड के गोदरमाना में जमीन विवाद के बाद मारपीट में प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख हिंदू देवी घायल गई है। उन्होंने थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है। प्रखंड के पूर्व के उपप्रमुख पति रामसेवक यादव ने बताया कि बुधवार की रात उनके बगल के रून्जय सोनी का पूरा परिवार एक गुट बनाकर उनके घर का घोरान तोड़कर घर में प्रवेश कर घर का सीढ़ी क्षतिग्रस्त कर दिया। दीवार भी तोड़ कर गिरा दिया। उन लोगों द्वारा घर में आग लगाने की तैयारी की जा रही थी। उन्होंने पास के टीओपी में फोन के माध्यम से सूचना दी। पुलिस के आने के बाद लोग शांत हुए। उन लोगों ने पत्नी हिंदू देवी को मार कर घायल कर दिया।

न्यूज बॉक्स

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

श्री बंशीधर नगर। जेईपीसी के निर्देश पर प्रखंड संसाधन केंद्र के विभिन्न विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ बीपीओ तहमीना परवीन, वार्डेन रंजू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। बीपीओ तहमीना परवीन ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी विद्यालयों में 13 से 16 मई तक चलेगा। इस शिविर में छात्राओं को खेल के माध्यम से सोचने,सीखने,बनाने व उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह चार दिवसीय शिविर छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने में सहायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस शिविर का पूरा लाभ बच्चों को मिलेगा। मौके पर वार्डेन रंजू कुमारी सहित सभी शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित थे।

बीआरसी में चंदन कुमार ने दिया योगदान, प्रदीप शुक्ला हुए स्थानांतरित

खरौंधी। उपयुक्त गढ़वा के आदेशानुसार स्थानांतरित अकाउंटेंट चंदन कुमार ने गुरुवार को बीआरसी खरौंधी में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे श्री बंसीधर नगर बीआरसी में कार्यरत थे। उनके आगमन पर बीआरसी कार्यालय में शिक्षकों व कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।चंदन कुमार ने इस अवसर पर कहा कि वे पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सहयोग से कार्यों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न करना उनकी प्राथमिकता होगी।वहीं बीआरसी खरौंधी के पूर्व अकाउंटेंट प्रदीप कुमार शुक्ला का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से मझिआंव बीआरसी में कर दिया गया है। प्रदीप शुक्ला ने खरौंधी में लगभग आठ वर्षों तक सेवा दी। उनके कार्यकाल को शिक्षकों ने सराहा और कहा कि वे मृदुभाषी, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति रहे हैं। उनके कार्यों की पारदर्शिता व व्यवहार कुशलता को सभी ने याद किया।स्थानांतरण की सूचना के बाद शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बीपीएम नवीन प्रकाश, सीआरपी दिनेश कुमार दुबे, शिक्षक अमरेश कुमार राम, कामेश्वर प्रसाद सिंह, गोविंद उरांव, सतेंद्र दास, अरविंद साह, जितेंद्र सिंह, सुनील ठाकुर, मिथिलेश पाल, अरविंद दुबे, मोहम्मद जमालुद्दीन सहित कई शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे।इस अवसर पर माहौल भावुक भी रहा और साथ ही उत्साहपूर्ण भी, जहां एक ओर पुराने सहयोगी को विदाई दी गई, वहीं नए अकाउंटेंट का अभिनंदन किया गया।

महाराणा प्रताप चौक सौंदर्यीकरण व प्रतिमा स्थापना की मांग

मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आनंद पेट्रोल पंप के समीप स्थित ऐतिहासिक महाराणा प्रताप चौक के समुचित सौंदर्यीकरण व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना की मांग को लेकर अभिमन्यु सिंह,राजन सिंह,छोटू सिंह,राजन बिंद,अनिकेत सिंह ने कार्यपालक पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में नागरिकों ने अवगत कराया कि यह चौक कई वर्षों से उपेक्षित अवस्था में है। इसका स्वरूप खराब हो गया है। यह स्थिति न केवल नगर की शोभा को प्रभावित कर रही है, बल्कि महाराणा प्रताप जैसे महान राष्ट्रनायक के गौरव को भी ठेस पहुंचा रही है। विश्वास माजन ने कहा कि यह मांग मझिआंव प्रखंड के जनसामान्य की भावना से जुड़ी हुई है और प्रशासन को इसे प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेना चाहिए। हस्ताक्षर युक्त आवेदन में विजय सिंह,सुदामा सिंह, उपेंद्र सिंह, मथुरा प्रसाद, कन्हाई कमलापुरी, पवन कुमार, अशोक सिंह, संजय सिंह, मुकेश सिंह सहित चार दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

प्रतिबंधित दवा के साथ दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता

मेराल। एसपी दीपक कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मेराल पुलिस ने थाना के पास हाइवे पर चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिबंध दवा के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में धर्मेंद्र सिंह पिता अदरू सिंह, पलामू जिला के नौडीहा बाजार अंतर्गत शाहपुर गांव निवासी, दया शंभू राम पिता नंदलाल राम पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर का रहने वाला है। थाना प्रभारी विष्णु कांत से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबंधित दवा ले जा रहे कार के साथ दवा सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि श्री बंशीधर नगर के तरफ से कार में दवा लोड कर गुमला जिला के जया जा रहा था। जाने के क्रम में गुप्त सूचना के

आधार पर दोनों को पकड़ा गया है। जब्त कार से प्रतिबंध दवा में कफ सिरप 120 बोतल का 12 बॉक्स में 1430 बोतल जब्त किया गया है। 18 बॉक्स में 2152 पीस टैबलेट है। इस मामले में थाना मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज करने कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता: विधायक

नवीन मेल संवाददाता

मझिआंव। प्रखंड के गांव मोरबे में जिला परिषद द्वारा क्रियान्वित योजना के तहत कराए जाने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य की क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह द्वारा पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। अस्पताल निर्माण के कार्य के बारे में संवेदक ददन प्रसाद सिंह ने कहा कि यह अस्पताल एक करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था के तहत चापानल लगेगा। उन्होंने कहा कि मझिआंव, बरडीहा व कांडी प्रखंड के जितने भी चेक डैम अधूरा है। उस चेक डैम को बरसात से पहले कार्य कराने के लिए लोगों को भरोसा दिलाया। पीडीएस दुकानदारों को समय से राशन वितरण करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अगर शिकायत मिलेगा और पब्लिक को परेशान किया जाएगा तो उन चिन्हित पीडीएस दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगा। उन्होंने कहा कि अगर बार-बार अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा गरीबों को कार्यालय में बार-बार दौड़ाने से बाज नहीं आते हैं, तो वह स्वयं घूमाना शुरू करेंगे। जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वह अपेक्षा करते हैं कि यहां पर नियमित रूप से डॉक्टर और कर्मी बैठें। मंच संचालन बीडीसी प्रतिनिधि सह समाजसेवी मदन मोहन प्रसाद ने किया। मौके पर शंकर सिंह, ददन प्रसाद सिंह, गुड्डू पाठक, राम जी राम शंभू राम, सलीम राय, छोटन सिंह, सत्येंद्र सिंह, बृजमोहन प्रसाद, राजू सिंह, धर्मेंद्र कुमार रवि, ध्रुव प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, पप्पे ठाकुर, उदल राम, अजय राम, विजय राम सहित अन्य मौजूद थे।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, अपने हाथों से वितरित किए स्कूल बैग

एसडीएम ने दुलदुलवा मध्य विद्यालय जाकर बच्चों को पढ़ाया

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को मध्य विद्यालय दुलदुलवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति, ड्रॉप आउट की स्थिति, आधारभूत साधनों की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी लेते हुए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में ईमानदारी से काम करने तथा नियमित कक्षायें चलाने का निदेश दिया। सदर एसडीएम संजय कुमार के साथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रम्भा चौबे और विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे। इस दौरान एसडीएम ने कक्षा आठवीं और कक्षा सातवीं के बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाते हुए अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने कक्षा आठवीं और सातवीं के बच्चों को एक साथ बैठकर शराब के दुष्प्रभाव विषय पर निबंध लिखने को कहा गया। सभी बच्चों ने 100 शब्दों के अंदर शराब और अन्य नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लिखा। सर्वश्रेष्ठ दो निबंधों को नकद राशि देकर एसडीम ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

गांव की साक्षरता दर बढ़ाने की जरूरत

वर्ष 2011 के जनगणना आंकड़ों के अनुसार 2011 में दुलदुलवा गांव में कुल 910 परिवार थे, लगभग 5000 की तत्कालीन जनसंख्या की साक्षरता दर 61.80 प्रतिशत है। जो कि राज्य की साक्षरता दर यानि 66.41 प्रतिशत से पांच प्रतिशत कम है। गांव की महिला साक्षरता लगभग 50% हैं। जानकारी के अनुसार अब तक गांव के ज्यादातर परिवार अवैध देशी शराब निर्माण में लगे रहे हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा में बिल्कुल प्रभाव पड़ा है, विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अब शराब निर्माण के कारोबार में रोक लगने से प्रभावी रोक लगने से यहां की साक्षरता दर बेहतर होने की उम्मीद है। एसडीओ ने न केवल प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को बल्कि गांव के अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दें। इस दौरान प्रधानाध्यापक के अलावा पूनम श्री, अनिल कुमार तिवारी, आर्यन कुमार, अखिलेश्वर पाठक, बलराम पाठक, सुरेंद्र राम, श्रवण कुमार, मूर्ति कश्यप आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में युवक घायल

कांडी। गढ़वा-मझिआंव मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह दलेली गांव के पास एक सड़क हादसा में थाना क्षेत्र के चोका गांव निवासी 30 वर्षीय सुखाड़ी कुमार मेहता पिता सरजू मेहता की मौके पर ही मौत हो गई। कांडी थाना के बलियारी पंचायत के बरवाडीह निवासी 45 वर्षीय अजय मेहता पिता स्वर्गिय रामपति मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों एक ही बाइक से नारायणपुर में रहने वाली सुखारी की बहन से मिलने जा रहे थे। बता दें कि बहन के शादी के कुछ ही दिन बाद भाई की मौत ने परिवार को तोड़ दिया है। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि जब बाइक सवार दोनों युवक दलेली गांव के पास पहुंचे। उस दौरान सड़क के किनारे खड़े एक पुराने पेड़ से अचानक मोटी सी टहनी टूट कर बाइक पर जा गिरी। टहनी के गिरते ही बाइक असंतुलित होकर फिसली और सीधे पास की पेड़ से टकराते हुए पुलिया से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुखाडी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अजय बुरी तरह से घायल हो गया। घटना की खबर मिलते ही परिवार के साथ पूरे चोका गांव में मातम का माहौल बन गया है। मौके पर पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष अमित कुमार दुबे ने मृतक के घर पहुंच कर मृतक के परिवार वालों को ढांढस बंधाया।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(चोरी की गई महिन्द्रा ट्रैक्टर 275–TU रंग–लाल)

मेराल थाना कांड सं0–10/2025 दिनांक–23.01.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गई महिन्द्रा ट्रैक्टर 275–TU (रंग–लाल) जिसका इंजन नं0–PRD2EAN1940 एवं चेचिस नं0– MBNABAEXKRRD15917 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 352435 (Police)25-26*D

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप शुरू

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में चार दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। समर कैंप का उद्घाटन प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा व कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय के सभागार में प्राचार्य के पहुंचते ही शिक्षक अनिल द्विवेदी, शिक्षिका रंजना वर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य का स्वागत किया। संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडेय ने समर कैंप में होने वाले गतिविधियों की जानकारी व लाभ पर प्रकाश डाला। शिक्षिका बुलबुल कुमारी ने आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित सामग्रियों को लाने के लिए बच्चों को बताया। अनिल द्विवेदी ने कैंप के सभी नियमों परिधान, उपस्थिति, आवागमन की सुविधा आदि विषय को विस्तृत रूप से बताया। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने बच्चों से कहा कि यह गर्मी की छुट्टियां व्यर्थ समय गंवाने के लिए नहीं होती, बल्कि छुट्टियों में अपने किताबी ज्ञान से हटकर अपने जीवन में काम आने वाली चीजों को सीखने के लिए होती हैं। आप सभी इस काम से संगीत,नृत्य,पेंटिंग, योग आदि की शिक्षा लेकर अपने जीवन में कुछ बेहतर कर सकते हैं। मौके पर शिक्षक गणेश त्रिवेदी, वैभव कुमार,शशिबाला कुमारी, रंजना वर्मा,नेहा पांडे, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। प्रतिभागी बच्चे बच्चियों ने प्राचार्य को इस कैंप को आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

संचमित रूप से गाड़ी चलाने की अपील

कांडी। भाजपा नेता रामलला दुबे ने कहा कि आम-आवाम सड़क सुरक्षा के नियम का ख्याल रखते हुए संयमित गाड़ी चलाएं, जिससे दुर्घटना की जोखिम से बचा जा सके। उन्होंने खासकर युवाओं से आग्रह किया कि जीवन की कीमत अनमोल है। संयमित गाड़ी चलाएं, जिससे अपने भी बचें और दूसरों को भी बचाएं। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लगातार प्रशासन द्वारा प्रत्येक जिले के प्रत्येक प्रखंडों में हेलमेट के नाम पर, लाइसेंस के नाम पर व प्रदूषण के नाम पर वाहन जांच अभियान चलाया जाता है। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से समय-समय पर गलत लोगों के लिए जांच आवश्यक है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिला/बरवाडीह/महुआडॉड/चन्दवा,लातेहार
(Email Id- witilatehar2005@gmail.com)

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–639 एवं पत्रांक–640 दिनांक–07.05.2025 के आलोक में NCVT से मान्यता प्राप्त लातेहार जिला के **सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला/बरवाडीह/महुआडॉड/चन्दवा, लातेहार** के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (**https://iti.jharkhand.gov.in** Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:–**
क) वेल्डर, सीविंग टेक्नोलॉजी, व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।
ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

2. **महत्वपूर्ण तिथियाँ**

क्र0सं0	विवरणी	तिथि
1	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	20.05.2025
2	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि	13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3	औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे
4	औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि	17.06.2025 से 19.06.2025
5	अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	21.06.2025

Time Schedule for 1st Round of online Counseling

Sl No.	Activity	Date	
		Date	To
1	Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s)	24.06.2025	01.07.2025
2	Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter	04.07.2025	21.07.2025
3	Admission in the concerned ITI	04.07.2025	21.07.2025

Time Schedule for 2nd Round of online Counseling

Sl No.	Activity	Date	
		Date	To
1	Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s)	24.07.2025	30.07.2025
2	Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter	04.08.2025	14.08.2025
3	Admission in the concerned ITI	04.08.2025	14.08.2025

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (**https://iti.jharkhand.gov.in**) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
नोडल महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,लातेहार

PR 352447 Labour Employment and Traning(25-26).D

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।

आम सूचना

दीनदयाल अंतयोदय योजना – रास्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन (DAY-NULM) के तहत नगर पंचायत, लातेहार के क्षेत्र अंतर्गत निबंधित शहरी फुटपाथ विक्रेताओ एवं PM SVANidhi के तहत चयनित पथ विक्रेताओं को सुचित किया जाता हैं कि झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियम) नियमावली 2015 के तहत **टाउन वेडिंग समिति** के गठन हेतु 12 सदस्यों का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाना है। आरक्षण निम्न प्रकार से हैं :–

आरक्षित कोटि	पुरूष	महिला	कुल
अनारक्षित (General)	03	02	05
अनुसूचित जाति (Scheduled Caste)	01	00	01
अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribe)	03	02	05
आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (EWS)	01	00	01
पिछड़ा वर्ग–1 (Backward Category)	0	0	0
पिछड़ा वर्ग–2 (Backward Category)	0	0	0
कुल योगः–	08	04	12

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनिमयन) नियमावली 2015 के नियम संख्या 14 के अनुसूची 1 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में टाउन वेडिंग समिति के 12 सदस्यों के चुनाव हेतु प्रस्तावित समय रेखा (Time Line) :–

क्र0सं0	कार्यवाही	तिथि	समय
01	कार्यालय सूचना पट में आम सूचना का प्रकाशन	20.05.2025	कार्यालय अवधि
02	षहरी फुटपाथ विकेताओं की सूची कार्यालय सूचना पट में प्रदर्शित	20.05.2025	
03	नामांकन कार्य	5.06.2025	
04	नामांकन पत्रों की जॉच	5.06.2025	
05	अंतिम रूप से जॉच किये गये वैध नांमाकित पत्रों का घोषणा	06.06.2025	
06	नाम वापसी लेने का समय	06.06.2025	
07	अंतिम सूची का प्रकाशन	09.06.2025	
08	मतदान की तिथि	10.06.2025	
09	मतगणना की तिथि	10.06.2025	
10	चुनाव परिमाण की घोषणा एवं विजयी प्रमाण पत्र का वितरण	10.06.2025	
11	चुनाव परिमाण की अधिसूचना जारी करना	11.06.2025	
12	सरकार/विभाग को सूचित करना	13.06.2025	
	चुनाव स्थलः कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।		

नोटः–
1. नामांकन वापसी के तिथि पश्चात सिर्फ 01 उम्मीदवार रहने पर उसी दिन परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।
2. इच्छुक व्यक्ति को नामांकन दर्ज करने हेतु Executive Office Nagar Panchayat Latehar के नाम बैंक ड्राफ्ट/चैक या नगद 2000.00 (दो हजार) रू0 मात्र का कार्यालय में समर्पित करना होगा।
3. फुटपात विकेताओं की सूची एवं नियम शर्त कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट् पर देखी जा सकती है ।
4. **टाउन वेडिंग समिति** के सदस्यों के चुनाव को संचालित करने हेतु सहायक अभियंता ,नगर पंचायत लातेहार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 352430 (Urban Development) 25-26 (D)

नशा मुक्ति रैली में कई विद्यालय के छात्रों ने लिया हिस्सा

बालूमाथ। नशा मुक्ति भारत जागरूकता रैली अभियान ब्रह्माकुमारी सामाजिक संस्था के बैनर तले चलाया गया। इस जागरूकता रैली में संस्था के अलावे कई विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। सैकड़ों की संख्या में संस्था के लोग व स्कूली बच्चे हाथों में नशा मुक्ति भारत अभियान का बैनर लिए बालूमाथ मुख्यालय नगर भ्रमण की। इस दौरान नशा मुक्ति को लेकर कई नारे भी लगाए गए। इस जागरूकता रैली में आजा नींद से जागो कुंभकरण की झांकी भी प्रस्तुत किया गया। बता दे कि इससे पूर्व नशा मुक्ति को लेकर संस्था के सदस्यों ने विभिन्न स्कूल शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को जागरूक भी किया गया था। इस जागरूकता अभियान में संस्था के लोगों के साथ-साथ कई स्कूल के विद्यार्थी शिक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

जनवितरण प्रणाली में अनियिमतता बर्दाश्त नहीं : उप प्रमुख

चंदवा। खाद्यान्न वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें चंदवा उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने गुरुवार को प्रखंड परिसर में आयोजित बैठक पर कही। अश्विनी मिश्रा ने कहा कि आए दिन ग्रामीणों की शिकायत मिल रही थी कि कम अनाज दिया जा रहा है। इस समस्याओं का निराकरण के लिए हम सभी जुटे है। उपप्रमुख ने डीलरों को होने वाली परेशानियों से अवगत होते हुए समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि किसी की मनमानी नहीं चलेगी। किसी भी डीलर को दबाव में नहीं आना है। लाभुकों को उनका अनाज समय पर मिले सबकी जवाबदेही है। बीडीओ चन्दन प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि खाद्यान्न वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है। इससे अनियमितताओं को रोकने में मदद मिलेगी। इस महीने के अंत तक तीन माह मई,जून,जुलाई का राशन दे देना है, जबकि 15 जून तक अगस्त तक का राशन हर हाल में दे देना है। मौके पर कई डीलरों ने भी अपनी बातों और समस्याओं को रखा। कार्यक्रम का संचालन एमओ चन्दन कुमार कर रहे थे। मौके पर संगीता देवी,बलकु मुंडा,अशोक भुइयां,पुष्पा देवी, फूलजेन्सिया टोप्पो,अनिता भगत,ललिता देवी समेत कई जनप्रतिनिधि एवं डीलर मौजूद थे।

जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए केंद्र सरकार को भेजे गए प्रस्ताव पर मिली स्वीकृति

लातेहार। प्रखंड के नरेशगढ़ व कोने गांव में मनिका प्रखंड के रेवतखुर्द गांव,गारू प्रखंड के हेनार, बरवाडीह प्रखंड के हेन्देहास गांव सहित पूरे जिले के 5 स्थानों पर मल्टीपर्पस सर्विस सेन्टर की स्थापना को केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। यह केन्द्र प्रधानमंत्री न्याय व मान योजना के तहत खोले जाएंगे। जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने इसका प्रस्ताव केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय को भेजा था। इन केन्द्रों में एक ही छत के नीचे शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और शासन से जुड़ी सेवाएं मिलेंगी। इसका उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाना और मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रत्येक केन्द्र में डिजिटल सुविधा, चिकित्सा सहायता, प्रशिक्षण केन्द्र, ग्राम सभा हॉल और सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ देने के लिए काउंटर बनाया जाएगा। इन केन्द्रों का आधारभूत ढांचा स्थानीय जनजातीय समुदाय की भागीदारी से तैयार होगा। आई०टी०डी०ए० परियोजना निदेशक, प्रवीण कुमार गागराई ने कहा कि मल्टीपर्पस सेंटर जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक बदलाव लांएगे।

बिजली विभाग की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

महुआडांड़। प्रखंड क्षेत्र में उमस भरी गर्मी के बीच प्रखंड क्षेत्र में बिजली संकट गहराता जा रहा है। बार-बार पावर कट हो रहा है तो कहीं दो फेस बिजली मिल रही है। गांव के साथ शहरी के इलाके में भी बिजली संकट दिख रहा है। प्रखंड में पावर कट, लो वोल्टेज, रोटेशन आधारित बिजली सप्लाई की समस्या आ रही है। एक तरफ उमस भरी गर्मी परेशान कर रही है, तो दूसरी तरफ बिजली संकट भी शुरू हो गया है। प्रखंड में बिजली आपूर्ति में कटौती की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी इस गर्मी में बढ़ जाती है। प्रखंड के सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती इतनी बढ़ गई है कि दिन के साथ शाम होते ही बिजली गुल हो जाती है। गर्मी में बच्चे परिवार को लेकर घर में सोने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। दिन हो या रात और शहर हो या गांव बिजली कटने के साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा जब जानकारी लेने के लिए फोन किया जाता है तो बिजली विभाग के कर्मचारी के फोन नॉट रिचेबल आता है या फिर रिंग होने के बाद भी फोन नहीं उठता है। इस तरह अनियमित कटौती से पढ़ने वाले बच्चों को, कामकाजी लोगों को, दुकानदार को व अन्य मशीनरी कार्यों में लगे कामगारों मजदूरों के काम धंधे प्रभावित होने लगा है। साथ ही कभी दिन में चार घंटे विद्युत आपूर्ति बंद हो जाता है। रात में भी इतना कटौती की जाती है कि ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से बिजली समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। उत्थान समिति के लोगों ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा एक सप्ताह के अंदर समाधान नहीं हुआ तो पिछले साल की तरह इस साल भी अगले सप्ताह आंदोलन की जाएगी।

उपायुक्त ने ली लंबित योजनाओं की जानकारी, जल्द निष्पादन का निर्देश

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया। उपायुक्त ने मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक सहित अन्य परियोजनाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द कार्रवाई कर निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के बाद मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी,अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी अंचल अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी ,कोल कंपनियों के अधिकारी ,प्रतिनिधि, आदि उपस्थित थे।

रूपाली राज व प्रशांत गुप्ता बने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के टॉपर

लातेहार। झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा कक्षा 9 बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार धर्मपुर स्थित सत्र 2024 से 25 में विद्यालय से कुल 103 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। उनमें सभी छात्र छात्राएं सफलतापूर्वक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि इस वर्ष छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कुल 103 छात्रों में 25 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया, जबकि शेष 78 विद्यार्थियों ने तीन व चार विषयों में ए प्लस ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । इस परीक्षा में रूपाली राज ,रोशनी गुप्ता, परी कुमारी, साक्षी कुमारी, खुशी कुमारी ,शिप्रा कुमारी ,प्रशांत गुप्ता, अनमोल राज ,अंकित यादव एवं आसिफ राजा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय में टॉप 10 में अपना स्थान बनाया । 7 बहन और 5 भैया कूल 12 छात्रों का प्रतिशत 90% से ऊपर रहा एवं शेष 91 भैया बहनों का प्रतिशत 75 से 90% के बीच रहा। इन छात्रों ने न सिर्फ अच्छे अंक प्राप्त किए , बल्कि पूरे विद्यालय एवं अपने अभिभावकों को गर्व महसूस कराया। विद्यालय में इस सफलता को लेकर आचार्य व अभिभावकों के बीच खुशी की लहर है।

दिनदहाड़े गोली चालन से दहशत, कोई हताहत नहीं

- **लेवी को लेकर राहुल सिंह गैंग द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है : थाना प्रभारी**

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास बन रहे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के स्थल पर दिन दहाड़े तीन बजे अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो लोग आए और गोलीबारी करते हुए नावागढ़ की ओर वापस फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि गोली चली है, लेकिन खोखा बरामद नहीं किया गया है। उन्होंने संभावना जताई है की लेवी को लेकर राहुल सिंह गैंग द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस गोलीबारी से कोई हताहत नहीं हुआ है। लोगों में किसी तरह की कोई डर का माहौल नहीं है। स्थानीय दुकानदार जिस तरह से व्यवसाय कर रहे थे। वह करते रहे। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा घेराबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। मालूम हो कि एमसीपी कंपनी द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। निर्माण कार्य स्थल में गोली बारी चलने के बाद मजदूर व संवेदकों में दहशत का माहौल है।

आदिम जनजाति मरीज को एंबुलेंस तक खाट से पहुंचाया, अस्पताल में मौत

नवीन मेल संवददाता

चंदवा। प्रखंड के कामता पंचायत के ग्राम चटुआग निवासी डोमन परहिया की तबीयत दो दिन से खराब चल रही थी। इस बात की जानकारी स्वास्थ्य सहिया के पति नेमा परहिया ने पंचायत समिति सदस्य अयुब खान को फोन पर दी। सूचना मिलते ही अयुब खान ने 108 एंबुलेंस के लिए फोन किया। उन्होंने बताया कि चंदवा सीएचसी से ही एंबुलेंस उपलब्ध करा दिया गया था। एंबुलेंस जब बीमार मरीज डोमन परहिया को लाने के लिए निकला तो आधे घंटे तक रेलवे क्रॉसिंग जाम पर फंस रहा। फाटक खुला तो एंबुलेंस सड़क के आभाव में परहिया टोला नहीं पहुंच सका। एंबुलेंस कालीकरण सड़क पर ही खड़ी रही। गांव में लोगों को जुटाकर खटिया की व्यवस्था की गई। फिर डोमन को खाट पर लाया गया। ग्रामीण नेमा परहिया,सनिका मुंडा,बीनोद परहिया,लालजीत परहिया,सुलेंद्र परहिया,बिफईया परहिया,महेंद्र परहिया व अन्य ने कंधा मे उठाकर करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर मरीज को एंबुलेंस तक पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि डोमन की स्थिति धीरे धीरे काफी गंभीर हो रही थी, अस्पताल ले जाने के क्रम में एंबुलेंस पुनः करीब 15 से 20 मीनट तक रेलवे फाटक में फंसा रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के बाद डाक्टर तरुण जोस लकड़ा के ने जांच के बाद डोमन परहिया को मृत घोषित कर दिया गया।

भू-राजस्व, दाखिल-खारिज,भूमि सीमांकन की समीक्षा, ससमय कार्यों का निष्पादन का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण व राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में जिले के नगर पंचायत क्षेत्र व विभिन्न अंचलों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। भू लगान, निबंधन, दाखिल खारीज, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, भूमि सीमांकन की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लातेहार, मनिका, बरियातू, बालूमाथ अंचल में लंबे समय से लंबित पार्टीशन म्यूटेशन मामलों को लेकर संबंधित अंचल अधिकारियों पर फाइन करने का निर्देश दिया। इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज मामलों के समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। भू अर्जन अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि का नामांतरण की समीक्षा के क्रम में जिएम लैंड को चिन्हित कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया गया।

लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने दायित्वों का पालन नहीं करता है तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का ससमय प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।इस बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेंगे बीएलओ

लातेहार। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर नई दिल्ली में 19-20 मई को आयोजित प्रशिक्षण में लातेहार जिला से सम्मिलित होने वाले 18 बीएलओ, मास्टर ट्रेनर,वॉलंटियर्स व अन्य सदस्यों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। उपायुक्त द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियें को बताया गया की झारखंड के 14 जिला के निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कर्मियों को इस प्रशिक्षण में भाग लेने का मौका मिला है, जिसमें आप सभी भी है। इस प्रशिक्षण का सदुपयोग कीजिये व वापस आकर अन्य लोगों को भी प्रशिक्षण प्रदान कीजिए।

विद्यालय मरम्मत में अनियमितता का आरोप

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रेंची में मरम्मती कार्य में अनियमितता का मामला सामने आया है। विभागीय उदासीनता और संवेदक की मनमानी से शिक्षा व्यवस्था की नींव ही कमजोर होती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि चार लाख रुपये की लागत से भवन की मरम्मती कराई जा रही है, लेकिन कार्य में न तो तकनीकी मानकों का ध्यान रखा गया है और न ही पारदर्शिता का। ग्रामीणों के अनुसार इस विद्यालय में करीब 70 परिवारों के बच्चे अध्ययनरत हैं और वर्तमान में वर्ग एक से पांच तक कुल 34 छात्र-छात्राएं पठन-पाठन कर रहे हैं। ऐसे में मानकों को ताक पर रख कर किया गया यह निर्माण भविष्य में जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सरिया और चिपिंग के की गई ढलाई कभी भी गिर सकती है, जिससे बच्चों की जान को खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी संवेदक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करें। मुखिया इस संबंध में मुखिया राजीव भगत ने कहा कि ग्रामीणों से विद्यालय भवन मरम्मती की जानकारी मिली है। जल्द ही संवेदक और विभागीय अधिकारियों से मिलकर स्थिति की समीक्षा करेंगे। वह मामले को उपायुक्त के समक्ष भी उठाएंगे। भवन निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर कृष्णा कुमार ने बताया कि यह मरम्मती कार्य जेएपीसी के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसकी लागत तीन लाख से अधिक है।

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

–: FMD टीकाकरण अभियान Round 5 Phase 1 एवं LSD टीकाकरण 2025–26 का सफल कार्यान्वयन :–

पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित करना है कि पशुओं में होने वाले मुँहपका एवं खुरपका रोग एवं चर्म रोग से निजाद पाने हेतु दिनांक 19.05.2025 से पलामू जिला के सभी ग्रामों में FMD टीकाकरण अभियान Round 5 Phase 1 एवं LSD टीकाकरण 2025–26 निःशुल्क प्रारम्भ हो रही है। जिसके सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अनिवार्य है।

अतः सभी पशुपालक बंधु से अनुरोध है कि दिनांक 19.05.2025 से प्रारम्भ हो रही टीकाकरण का लाभ लेने हेतु संबंधित प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से संम्पर्क कर अपने पशुओं को टीका लगवाकर इस रोग से मुक्त रखना चाहेंगे।

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी,पलामू

PR 352520 Animal Husbandry(25-26).D

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING). KUTCHERY CHOWK, RANCHI -834001

S.A. No. 34 of 2025

BETWEEN

DR. KAUSHAL LAL SAHAGAL .....APPLICANTS

Vs

AUTH. OFFICER, PUNJAB NATIONAL BANK, PALAMU & OTHERS .....RESPONDENTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

SR NO	RESPONDENTS	ADDRESSS
1.	VIVEK KUMAR SINGH S/O SRI RANA PRATAP SINGH	R/O VILLAGE – DIPWA, P.O. & P.S.- GARHWA, DIST.- GARHWA 822114
2.	ARVIND KUMAR TIWARI S/O SRI SATYA NARAYAN TIWARI	R/O WARD NO. 6, DIPWA, VILLAGE – PIPRAKALA, P.S.- GARHWA, DIST.- GARHWA

Whereas, the Applicant has instituted an application u/s 17 of the SARFAESI Act, 2002 against the Respondents.

The above mentioned Respondent(s) is/are therefore directed to **appear before the Registrar** in person or through an advocate or duly authorized agent, in support of his/their defence to show-cause on **29th May, 2025** at **10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter.

Take notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **21st day of April, 2025.**

REGISTRAR

कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा लातेहार जिला के पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्रीय योजना LH&DCP अन्तर्गत FMD (foot and mouth disease) एवं LSD (lumpy skin disease) टीकाकरण कार्यक्रम एक साथ दिनांक– 19.05.2025 से 18.07.2025 तक चलाया जाना है। इस कार्यक्रम अन्तर्गत पशुपालकों के घर–घर जाकर खुरहा–मुँहपका (FMD) रोग की रोकथाम हेतु सुयोग्य गौ जाति एवं भैंस जाति के पशुओं को FMD का निःशुल्क टीकाकरण एवं गाँठदार त्वचा रोग (LSD) की रोकथाम हेतु केवल गौ जाति के सुयोग्य पशुओं को LSD का निःशुल्क टीकाकरण किया जाना है।

टीकाकरण के पूर्व सभी गौ वंशीय एवं भैंस प्रजाति के पशुओं को 12 अंको के (UID) टैग से चिन्हितीकरण करते हुए Bharat Pashudhan App में निबंधित किया जाना है। टीकाकरण के पश्चात् टीकाकरण की भी इंट्री Bharat Pashudhan App में किया जाना है।

सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने–अपने आधार नं0 एवं मोबाईल नं0 आदि इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्राधिकृत टीकाकर्मियों को उपलब्ध कराकर अपने पशुओं का पंजीकरण (टैगिंग) एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें एवं इस कार्य में विभाग को सहयोग करें।

जिले के सभी मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला परिशद्, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को अपने–अपने क्षेत्र में बृहत प्रचार–प्रसार कर पशुओं का टैगिंग एवं टीकाकरण के लिए पशुपालकों को प्रेरित करें।

नोट :– अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशुचिकित्सा पदाधिकारियों से संपर्क करें।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 352571 (Animal Husbandry)25-26*D

न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस

दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 48/2023–24

1. बिपुल शुक्ला पिता–स्व0 केश्वर शुक्ला ग्राम+पो0–सिंगरा खुर्द, थाना– मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड। + 2

– प्रथम पक्ष

बनाम

1. बिरेन्द्र शुक्ला पिता–स्व0 जुगेश्वर शुक्ला,
2. प्रभात कुमार पिता–स्व0 राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला,
3. रष्मि प्रभा पति–राकेश शुक्ला

सभी ग्राम+पो0–सिंगरा खुर्द,थाना–मेदिनीनगर, पलामू झारखण्ड।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है उपरोक्त वाद में में अगली तिथि दिनांक 16.05.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 352526 District(25-26).D

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

नाशपाती फल नीलामी सूचना।

वर्ष–2025–26

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट परिसर के नाशपाती बागान में लगे फलों को तोड़ने की नीलामी दिनांक–30.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे, पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य महोदय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष परिचारी प्रवर उमेश कुमार उराँव एवं सदस्यों के समक्ष प्रशासनिक भवन के कन्फ्रेन्स हॉल में किया जायेगा, जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक–29.05.2025 को शाम 05:00 बजे तक कार्यावधि में, सील बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

क्रम	बागानों का नाम	वृक्षों की संख्या	न्यूनतम बोली की प्रारंभिक राशि	जमानत की राशि
1	2	3	4	5
1.	बागान "ए" (CLI आवास के सामने)	305	9,82,500.00 (नौ लाख बयासी हजार पाँच सौ)रूपये (तीनों बगान मिलाकर)	50,000 (पचास हजार)/रू0
2.	बागान "बी" (मैग्जीन सुरक्षा गार्ड क्षेत्र)	66		
3.	बागान "सी" (नाला के उस पार पूर्वी भाग)	191		
	कुल वृक्षों की संख्या	562		

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यावधि में जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में नाशपाती फल निलामी हेतु गठित कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से अनुमति प्राप्त कर फल बागान देख सकते है।

फलों को तोड़ने की नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार है :–

1 बागानों के सामने अंकित जमानत की राशि "पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट" के पदनाम से चेक या कैश के रूप में भुगतान/देय होगा, जो नीलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल निविदा दाता (अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति) की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रख ली जायेगी और अन्य असफल व्यक्तियों की जमानत राशि नीलामी के समाप्ती के पश्चात वापस कर दी जायेगी।

2 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड/आधार कार्ड, नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप से प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे।

3 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधित सत्यता के लिए शपथ–पत्र मूल रूप से नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।

4 अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक–30.05.2025 को फलों की नीलामी का एकरारनामा करना होगा तथा अधिकतम नीलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि तीन दिनों के अंदर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के लेखा शाखा में जमा करना होगा (जमानत की राशि उसमें सामंजित की जायेगी) ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ नीलामी करने के लिए समिति को अधिकार सुरक्षित रहेगा।

5 फल तोड़ने के पूर्व नीलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।

6 सफल निविदा दाता (अधिकतम बोली वाले व्यक्ति) को फलों की देख–भाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वयं होगा जो समिति के कार्यो के अनुरूप कार्य का संपादन करेंगे।

7 फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षतिग्रस्त ना होने पाये, यदि क्षति हुई तो नीलामी लेने वाले व्यक्ति से पेड़ की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा।

8 संस्थान के हित में यदि नीलामी का राशि समिति द्वारा निर्धारित दर से कम आता है तो अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्णय लिया जाएगी।

9 समिति को यह अधिकार होगा की बिना कारण बताये नीलामी कि शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते है।

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट।

PR 352558 Police(25-26)D

न्यूज बॉक्स

भारतीय सेना के सम्मान में निकलेगी तिरंगा यात्रा

लोहरदगा। भारतीय सेना के सम्मान में दिनांक 16 मई 2025, शुक्रवार को सुबह 7:30 बजे से अग्रसेन भवन से पावरगंज चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। आयोजनकर्ताओं ने सभी देशप्रेमियों से इस यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इसकी जानकारी सचिन कुमार साहू, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष धर्मराज महतो ने दी। धर्मराज महतो ने सैनिकों के परिजनों से अपील की है कि वे इस यात्रा में शामिल होकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाएं।

बिजली चोरी के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

भंडरा । थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमानो पंचायत के बेदाल गांव में अवैध बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जिशान के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बेदाल गांव के छह लोगों के घरों में अवैध बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया है जिस पर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा भंडरा थाना में टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए जुर्माना की राशि लगाया है। अवैध रुप से बिजली चोरी करने, मीटर से बाईपास कनेक्शन लेने तथा कनेक्शन रहने के बावजूद एलटी से अलग फेज लेकर अवैद्य तरीके से बिजली जलाने वालों में दिनेश्वर साहू, देवगन साहू, लक्ष्मण साहू, सत्यनारायण साहू, उमेश महतो व मेघनाथ महतो के नाम शामिल है।

लोहरदगा जिला स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

लोहरदगा। शनिवार को लोहरदगा जिला का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। समाहरणालय मैदान लोहरदगा में सुबह 11 बजे से विकास मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही माननीय अतिथियों द्वारा विभागों के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात शाम को नया नगर भवन, लोहरदगा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिता (क्विज, पेंटिंग, स्पीच) का भी आयोजन किया जाएगा जिसके विजेताओं को कार्यक्रम के अंत मे सम्मानित भी किया जाएगा।इस वर्ष 10वीं (सीबीएसई) की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

भंडरा में राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत की जांच करने पहुंचे एसडीओ

भंडरा । प्रखंड अंतर्गत भीठा जीवन फूल जन वितरण प्रणाली दुकान में कार्डधारियों के बीच राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत पर एसडीओ अमित कुमार ने दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ अमित कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी व प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता ने भीठा जीवन फूल जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण कर आवंटन पंजी, वितरण पंजी का जांच कर अनियमिता की जांच को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया है। इस दौरान एसडीओ को कार्डधारियों ने डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत की है। एसडीओ ने कहा कि राशन वितरण में जांच के क्रम में कार्डधारियों से अनियमितता की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसकी जांच की जा रही है। जांच के क्रम में कई अनियमितता सामने आई है। मामले को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता को जांच कर दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है। राशन वितरण में अनियमितता बरतने वालों पर कार्रवाई तय है।

बड़ा तालाब क्षेत्र के बकायेदार दुकानदारों की दुकानें नगर परिषद ने की सील



लोहरदगा। नगर परिषद लोहरदगा द्वारा बड़ा तालाब क्षेत्र में आवंटित दुकानों एवं भूखंडों के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पूर्व में तीन बार नोटिस दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने पर चार दुकानदारों की दुकानें आज सील कर दी गईं। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, लोहरदगा श्री आशुतोष एवं प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा मुक्ति कीडो के निर्देश पर नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं पुलिस बल की उपस्थिति रही। संबंधित दुकानदार जिन्हें सीलिंग की कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिसमे सुल्तान खान, मो. एहसान, मो. इरफान व सेराज अंसारी शामिल हैं। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी बकाया राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों पर ऐसी ही कठोर कार्रवाई की जाएगी।

वज्रपात से दो भैंसों की हुई मौत

भंडरा । भंडरा प्रखंड अन्तर्गत सोरंदा पतराटोली में गुरुवार को दोपहर हल्की बारिश के साथ हुई वज्रपात से दो दुधारू भैंसों की मौत हो गई। जबकि भैंस मालिक सुनील उरांव और एक अन्य भैंस घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक गांव के प्रदीप उरांव का बेटा और परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर थे और तीनों भैंस घर के बाहर बंधे थे। दोपहर में अचानक हल्की बूंदाबांदी के बीच हुई वज्रपात से दो भैंसों की मौत हो गई। सुनील उरांव के हाथ में वज्रपात का जोरदार झटका लगा। प्रारंभिक इलाज के तौर पर घर वालों ने उसके हाथ में गोबर लगा दिया। बाद में इसका इलाज सीएचसी में कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया सुमंती तिग्गा ने उसके घर जा कर मुआवजे का आश्वासन दिया। भैंसों के मौत से सुनील को एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

कृषि व संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि व संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कृषक पाठशाला के प्रगति से निदेशक, कृषि विभाग, झारखण्ड को अवगत कराने का निर्देश दिया गया। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा पशुधन विकास योजना अंतर्गत मुर्गी व सूकर शेड निर्माण में हो रहे विलंब के कारण से उपायुक्त को अवगत कराया गया। भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तालाब जीर्णोद्वार, पर्कोलेशन टैंक निर्माण और डीप बोरिंग की योजना में लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि से अवगत कराया। पर्कोलेशन टैंक में शेष रह गये लक्ष्य को सभी अंचल अधिकारियों के बीच कार्य आवंटित करने का निर्देश दिया गया। गव्य विकास विभाग द्वारा गाय की योजनाओं में उपलब्धि से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा कर निर्देश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

सरकारी ग्राउंड में बिना अनुमति काटे गए पेड़, सामाजिक विचार मंच ने किया विरोध

डीसी मुख्यालय के पास ऐसा हो रहा है तो जंगलों में क्या होता होगा : कंवलजीत

- **यह घटना न केवल वन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही को भी उजागर करती है।**

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले के समाहरणालय मैदान स्थित सरकारी परिसर में अवैध रूप से काटे गए लिप्टस (यूकेलिप्टस) के पेड़ों को लेकर सामाजिक विचार मंच ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। मंच के सदस्यों ने बुधवार को उपायुक्त लोहरदगा एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को समाहरणालय मैदान (डीसी ऑफिस के सामने) स्थित परिसर से करीब पांच लिप्टस के पेड़ काट दिए गए। जब मौके पर मौजूद लोगों ने कटाई कर रहे व्यक्ति से अनुमति पत्र दिखाने को कहा, तो उसने कोई वैध कागजात नहीं दिखाए और उल्टे जवाब में कहा – "जहां जाना है जाइए, शिकायत करते रहिए।" सामाजिक विचार मंच ने बताया कि इस घटना की मौखिक शिकायत उसी दिन लोहरदगा वन प्रमंडल कार्यालय में भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मंच के अनुसार यह घटना न केवल वन नियमों का उल्लंघन है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही को भी उजागर करती है। मंच के संयोजक कंवलजीत सिंह समेत अन्य ने सवाल उठाया कि जब जिला मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर बिना अनुमति पेड़ काटे जा सकते हैं, तो सुदूरवर्ती वन क्षेत्रों में वन संपदा की क्या स्थिति होगी, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। वर्षों से "लिप्टस बगान" के नाम से प्रसिद्ध यह मैदान अब धीरे-धीरे अपने हरे-भरे स्वरूप को खोता जा रहा है।

स्काउट एंड गाइड जीवन जीने की कला है : प्राचार्य जीपी झा

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त सह राज्य मुख्यालय आयुक्त गौतम लेनिन द्वारा त्रीदिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्काउट एंड गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की पूर्ण शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना है, जिससे कि वे एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी क्षमताओं के द्वारा स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योगदान कर सकें। विद्यार्थियों में इन्हीं गुणों के विकास हेतु स्काउट एंड गाइड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना से किया गया। तत्पश्चात झंडा गीत के साथ हॉर्स शू बनाकर झंडोत्तोलन किया गया ।

मातृ भारती का पुनर्गठन, रेशमी देवी सचिव व राखी देवी बनीं अध्यक्ष

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा में मातृ भारती की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। बैठक में मातृ भारती के पुनर्गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें श्रीमती राखी देवी को अध्यक्ष एवं रेशमी देवी को सचिव के रूप में सर्वसम्मति से चयनित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती शोभा देवी ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित माता सम्मेलन से महिलाओं को अपने विचार रखने का मंच मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए माताओं से प्राप्त सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होते हैं ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं०–02, गढ़वा

Corrigendum (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/ GARHWA/18/2024-25_RE(2nd Call), PR 352285 Rural Develo-pment (25-26)D द्वारा आमंत्रित निविदा के क्रमांक–02,03 एवं 05 में आंशिक संशोधन किया जता है :–

2. बेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–15.06.2025 के स्थान पर दिनांक–15.05.2025 तक पढ़ा जाय।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–15.06.2025 से दिनांक–22.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–15.05.2025 से दिनांक–22.05. 2025 5:00 बजे तक तक पढ़ा जाय।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–24.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय।

आमंत्रित निविदा के शेष सभी कंडिका यथावत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02,
गढ़वा।

PR.NO.352437 Rural Development(25-26):D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(बरामद अज्ञात मृत महिला के शव का फोटो)

केतार थाना (जिला–गढ़वा), झारखण्ड के द्वारा दिनांक 22.09.2024 को केतार थाना अंतर्गत ग्राम–गमहरिया स्थित सोन नदी के किनारे बालू पर पड़ा एक अज्ञात मृत महिला का शव बरामद किया गया था, जिसका शरीर पानी से गला एवं फुला हुआ था, तथा पूरा सिर कंकाल हो गया था तथा उसमें किड़ा भी लग हुआ था एवं शरीर के पेट का आधा भाग सड़ गया था। जिसकी उम्र करीब–25–35 वर्ष था। इस संबंध में केतार थाना कांड सं0–58/24 दिनांक–22.09.2024 धारा–103(1), 238, बी0एन0एस0 अंकित किया गया है। उक्त बरामद अज्ञात मृत महिला के शव की पहचान एवं इसके अभिभावक तथा अन्य संबंधी के बारे में पता लगाया गया परन्तु उक्त बरामद अज्ञात मृत महिला के शव के बारे में या इसके परिजन के बारे में अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त बरामद अज्ञात मृत महिला के शव का पहचान या इसके परिजन के बारे में किसी भी प्रकार कि लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :– उम्र करीब–25–35 वर्ष, लम्बाई करीब–160 से0मी0, पहनावा–उजला टि–सर्ट एवं निचे भूरा रंग का पैजामा(लैगीज), एवं दाहिने हांथ में एक कंगन एवं बायें हांथ में कलावा, तथा दोनों पैर में पायल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 352436 Police(25-26)D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

Sl. No.	NIT No.	Description of work	Cost of BOQ (Non refundable)	EMD
1.	93/PR/JUSNL/ 2025-26	Procurement of electrical materials for 220/132 kV GSS Bhagodih	Rs. 1476/- (including GST @ 18%)	Rs. 17500/-

1. Start date and time for sale of Tender Documents **17.05.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **09.06.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **09.06.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **10.06.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV Medininagar

PR 352530 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

e-Tender Cancellation Notice

e-NIT No. 334/PR/JUSNL/2024-25 for the work **"Repair & Maintenance of existing boundary wall (Road side) alongwith height raising at colony campus, Transmission Zone-IV, Medininagar"** is hereby cancelled due to unavoidable reasons.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR No. 345517

PR 352540 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस
दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 99/2023–24

1.विनोद यादव वो विनय यादव दोनो पिता– बालेशवर यादव, ग्राम– गरिहारा, पो0–द्वारिका, थाना–पांकी,जिला–पलामू।

– प्रथम पक्ष

बनाम

1.रामसुन्दर यादव पिता–स्व0 बउधा यादव
2.दयाल यादव पिता–स्व0 मनोहर यादव
3.देव नारायण यादव, पिता– सबुर यादव
4.अम्बिका यादव, पिता–भुनेश्वर यादव
5.सतारी यादव पिता–टैत यादव

सभी ग्राम–गरिहारा ,पो0–द्वारिका,थाना–पांकी,पलामू, झारखण्ड।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक– 02.03.2024 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 25.04.2024 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 26.06.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 352524 (District)25-26*D

न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस
दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 225/2022–23

1. गनौरी भुईंया,पिता–स्व0 कैल भुईंया,ग्राम–अदौरिया,पो0–चक,थाना–मनातू, जिला–पलामू, झारखण्ड।

– प्रथम पक्ष

बनाम

1 तेतर भुईंया,पिता स्व0 राम किशुन भुईंया
2 मुरती देवी पति–श्री विजय भुईंया
3 ललिता देवी पति–श्री सुरेश भुईंया
4 लातो देवी पति–स्व0 बिगन भुईया
5 कुंती देवी पति–श्री बाबुचंद भुईंया
6 समुंद्री देवी पति–श्री बुटा भुईंया
7 कैल भुईंया, पिता–श्री जोगन भुईंया
8 हिरामण भुईंया,पिता–स्व0 कैल भुईंया
9 बिरजु भुईंया, प्रमोद भुईंया,विनोद भुईंया सभी पिता–स्व0 बुधन भुईंया
सभी ग्राम–अदौरिया,पो0–चक,थाना–मनातू, जिला–पलामू,झारखण्ड।
10 पनवा देवी,पति–श्री मंगर भुईंया ग्राम–येगहारा पो0–कउरा,थाना–चतरा,जिला चतरा।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक– 30.11.2022 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 27.12.2022 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 26.06.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 352523 District(25-26)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,डालटनगंज
Office e-mail id- principalitidtg@gmail.com

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना

01 झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में निदेशालय, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड राँची के पत्रांक– 639 एवं पत्रांक–640, दिनांक– 07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय में नामांकन के लिए योग्य आवेदक से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी–स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन आवेदन–पत्र (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आमंत्रित किये जाते हैं।

02 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–
(क) वेल्डर, प्लम्बर एवं वायरमैन व्यवसाय के लिए आठवाँ उत्तीर्ण।
(ख) इलैक्ट्रीशियन, फीटर, टर्नर, मशीनिष्ट, शीट मेटल वर्कर, फाउन्ड्रीमैन, एवं कारपेन्टर व्यवसायों के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है।

03 महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

क्र0 सं0	विवरणी	तिथि
01	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	20.05.2025
02	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	13.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक
03	औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) को प्रकाशन	16.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक
04	औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि	17.06.2025 से 19.06.2025 तक
05	अन्तिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन	21.06.2025
	Time schedule for 1st Round of online counselling	
Sl no.	**activity**	**Date**
01	Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s)	24/06/2025 to 01/07/2025
02	Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter	04/07/2025 to 21/07/2025
03	Admission in the concerned ITI	04/07/2025 to 21/07/2025
	Time schedule for 2nd Round of online counselling	
Sl no.	**activity**	**Date**
01	Choice filling of Trade (s) and / or ITI (s)	24/07/2025 to 30/07/2025
02	Seat allotment and downloading provisional seat allotment letter	04/08/2025 to 14/08/2025
03	Admission in the concerned ITI	04/08/2025 to 14/08/2025

04 डी0जी0टी0 के पत्रांक– DGT-MIS011/1/2025-Oo DIR (TC) [71015],, दिनांक– 08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में नामांकन लेने वाले अभ्यार्थियों का वैध मोबाईल नंम्बर, ई–मेल ID एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 के पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।

05 नमांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

06 किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webprtal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0– 8252575749/9308058506/7717775369 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को झारखण्ड के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के download Section के Notification Tab में देखा/ download किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,डालटनगंज

PR 352517 District(25-26).D

गुमला स्थापना दिवस की तैयारी शुरू, उपायुक्त ने दिये निर्देश

सभी शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

आगामी 18 मई 2025 को गुमला स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। इस सिलसिले में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्थापना दिवस के विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिससे जनमानस में शहीदों के प्रति सम्मान की भावना और मजबूत हो। स्थापना दिवस के दिन समाहरणालय परिषद भवन में गुमला के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित परिचय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान गुमला की ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को समर्पित फोटो गैलरी का भी विमोचन किया जाएगा। साथ ही गुमला के सांख्यिकी आंकड़ों और इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा, ताकि जिले के समृद्ध इतिहास और विकास की जानकारी जनसामान्य तक पहुंच सके। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध व समर्पण के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, अविनाश पाठक, अलीना दास सहित कई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

अब "प्रशस्त" ऐप से होगी दिव्यांग बच्चों की सटीक पहचान

गुमला। अब दिव्यांग बच्चों की समय पर और सटीक पहचान तकनीक की मदद से संभव होगी। इसी उद्देश्य को लेकर गुमला जिले के 6 प्रखंडों – कामडरा, चैनपुर, गुमला, जारी, रायडीह एवं सिसई के 925 शिक्षकों को "प्रशस्त" ऐप आधारित एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री कविता खलखो के निर्देशन में डॉ. मीतू सिन्हा और संबंधित प्रखंडों के रिसोर्स शिक्षकों द्वारा संचालित किया गया। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य यह था कि शिक्षक तकनीकी रूप से दक्ष बनें और दिव्यांग विद्यार्थियों की पहचान की प्रक्रिया को सहज, वैज्ञानिक और सटीक बना सकें।

बिजली चोरी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

सिसई(गुमला)। विद्युत विभाग के द्वारा औचक छापेमारी के दौरान प्रखंड क्षेत्र के पांच लोगों पर अवैध बिजली चोरी करने को लेकर सहायक अभियंता हरि उरांव ने सिसई थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी दल गठित कर सिसई के डाड़हा, मेन रोड व भदौली क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पांच लोगों को अवैध हुकिंग व बाई पास कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। चोरी करते पकड़े गए लोगों में ड़ाडहा गांव के पिंकी देवी के घर पर अवैध हुकिंग किया पाया गया, उसके ऊपर 13107 रुपए, ड़ाडहा निवासी जगदीश साहु पर 10922 रुपए, ड़ाडहा निवासी अजय साहु पर 10922 रुपए, भदौली गांव निवासी अरकितानंद देवघरिया पर 34952 रुपए व भदौली की रंजनी देवी पर पहले से बकाया राशि 37267 रुपए और 21845 रुपए का किया गया।

आस्थाओं की आंच पर नंगे पांव भक्ति की डुबकी

धार्मिक परंपरा समाज में एकजुटता लाती है : मुखिया

नवीन मेल संवाददाता

भरनो (गुमला)। भरनो प्रखंड के बड़ा तुरिअम्बा गांव में दो दिवसीय मंडा पूजा का समापन धार्मिक श्रद्धा और परंपरा के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने फुलखुन्दी और झूलन अनुष्ठान में भाग लेकर शिव उपासना की। बीती रात फुलखुन्दी अनुष्ठान के दौरान भोक्ताओं ने धधकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। वहीं झूलन अनुष्ठान में क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ झूले में झूलकर भक्तों ने विशेष पूजा संपन्न की। पूरी रात छऊ नृत्य, जागरण और मेले का उल्लास देखते ही बना। मंडा पूजा कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव और मुखिया विनीता एक्का भी शामिल हुईं। उन्होंने श्रद्धालुओं को

मंडा पूजा की शुभकामनाएं दी और कहा कि यहां के लोग आस्था, परंपरा और भक्ति की मिसाल पेश कर रहे हैं। मुखिया विनीता एक्का ने कहा, "धधकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर भोक्ता भक्ति में डूब जाते हैं। यह धार्मिक परंपरा न सिर्फ विश्वास को मजबूत करती है, बल्कि समाज में एकजुटता भी लाती है।"
मंडा पूजा के इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में भोक्ता और श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा के साथ झूलन करते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में मुखिया विनीता एक्का, बिपिन उरांव, विनय उरांव, पारस नाथ उरांव, मनी देवी, मंटू तिर्की, राजकुमार उरांव, जुगल उरांव, प्रेम रंजन गोप, धीरज कुजूर, महेला दास गोस्वामी, महाबीर दास गोस्वामी, हरि महतो, राजेंद्र गोप सहित कई ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

न्यूज बॉक्स

मनीषा उरांव बनी स्कूल टॉपर

सिसई (गुमला)। झारखंड अधिविद् परिषद, रांची द्वारा कक्षा नौवीं का रिजल्ट प्रकाशित किया गया। प्रस्तावित कुडुख विद्यालय शिवनाथपुर सिसई के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किए । कक्षा नौवीं के मनीषा उरांव स्कूल टॉपर रही अपने परिवार और पुरे विद्यालय को गौरवान्वित की प्रस्तावित कुडुख विद्यालय शिवनाथपुर सिसई पिछले 17 वर्षों से शत-प्रतिशत रिजल्ट दे रहा है शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी भी दी जाती है , कक्षा नौवीं में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापक द्वारा मनोबल बढ़ाते हुए आगे भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दी गई एवं आदिवासी सहयोग समिति गुमला की ओर से शिक्षा समिति एवं छात्र

दो खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलने पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

सिसई (गुमला) । राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम में शामिल सिसई की दो खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलने पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर। बिरसा कॉलेज खूंटी में आयोजित राज्य स्तरीय जुनियर कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान डे-बोडिंग कबड्डी (बालिका) सेंटर सिसई की दो खिलाड़ियों सलोनी कुमारी और नेहा उरांव का चयन राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड की टीम के लिए हुआ था। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) द्वारा महाराष्ट्र में आयोजित 51 वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में गुमला की बेटियों ने कांस्य पदक हासिल किया। कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में झारखंड ने तेलंगाना को 29 अंको के बड़े अंतर से हराकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। पदक लेकर लौटने पर प्रखंड की दोनों बालिका खिलाड़ियों का संत तुलसीदास प्लस टू उच्च विद्यालय के कबड्डी मैदान में स्वागत किया गया। इस दौरान डे बोर्डिंग कबड्डी प्रशिक्षक बीरबल लोहरा, जिला कबड्डी संघ सचिव दीपक अधिकारी, अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, महावीर लोहरा, रेणु देवी, सहित अन्य खेल प्रेमियों ने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी।

ऑटो पलटने से पांच घायल, तीन गंभीर

गुमला। चैनपुर थाना क्षेत्र के छिछवानी के पास एक ऑटो पलटने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दीपाटोली से चैनपुर साप्ताहिक बाजार जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर छिछवानी के पास पलट गया। हादसे में चिंता लोहारानी, आशा बखला, अनीता बड़ा और शोषण टोप्पो सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल तीन महिलाओं—चिंता लोहारानी, आशा बखला और अनीता बड़ा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है। फिलहाल, सभी घायलों का इलाज जारी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड परिसर स्थित अनुमंडल पुस्तकालय में प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रखंड संसाधन केंद्र चैनपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्रीमती मेरी लकड़ा, प्रखंड संसाधन केंद्र बीपीओ श्री सतेंद्र प्रसाद और स्कूली बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य श्रीमती मेरी लकड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने बच्चों को खेल भावना के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रभात फेरी व सत्संग में उमड़ा जनसैलाब

गुमला। रायडीह के सुरसांग पंचायत अंतर्गत गिद्धखोता गांव में गुमला जिला संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में महर्षि मेही परमहंस जयंती श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत तड़के 3 बजे सामूहिक ध्यान से हुई, जिसके बाद भोर में 5 बजे विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। गिद्धखोता से शुरू हुई यह प्रभात फेरी कोटा, सुरसांग, बिरकेरा, मसरीबेड़ा, सालकाया और पूर्णा पानी होते हुए सत्संग स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान गगनभेदी नारों से क्षेत्र भक्तिमय और देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। प्रमुख संत कृष्णानंद बाबा ने सत्संग का संचालन करते हुए गुरु की महिमा पर गहन प्रवचन दिया।

भात खाने के दौरान गले में अटकने से हुई मासूम की हुई मौत

गुमला। गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तारा गुड्डू अंबाटोली गांव में चौथी कक्षा के छात्र की जान चली गई। 12 वर्षीय रामकुमार उरांव की मौत भात खाने के दौरान उसके गले में भात अटकने से हो गई। घटना बुधवार रात करीब 8:30 बजे की है। जब घर के सभी लोग खाना खा रहे थे, उसी दौरान रामकुमार भी भोजन कर रहा था। अचानक भात का गोला उसके गले में अटक गया। वह खांसते हुए आंगन की ओर भागा और उसकी सांसें रुकने लगीं। परिजनों ने पानी पिलाया, लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गई। गंभीर हालत में परिजन उसे रात 10 बजे निजी वाहन से सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। रामकुमार अंबा टोली सरकारी स्कूल में चौथी कक्षा का छात्र था। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

ग्रामीण ने दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए एसपी से की मांग

सिसई (गुमला)। थाना क्षेत्र के लकेया गांव निवासी चामू उरांव ने अपने भूमिहरी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा हटाने व जाति सुचक गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को गुमला एसपी को आवेदन देकर जमीन से अवैध कब्जा हटाने व दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में चामू उरांव ने कहा है कि लकेया के कुम्हार मोड़ पर स्थित नेशनल हाईवे रोड के किनारे पर मेरा 1.59 एकड़ भुईहरी जमीन है। जिस पर सिसई के मेन रोड निवासी इस्लाम अंसारी उर्फ टिंकू के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के नियत से मेरे जमीन पर पिलर खड़ा कर बाउंड्री कराया जा रहा है। मैं जब बाउंड्री का विरोध करने पहुंचा तो टिंकू अंसारी के द्वारा मुझे जाति सुचक गाली गलौज करते हुए मुझे उक्त जमीन से धक्का मारकर बाहर कर दिया और कहने लगा कि दुबारा इस जमीन पर कदम रखेगा रे कोल तो तुमको इसी जमीन पर मारके गाड़ देंगे। इस पर चामू उरांव ने अपने समाज के अगुआ लोगों को जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाज के लोगों ने बैठक कर चामु को उक्त घटना की जानकारी प्रशासन को देने, प्रशासन से जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा हटाने और आरोपी पर कानुनी कार्रवाई की मांग की है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी संपन्न

भरनो (गुमला)। सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो में गुरुवार को कक्षा द्वितीय से पंचम तक के भैया-बहनों के अभिभावकों के साथ एक सार्थक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय एवं अध्यक्ष बहालेन मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। गोष्ठी में बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और विद्यालय की भावी योजनाओं को लेकर गंभीर विचार-विमर्श हुआ।

पीवीटीजी परिवारों को मिला नया संबल

आलू उत्पादन और चिप्स निर्माण से खुला आत्मनिर्भरता का द्वार

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। गुमला जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से वंचित जनजातीय समूह के सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में आलू की व्यावसायिक खेती और चिप्स निर्माण इकाई की पहल ने घाघरा, बिशुनपुर और डुमरी प्रखंडों के 500 से अधिक पीवीटीजी परिवारों को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर कर दिया है। अक्टूबर 2024 से शुरू इस विशेष परियोजना के अंतर्गत इन परिवारों को कुफ़री चिपसोना किस्म के आलू के बीज, उर्वरक, सिंचाई सुविधा और उन्नत कृषि प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किए गए। इसके साथ ही खेती के आधुनिक तरीकों, पोषण प्रबंधन और कीट नियंत्रण पर भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे पीवीटीजी किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर व्यावसायिक कृषि की ओर बढ़ सके। 80 एकड़ भूमि पर की गई खेती से लगभग 10 लाख रुपये की आमदनी हुई, जिससे किसानों को न केवल आर्थिक लाभ मिला बल्कि मेहनताना के रूप में तत्काल राहत भी मिली। इससे उनकी आय में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया। इस परियोजना के अगले चरण में बिशुनपुर प्रखंड के जहान गुटवा गांव में पीवीटीजी समुदाय द्वारा संचालित एक आलू गई है, जिसे "क्रिस्प" ब्रांड नाम से बाजार में उतारा जाएगा। यह इकाई 25 मई 2025 को औपचारिक रूप से प्रारंभ होगी। इससे न केवल मूल्यवर्धन संभव होगा बल्कि स्थायी आजीविका के नए रास्ते भी खुलेंगे।

प्रपत्र VI 'क'

समाहर्त्ता या समुचित सरकार उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू-अर्जन शाखा)

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

ज्ञापांकः–1121/भू0अ0 **दिनांकः–10.05.2025**

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**बरवाडीह**, थाना नं0–**56** थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल– **पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**बरवाडीह**,थाना–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–**56**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.65456** एकड़ यानि **0.264896** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना			
							उ0	द0	पू0	प0
81	-	669	–	–	0.0092	महेन्द्र दांगी पिता–केशो महतो	उपेन्द्र दांगी	पक्की सड़क	उपेन्द्र दांगी	रामेश्वर महतो
82	-	670	–	–	0.0092	महेन्द्र दांगी पिता–केशो महतो	उपेन्द्र दांगी	पक्की सड़क	उपेन्द्र दांगी	रामेश्वर महतो
83	-	670	–	–	0.0092	उपेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो	महेन्द्र दांगी	पक्की सड़क	कच्ची रास्ता	महेन्द्र दांगी
84	-	672	–	–	0.0092	उपेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो	महेन्द्र दांगी	पक्की सड़क	कच्ची रास्ता	महेन्द्र दांगी
85	-	672	–	–	0.0022	रामे वर महतो वगै0 पिता– अकल महतो	नीज	पक्की सड़क	उपेन्द्र दांगी	उपेन्द्र दांगी
86	-	673	–	–	0.0052	उपेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	तुलसी ठाकुर	रामेश्वर महतो
87	-	574	–	–	0.0022	तुलसी ठाकुर वगै0 बिजय ठाकुर पिता– सोहन ठाकुर	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	शंकर महतो	उपेन्द्र दांगी
88	-	575	–	–	0.0022	तुलसी ठाकुर वगै0 बिजय ठाकुर पिता– सोहन ठाकुर	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	शंकर महतो	उपेन्द्र दांगी
89	-	576	–	–	0.0080	शंकर महतो पिता– रामधन महतो	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	रामजीत महतो	तुलसी ठाकुर वगै0
90	-	578	–	–	0.0080	शंकर महतो पिता– रामधन महतो	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	रामजीत महतो	तुलसी ठाकुर वगै0
91	-	577	–	–	0.0068	रामजीत महतो पिता– अकल महतो	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	सुरेश दांगी	शंकर महतो
92	-	578	–	–	0.0014	सुरेश दांगी पिता– रामधन महतो	रामेश्वर महतो	पक्की सड़क	प्रमोद दांगी	शंकर महतो
93	-	578 579	–	–	0.0013	प्रमोद दांगी वो प्रदीप दांगी पिता– तुलसी महतो	नीज	पक्की सड़क	बिरेन्द्र	सुरेश दांगी
94	-	620	–	–	0.0065	लखन दांगी पिता– रेवा महतो	पक्की सड़क	नीज	आदिल लाल	राजेश दांगी
95	-	619	–	–	0.0065	आदित्य लाल पिता– भजन साव	पक्की सड़क	नीज	रामचन्द्र ठाकुर	लखन दांगी
96	-	618	–	–	0.0076	रामचन्द्र ठाकुर वगै0 पिता– लुढन ठाकुर	पक्की सड़क	नीज	हरी प्रजापति वगै0	आदित्य लाल
97	-	617	–	–	0.0042	हरी प्रजापति वगै0 पिता– बढ़न प्रजापति	पक्की सड़क	बिरेन्द्र दांगी	दशरथ दांगी	रामचन्द्र ठाकुर
98	-	613	–	–	0.0098	दशरथ दांगी पिता– डिलो महतो	पक्की सड़क	बिरेन्द्र दांगी	गुरूदयाल महतो	हरी प्रजापति
99	-	612	–	–	0.0013	गुरूदयाल महतो पिता– रधु महतो	पक्की सड़क	सुरेन्द्र दांगी	नरेश दांगी	दशरथ दांगी
100	-	608	–	–	0.0013	गुरूदयाल महतो पिता– रधु महतो	पक्की सड़क	सुरेन्द्र दांगी	नरेश दांगी	दशरथ दांगी
101	-	607	–	–	0.0062	नरेश दांगी पिता– इन्द्रदेव महतो	पक्की सड़क	नीज	महेन्द्र दांगी	गुरूदयाल महतो
102	-	606	–	–	0.0085	महेन्द्र दांगी पिता– केशा	पक्की सड़क	नीज	राजेश दांगी	नरेश दांगी
103	-	606	–	–	0.0042	राजेश दांगी पिता– लखन दांगी	पक्की सड़क	नीज	बालो साव	महेन्द्र दांगी
104	-	556	–	–	0.0011	बालो राम पिता– जादो साव	पक्की सड़क	नीज	हरीहर रजक	राजेश दांगी
105	76	588	–	–	0.0070	हरीहर रजक पिता– सोमर बैठा	पक्की सड़क	नीज	वृक्ष ठाकुर	बालो साव
106	-	587	–	–	0.0061	वृक्ष ठाकुर पिता– बासुदेव ठाकुर	पक्की सड़क	नीज	पप्पु ठाकुर	हरीहर रजक
107	-	596	–	–	0.0019	जगदीश ठाकुर वो मेघलाल ठाकुर वो पप्पु ठाकुर पिता– बनवारी ठाकुर	पक्की सड़क	नीज	तुलसी ठाकुर	वृक्ष ठाकुर
108	-	595	–	–	0.0025	तुलसी ठाकुर वो विजय ठाकुर पिता– सोहन ठाकुर	पक्की सड़क	नीज	राजेन्द्र दांगी	जगदीश ठाकुर
109	140	594	–	–	0.0085	महेन्द्र दांगी पिता– केशा	पक्की सड़क	नीज	राजेश दांगी	नरेश दांगी
110	38	593	रैयती	टांड II	0.0040	प्रमोद गुप्ता पिता– नारो साव	पक्की सड़क	सकुर मियां	रामनाथ दांगी	धनुशधारी दांगी
111	38	593	रैयती	टांड II	0.0015	रामनाथ दांगी पिता– चरण महतो	पक्की सड़क	नीज	धरमदेव दांगी	प्रमोद गुप्ता
112	38	593	रैयती	टांड II	0.0016	धरमदेव राम दांगी पिता– चरण महतो	पक्की सड़क	नीज	रामनाथ दांगी	धनुशधारी दांगी
113	38	593	रैयती	टांड II	0.0013	अब्दुल करीम वगै0 पिता– फकीर मियां	पक्की सड़क	नीज	रघु साव	रामदेव राम दांगी
114	38	593	रैयती	टांड II	0.0018	अशोक दांगी वो रामेश्वर दांगी वो उपेन्द्र दांगी वो मटुक धारी दांगी वो चन्द्रशेखर दांगी पिता– रघु महतो	पक्की सड़क	नीज	रामा साव	रफु साव
115	38	593	रैयती	टांड II	0.0034	रघु साव पिता– हरी लाल साव	पक्की सड़क	नीज	अशोक दांगी वगै0	अब्दुल करीम
116	-	459	–	–	0.0077	अरबिन्द प्रकाश पिता– बालेश्वर दांगी	अरबिन्द प्रकाश	प्रदीप लाल	पक्की सड़क	नीज मकान
117	-	459	–	–	0.0011	रविन्द्र दांगी पिता– जागेश्वर महतो	मिथलेश केशरी	अरबिन्द प्रकाश	पक्की सड़क	नीज मकान
118	-	459	–	–	0.0075	थ्मथलेश केशरी पिता– जगदीश साव	सोनिया देवी	रविन्द्र प्रकाश	पक्की सड़क	नीज मकान
119	-	459	–	–	0.0012	सोनी देवी पति– खुदनाथ दांगी	युगेश्वर प्रसाद	मिथलेश केशरी	पक्की सड़क	नीज मकान
120	-	459	–	–	0.0012	युगेश्वर प्रसाद पिता– लेखराम दांगी	सुबास मियां	सोनी देवी	पक्की सड़क	नीज मकान
121	-	459	–	–	0.0036	खुशआस मियां पिता– ताहिर मियां	संतोष दांगी	युगेश्वर प्रसाद	पक्की सड़क	जगदीश दांगी
122	-	459	–	–	0.0031	संतोश दांगी पिता– धनेश्वर महतो	बालदेव राम दांगी	खुशबास मियां	पक्की सड़क	नीज
123	-	459	–	–	0.00646	बालदेव राम दांगी पिता– हेमलाल महतो	जगदीश दांगी	संतोष दांगी	पक्की सड़क	नीज
124	-	459	–	–	0.0010	जगदीश दांगी वगै0 पिता– रधु महतो	दिनेश्वर महतो	बालदेव राम दांगी	पक्की सड़क	नीज मकान
125	-	460	–	–	0.0042	दिनेश्वर दांगी पिता– देवलाल महतो	कृष्ण भारती	जगदीश दांगी	पक्की सड़क	मिथलेश दांगी
126	-	460	–	–	0.0037	कृश्ण भारती पिता– रामचन्द्र महतो	मिथलेश केशरी	विनेश्वर दांगी	पक्की सड़क	मिथलेश दांगी
127	-	463	–	–	0.0023	भुनेश्वर महतो वगै0 पिता– ईश्वरी महतो	राम उपाध्याय	गली	नीज	पक्की सड़क
128	-	463	–	–	0.0051	रामबदन उपाध्याय पिता– शिवदेव उपाध्याय	आनन्द उपाध्याय	भुनेश्वर महतो	भुनेश्वर महतो	पक्की सड़क
129	-	463	–	–	0.0051	आनन्द उपाध्याय पिता– देवरान उपाध्याय	बिशेश्वर महतो	रामान्दन उपाध्याय	भुनेश्वर महतो	पक्की सड़क
130	-	462	–	–	0.0010	विशेश्वर दांगी हिस्सा वो नरेश दांगी वो संजय दांगी हिस्सा पिता– उमराव महतो	भीबन दांगी	आनन्द उपाध्याय	भुनेश्वर महतो	पक्की सड़क
131	-	462	–	–	0.0085	शीबनराम दांगी पिता–झमन महतो	सिमाना पत्थलगड्डा	बिशेश्वर दांगी	नीज	पक्की सड़क
132	08	446	बकास्त	आम टांड़ II	0.0091	बैजनाथ दांगी पिता– सीता राम दांगी	पक्की सड़क	नीज	रास्ता	महेन्द्र दांगी
133	-	447	–	–	0.0027	महेन्द्र दांगी पिता– विनेश्वर दांगी वो साबिता दंवी पति– बिनेश्वर दांगी	पक्की सड़क	नीज	बैजनाथ दांगी	अरबिन्द दांगी
134	-	447	–	–	0.0024	अशोक ठाकुर पिता–मानक ठाकुर	पक्की सड़क	महेन्द्र दांगी	बैजनाथ दांगी	महेन्द्र दांगी
135	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0014	हरसी देवी पति– जागेश्वर महतो	पक्की सड़क	नीज	महेन्द्र दांगी	कब्रिस्तान
136	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0016	तोखन महतो पिता– तिरथ महतो	बासुदेव दांगी	पक्की सड़क	नागेश्वर दांगी	कब्रिस्तान
137	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0039	हरसी देवी पति– जागेश्वर महतो	पक्की सड़क	नीज	महेन्द्र दांगी	कब्रिस्तान
138	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0036	भुवाली दांगी पिता–जीवलाल महतो	निरंजन महतो	पक्की सड़क	भुनेश्वर महतो	नागेश्वर दांगी
140	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0026	भुनेश्वर महतो पिता– ईश्वरी महतो	निरंजन महतो	पक्की सड़क	पनु महतो	भुवाली दांगी
141	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0051	पनु महतो पिता– रेवा महतो	निरंजन महतो	पक्की सड़क	खुशीलाल दांगी	भुनेश्वर महतो
142	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0051	खुशीलाल दांगी पिता–	निरंजन महतो	पक्की सड़क	राजेन्द्र प्रसाद वर्मा	पनु महतो
143	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0051	राजेन्द्र प्रसाद वर्मा पिता– भेखलाल महतो	निरंजन महतो	पक्की सड़क	बिरेन्द्र दांगी	खु ीलाल दांगी
144	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0051	बिरेन्द्र दांगी पिता– रामेश्वर महतो	निरंजन महतो	पक्की सड़क	दिनेश्वर प्रसाद	राजेन्द्र प्रसाद वर्मा
145	8	446	बकास्त	आम टांड II	0.0051	दिनेश्वर दांगी वगै0 पिता– बढ़न महतो	निरंजन महतो	पक्की सड़क	सिमाना पत्थलगड्डा	बिरेन्द्र दांगी
146	-	353	–	–	0.0051	नरेश साव पिता– फागुनी लाल	नीज	पक्की सड़क	बैजनाथ दांगी	दिनेश्वर दांगी
147	-	57	–	–	0.0077	विजय दांगी वो नरेश दांगी पिता– उमराव महतो	पक्की सड़क	नागेश्वर दांगी	नरेश दांगी	बिनोद दांगी वगै0
148	-	57	–	–	0.0077	बिनोद कु0 पिता– जगदीश महतो वो दर्शन राम दांगी पिता– बिसुन महतो	पक्की सड़क	नीज	विजय दांगी	नीज
149	-	61	–	–	0.0066	दशर्न राम दांगी पिता– बिशुन महतो	पक्की सड़क	नीज	नीज	बिनोद कुमार
150	-	61	–	–	0.0066	बिनोद कुमार पिता– जगदीश महतो	पक्की सड़क	नीज	दशर्न राम दांगी	बुधन राम दांगी
151	80	929	रैयती	धान खेत III	0.0030	अब्दुल बदूद् पिता– बिहाफिज कुदूस	नजाम मियां	कब्रिस्तान	केअर मियां	पक्की सड़क
152	80	929	रैयती	धान खेत III	0.0030	नजाम मियां वगै0 पिता– बजीर मियां	अशोक दांगी	अकल बदुद्	केअर मियां	पक्की सड़क
153	-	925	–	–	0.0052	नरेश दांगी पिता– भीम महतो	शीखलाल दांगी	कब्रिस्तान का जमीन	पक्की सड़क	नीज मकान
154	-	925	–	–	0.0032	शीखलाल दांगी पिता– भीम महतो	अजय दांगी	शीखलाल दांगी	पक्की सड़क	नीज मकान
155	-	925	–	–	0.0050	राजेन्द्र दांगी पिता– जगदीश महतो	संतोष दांगी	राजेन्द्र दांगी	पक्की सड़क	नीज मकान
156	-	926	–	–	0.0025	अजय कुमार दांगी पिता– बालेश्वर दांगी

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आकाश, पर्वत और समुद्र को देखने वाला व्यक्ति उनमें दिव्य उपस्थिति को नहीं देख पाता। सृष्टिकर्ता की सूक्ष्म किरण मानवीय दृष्टि से अदृश्य है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

संपादकीय

दुश्मन देशों का बहिष्कार एक भावना भी है

युद्धकाल में प्रायः सभी देश अपने हितों की रक्षा और देश के दुश्मनों के दुष्प्रचार को रोकने के लिए सजग रहते हैं क्योंकि युद्ध रणनीति में वैचारिक जहर मनोबल पर बहुत असर डालता है। वैसे तो पाकिस्तान न खुद चैन से बैठने वाला देश है और न भारत पर कब्जा करने का सपना छोड़ पाता है और अभी तो पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है जिसमें परोक्ष रूप से चीन तो प्रत्यक्ष रूप से तुर्कीए और अजरबैजान समर्थन में हैं जिनका बहिष्कार अभियान चल रहा है।भारत सरकार द्वारा तुर्किये और चीन के सरकारी मीडिया चैनलों के सोशल मीडिया खातों पर कुछ घंटों के लिए सांकेतिक प्रतिबंध लगाया जाना, सिर्फ तकनीकी या कूटनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी तस्वीर की ओर इशारा करता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब यह किसी से छिपा नहीं है कि ये दोनों ही देश पाकिस्तान के समर्थन में भारत-विरोधी दुष्प्रचार में शामिल रहे हैं, चाहे वह भ्रामक रिपोर्टिंग हो, भारत के आंतरिक मसलों को बढ़ा-चढ़ाकर बताना हो या फिर आतंकवाद पर भारत के रुख को कमजोर करने वाली खबरों को दिखाना हो।

इस पृष्ठभूमि में भारत ने अब जो आक्रामकता दिखाई है, वह रणनीतिक अधिक प्रतीत होती है, जो साफ संकेत देती है कि भारत अब अपनी वैश्विक छवि को तोड़ने या कमजोर करने की किसी भी कोशिश को नजरअंदाज नहीं करेगा। उल्लेखनीय है कि चीन और तुर्किये का पाकिस्तान के साथ गठजोड़ कोई नया नहीं है। तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को भारत के खिलाफ हथियार उपलब्ध कराए जाने और उसके एक युद्धपोत के कराची बंदरगाह तक पहुंचने की खबरें इसके ही उदाहरण हैं। दूसरी ओर चीन, पाकिस्तान में जिसके एयर डिफेंस सिस्टम की भारत ने हवा निकाल दी थी, का पाकिस्तान को आर्थिक और रणनीतिक रूप से समर्थन देना भी छिपा नहीं है।

युद्ध विराम की घोषणा के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की धर-पकड़ जारी है, जो दर्शाती है कि सुरक्षाबलों ने अपनी सतर्कता और सक्रियता को बढ़ाया ही है।

भारत ने इन देशों की मदद से हुए हमलों को तो नाकामयाब किया ही, अब इनके दुष्प्रचार तंत्र पर भी निशाना लगाया है। हालांकि, यह कार्रवाई केवल डिजिटल दुष्प्रचार रोकने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे भारत की आतंकवाद और उसे बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ एक बहुस्तरीय रणनीति के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। युद्ध विराम की घोषणा के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की धर-पकड़ जारी है, जो दर्शाती है कि सुरक्षाबलों ने अपनी सतर्कता और सक्रियता को बढ़ाया ही है। यह भी कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं होने देगा। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) द्वारा विकसित एंटी ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र का सफल परीक्षण इस दिशा में एक मील का पत्थर है और अब भारत विरोधी प्रोपेगेंडा चलाने वाले देशों की आधिकारिक मीडिया के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध से यही जाहिर होता है कि भारत द्वारा पाकिस्तान और आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए समानांतर व्यूह रचना जारी है।

दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा पर राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेताया कि अगर हमारे भारत की ओर आंख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन प्रधानमंत्री ने आदमपुर एयर बेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे—तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी।

भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी—बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दयाभावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रंपच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि प्रधानमंत्री मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है।

आज की बात

डॉ. आशीष वशिष्ठ

ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने ना केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरुद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुनः सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है। यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम संपूर्ण विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किए, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किए और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला।

पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन-मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया गया कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्ययोजना बनाई और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अरुणाचली चाल है पाक के हक में चीन की बौखलाहट

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन बौखला गया है। पाकिस्तान की करारी हार एवं उसे दिये गये सबक को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन-पाक की सदाबहार दोस्ती के उदाहरण बार-बार सामने आते रहे हैं, हाल ही में सैन्य टकराव के दौरान चीन ने प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन ही नहीं किया, बल्कि सैन्य व आर्थिक मदद भी की। ऐसे ही संवेदनशील समय पर चीन ने भारतीय जमीन पर दावेदारी जताने एवं अरुणाचल के 27 स्थानों को चीनी नाम देने की कुचेष्टा की है। उसकी यह नापाक कोशिश भी पाक के साथ खड़े होने का ही प्रयास है। यह ध्यान रहे कि वह अरुणाचल एवं उसके अनेक क्षेत्रों, इनमें आवासीय क्षेत्रों के साथ पहाड़ और नदियां भी हैं, इनको पहले ही चीनी नाम दे चुका है। भारत सरकार ने अरुणाचल के भीतरी स्थानों को नए नाम देने के चीन के निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए इसकी निन्दा की है। चीन अपनी दोगली नीति, षडयंत्रकारी हरकतों एवं विस्तारवादी मंशा से कभी बाज नहीं आता। वह हमेशा कोई ऐसी कुचेष्टा करता ही रहता है जिससे भारत चीन बॉर्डर पर अक्सर तनाव रहता है। हालांकि भारत ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और यह चीनी दुष्प्रचार के सिवाय कुछ नहीं है। चीन की इस हरकत ने यह साफ कर दिया है कि उससे संबंध सुधारने की भारत की तरफ से कितनी ही पहल हो जाए, वह सुधरने वाला नहीं है। निश्चित ही चीन की ये दकियानूसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, यह उसके दुस्साहस एवं उच्छृंखलता का द्योतक है। नाम बदलने से इस स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस तरह की करतूतों, बचकानी एवं बेतुकी हरकतों से भारत को उकसाना चाहता है। इसी नीति के तहत वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर पुलों, सड़कों, व्यावसायिक केंद्रों आदि का निर्माण कर भारत की सीमा पर तनाव पैदा करने की भी कोशिश करता रहा है। शायद उसने यह मुगालता पाल लिया है कि ताजा घटनाक्रम से भारत दबाव में आ जाएगा लेकिन भारत अब ऐसे किसी दबाव में न तो आयेगा, बल्कि इनका सक्षम एवं तीक्ष्ण तरीके से जबाव देने में भारत सक्षम है। चीन का अधिक बौखलाहट एवं खीज का बड़ा कारण भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम, ड्रोन, मिसाइल आदि की इस कदर पोल खोल कर रख दी कि अब उसके लिए दुनिया के निर्धन देशों को अपने दोयम दर्जे एवं घटिसा किस्म के चीनी हथियार बेचना कठिन होगा।

देश की बात

ललित गर्ग

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

रेखाओं में सपने, रंगों में अभिव्यक्ति

आपकी बात

प्रो. आरके जैन

कल्पनाओं को रेखाओं में ढालने और भावनाओं को रंगों में उड़ान देने का दिन, नेशनल ड्रॉइंग डे, हर साल 16 मई को एक जादुई उत्सव के रूप में उभरता है, जो कला के माध्यम से अनंत संभावनाओं को जगाता है। यह दिन सिर्फ़ ब्रश और कैनवास का नहीं, बल्कि उन अनकही कहानियों का उत्सव है, जो हर दिल में पलती हैं। कला कोई सीमा नहीं मानती—न उम्र, न अनुभव, न ही कौशल। एक साधारण रेखा कागज़ पर उतरकर एक नई दुनिया रच सकती है, और एक रंग का स्पर्श मन की गहराइयों को उजागर कर सकता है। यह दिन हर उस शख्स को बुलाता है—चाहे वह बच्चा हो, जो दीवार पर सूरज उकेरता है, या बुजुर्ग, जो अपनी यादों को स्केच में ढालता है—अपनी भावनाओं को आज़ाद करने के लिए। नेशनल ड्रॉइंग डे हमें याद दिलाता है: कला सिर्फ़ अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि आत्मा की उड़ान है!

नेशनल ड्रॉइंग डे उस प्राचीन क्षण को जीवंत करता है, जब किसी ने कोयले से गुफा की दीवार पर पहली आकृति उकेरी होगी। यह दिन कला की उस अनंत यात्रा का उत्सव है, जिसने समय, संस्कृति और सरहदों को लाँघकर हर दिल को छुआ। कला सिर्फ़ सौंदर्य नहीं, बल्कि आत्मा की सबसे गहरी अभिव्यक्ति है—एक ऐसी भाषा, जो बिना शब्दों के हर भाव को बयाँ करती है। बचपन में क्रेयॉन्स से भरे रंगीन कागज़ सिर्फ़ खेल नहीं, बल्कि हमारी कल्पनाओं की पहली उड़ान होते हैं। नेशनल ड्रॉइंग डे हमें उस मासूम रचनात्मकता को फिर से गले लगाने का न्योता देता है, जो हर इंसान के भीतर बसती है, चाहे वह बच्चे का उत्साह हो या किसी की अनकही कहानी। नेशनल ड्रॉइंग डे केवल पेशेवर चित्रकारों का उत्सव नहीं, बल्कि हर उस इंसान का सम्मान है, जो अपने भीतर छिपी रचनात्मकता को रंगों और रेखाओं से साकार करना चाहता है। एक गृहिणी, जो मेहंदी के जटिल डिज़ाइनों में अपनी कहानी बुनती है; एक कर्मचारी, जो लंच ब्रेक में डूडल्स के ज़रिए तनाव भूलता है; या एक छात्र, जो नोटबुक के किनारों पर फूलों की नाज़ुक आकृतियाँ उकेरता है—ये सभी इस दिन के सच्चे नायक हैं। 16 मई का संदेश स्पष्ट है: कला को न प्रशिक्षण की ज़रूरत है, न किसी ख़ास वर्ग की। यह हर उस आत्मा का जन्मसिद्ध अधिकार है, जो कुछ नया रचने का सपना देखती है। नेशनल ड्रॉइंग डे, कला की उस जादुई शक्ति का उत्सव है, जो हर दिल को छूती है और हर आत्मा को अभिव्यक्ति देती है। स्कूलों में बच्चे अपने चटकीले चित्रों से कल्पनाओं को पंख लगाते हैं, कॉलेजों में ड्रॉइंग प्रतियोगिताएँ रचनात्मकता की नई मिसाल गढ़ती हैं, और आर्ट स्टूडियो में वर्कशॉप्स कला के जादू को हर उम्र तक पहुँचाती हैं। ये आयोजन सिर्फ़ कैनवास पर रंग नहीं भरते, बल्कि दिलों को जोड़ते हैं, प्रेरणा का सैलाब लाते हैं और समुदायों को एकता के रंग में रंग देते हैं। नेशनल ड्रॉइंग डे, वह चिंगारी है, जो हर इंसान की रचनात्मकता को प्रज्वलित कर, विचारों और भावनाओं को रंगों की आज़ादी देता है! नेशनल ड्रॉइंग डे केवल कला का जश्न नहीं, बल्कि मन और आत्मा को संवारने का एक अनमोल अवसर है। आज की भागदौड़ और तनाव भरी ज़िंदगी में, एक साधारण स्केच भी मन को सुकून की सैर करा सकता है।

मनोविज्ञान में आर्ट थेरेपी को एक शक्तिशाली उपचार माना जाता है, जो उन लोगों के लिए वरदान है, जो शब्दों में अपनी भावनाओं को बयाँ नहीं कर पाते। बच्चे, जो अपनी बात कहने में हिचकते हैं, चित्रों के ज़रिए अपने दिल की गहराइयाँ उजागर करते हैं। यही वजह है कि नेशनल ड्रॉइंग डे सिर्फ़ सौंदर्य सृजन का नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को पोषित करने और आत्मविश्वास को प्रज्वलित करने का उत्सव है। तकनीक ने कला को नई उड़ान दी है। डिजिटल पेंटिंग, ग्राफिक डिज़ाइन, और एनिमेशन जैसे क्षेत्रों ने ड्रॉइंग को वैश्विक मंच पर ला खड़ा किया है। आज युवा इसे न सिर्फ़ शौक, बल्कि एक चमकदार करियर के रूप में गले लगा रहे हैं। मगर नेशनल ड्रॉइंग डे हमें याद दिलाता है कि कला की असली ताकत उसकी सादगी में बसती है। चाहे वह पेंसिल से कागज़ पर उकेरी गई रेखा हो या टैबलेट पर रचा गया डिजिटल चित्र, कला तब तक अधूरी है, जब तक वह दिल की गहराइयों से न उपजे। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम अपनी रचनात्मकता को हर डर और संकोच से आज़ाद कर, बेझिझक दुनिया के सामने लाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

नेशनल ड्रॉइंग डे

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

मंशा है, ध्वज गाढ़ दें, अपने हर स्थान।
उत्तर, पश्चिम में अभी, दिखते भिन्न निशान।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

घबराने की नहीं, सावधान रहने की जरुरत

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है। इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं। मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है।

डेंगू की बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, इसका अनुमान इसी लगाया जा सकता है कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है। बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि सालभर सामने आते रहते हैं। तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया। ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है। किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

अलग बात

श्वेता गोयल

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

राष्ट्रीय डेंगू दिवस

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी पर विजय शाह बोले

मैं शर्मिंदा हूं, दिल से माफी मांगता हूं

भोपाल (आईएएनएस)

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक मिनट 13 सेकंड का वीडियो जारी कर कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपनी विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, "मैं विजय शाह, हाल ही में दिए अपने बयान से जो हर समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, उसके लिए दिल से न केवल शर्मिंदा हूं, दुखी हूं बल्कि माफी मांगता हूं। हमारे देश की बहन सोफिया कुरैशी ने राष्ट्र धर्म निभाते हुए जाति और समाज से ऊपर उठकर काम किया है, वह हमारी सगी बहन से भी ऊपर सम्मानित हैं।"इससे पहले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने गुरुवार सुबह 11 बजे बताया, "मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री विजय शाह के बयान के संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।" बयान सामने आने के बाद, भाजपा के राज्य संगठन सचिव हितानंद शर्मा ने विवाद को लेकर मंगलवार को विजय शाह को फटकार लगाई थी। उस समय, मंत्री ने माफी मांगते हुए कहा था।

विवादित बयान पर मंत्री ने मांगी माफी कर्नल सोफिया को कहा 'बहन'

मंत्री ने यह भी कहा कि वह सशस्त्र बलों का सम्मान करते हैं और कर्नल सोफिया को "बहन" कहकर संबोधित किया। मंत्री विजय शाह ने आगे कहा- "मेरे हालिया बयान में कुछ अनुचित शब्द निकले, लेकिन मेरे इरादे हमेशा साफ थे। मैं सभी से और खासकर अपनी बहन सोफिया कुरैशी से माफी मांगता हूं। मैं पूरे समाज और समुदाय से माफी मांगता हूं। बहन सोफिया के साथ मैं सभी जवानों का सम्मान करता हूं। मैं अपने बयान के लिए हाथ जोड़कर माफी चाहता हूं।" ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, भारतीय सेना की वरिष्ठ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी ने विदेश सचिव विक्रम मिश्री और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ प्रेस वार्ता की थी, जिसमें पहलगाम आतंकवादी हमले पर भारत की सैन्य प्रतिक्रिया और ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से जानकारी दी गई थी।

बीजापुर : नक्सलियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या की

बीजापुर । बीजापुर में नक्सलियों ने एक कांग्रेस कार्यकर्ता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। रविवार रात नागा भंडारी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम लिंगापुर गया था, जहां देर रात करीब साढ़े 11 बजे अज्ञात माओवादी पहुंचे और उसे मार डाला। मामला उसूर थाना क्षेत्र का है। सूचना पर उसूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की जा रही। मृतक नागा भंडारी मारुडबाका सोसाइटी का संचालक है और कांग्रेस का कार्यकर्ता भी है। वहीं, जानकारी के मुताबिक, 6 महीने पहले नक्सलियों ने नागा के छोटे भाई को भी मारा था।

एक साथ 40 ठिकानों पर छापेमारी, करोड़ों के दस्तावेज जब्त

बेंगलुरू । भ्रष्टाचार विरोधी व्यापक अभियान के तहत कर्नाटक लोकायुक्त ने गुरुवार को बेंगलुरु समेत पूरे राज्य में एक साथ 40 स्थानों पर छापेमारी की। लोकायुक्त अधिकारियों की ये कार्रवाई बेंगलुरु में 12 स्थानों, तुमकुरु में 7, यादगीर में 5, मंगलुरु में 4 और विजयपुरा जिले में 4 स्थानों पर की गयी है। लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, जिन लोगों पर छापेमारी की गई, उनमें शहरी और ग्रामीण नियोजन निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक मुरली टीवी, बेंगलुरु के कानूनी माप विज्ञान निरीक्षक एचआर नटराज, तालुक में अधिकारी उमाकांत शामिल हैं।

राइफल्स का भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सर्च ऑपरेशन जारी, 4 जिलों से 7 उग्रवादी भी गिरफ्तार

मणिपुर । एजेंसी

मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया- 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

इंफाल से 130 किमी दूर सर्च ऑपरेशन जारी

कोहिमा में रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने इलाके में ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। जैसे ही ऑपरेशन पूरा होगा, पूरी जानकारी साझा की जाएगी। मुठभेड़ चंदेल जिले के पहाड़ी इलाके में भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के करीब हुई है। यह इलाका राजधानी इंफाल से 130 किलोमीटर दूर है और यहां बहुत कम लोग रहते हैं।

मोदी सरकार में मंत्री रहे जॉन बारला टीएमसी में शामिल

कोलकाता। पूर्व भाजपा नेता और नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री रहे जॉन बारला पार्टी से असंतुष्ट होने की अटकलों के बाद, पश्चिम बंगाल में आधिकारिक रूप से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए हैं। उनके जाने को पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए एक झटका माना जा रहा है। यह तब हुआ तब राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बारला ने वर्तमान विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने पर निराशा व्यक्त की। बारला का टीएमसी में स्वागत नेता सुब्रत बक्शी और अरूप बिस्वास ने किया तथा अपने समुदाय के लिए काम करने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

लोकायुक्त ने कर्नाटक में 30 स्थानों पर मारे छापे

बेंगलुरु। लोकायुक्त ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु सहित राज्य के 30 से अधिक स्थानों पर छापा मारा है। निशाने पर राज्य सरकार में कार्यरत 7 सरकारी अफसर हैं। लोकायुक्त के द्वारा राज्य के अधिकारियों के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के बारे में मिली सूचना के बाद छापेमारी की जा रही है। बेंगलुरु में 12 स्थानों, तुमकुरु में 7, यादगीर में 5, मंगलुरु में 4 और विजयपुरा जिले में 4 स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन स्थानों में तुमकुरु में निर्मिति केंद्र के परियोजना निदेशक, मंगलुरु में एक सर्वेक्षण पर्यवेक्षक और डॉ. बी.आर. अंबेडकर विकास निगम से जुड़ी एक वरिष्ठ महिला अधिकारी के आवास और कार्यालय शामिल हैं।

दलितों-पिछड़ों पर रोज होता है अत्याचार : राहुल गांधी

दरभंगा (आईएएनएस)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी एक दिवसीय बिहार यात्रा के क्रम में गुरुवार को दरभंगा पहुंचे। यहां उन्होंने 'शिक्षा न्याय संवाद' में जुटे छात्रों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि इस देश में दलित, पिछड़े, अति पिछड़े और आदिवासी के खिलाफ 24 घंटे अत्याचार होता है, उन्हें दबाया जाता है। आपको शिक्षा के सिस्टम में भी रोका जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार से तीन मांग की हैं। सही तरीके से देशभर में जातीय जनगणना कराई जाए, जैसे तेलंगाना में की गई है। इसके अलावा, उन्होंने निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में आरक्षण की बात कही। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था की जाए। दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और आदिवासी की संख्या 90 प्रतिशत है, लेकिन आपको दबाकर, डराकर रोका जाता है।

प्रपत्र VI 'क'
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा, (भू-अर्जन शाखा)

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

ज्ञापांकः-1128/भू0अ0 दिनांकः-10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम- **ईचाक खुर्द**, थाना नं0- **159** थाना- **सिमरिया**, अंचल- **सिमरिया**, जिला- **चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम- **ईचाक खुर्द**, थाना- **सिमरिया**, थाना नं0- **159**, अंचल- **सिमरिया**, जिला- **चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.65019** एकड़ यानि **0.66782** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
01	94	507	रैयती	टांड़ III	0.03219	सुदन महतो वगै0 पिता- पेरन महतो	नीज	पक्की सड़क	अनिल महतो	सिमाना सिउरिया
02	94	507	रैयती	टांड़ III	0.04884	अनिल दांगी पिता- बोधी महतो	देवकी महतो	पक्की सड़क	इझार मियां	सुदन दांगी
03	94	507	रैयती	टांड़ III	0.04884	इझार अंसारी पिता- गफुर मियां	नीज	पक्की सड़क	नीज	अनिल दांगी
04	94	507	रैयती	टांड़ III	0.0202	कामेश्वर सिंह पिता- अर्जुन सिंह	पक्की सड़क	शंकर दांगी	सरयु दांगी	अशोक सिंह
05	94	507	रैयती	टांड़ III	0.0202	अशोक सिंह पिता- सुदेश्वर सिंह	पक्की सड़क	नीज	कामेश्वर सिंह	प्रेम दांगी
06	94	507	रैयती	टांड़ III	0.04440	प्रेम दांगी पिता- फगु महतो	पक्की सड़क	अशोक सिंह	अशोक सिंह	दिनेश्वर दांगी
07	94	507	रैयती	टांड़ III	0.04921	दिनेश्वर दांगी पिता- फगु महतो	सड़क	अशोक सिंह	नीज	सिउरिया
08	104	508	रैयती	टांड़ III	0.02812	इजहार अंसारी पिता- गफुर मियां	जैनूल मियां	पक्की सड़क	जैनुल मियां	नीज
09	104	508	रैयती	टांड़ III	0.01924	जैनुल मियां पिता- सुलेमान मियां	नीज	पक्की सड़क	जहुर मियां	क्युम मियां
10	104	508	रैयती	टांड़ III	0.03219	जुहर मियां पिता- सुलेमान मियां	नीज	पक्की सड़क	जैनुल मियां	नीज
11	104	508	रैयती	टांड़ III	0.02072	जैनुल मियां पिता- सुलेमान मियां	पक्की सड़क	सरयु महतो	मोती दांगी	कामेश्वर सिंह
12	34	667	रैयती	टांड III	0.0800	शंकर दांगी पिता- रामसहाय महतो	नारायण दांगी	सरयु दांगी	नीज	पक्की सड़क
13	34	667	रैयती	टांड III	0.01000	नारायण दांगी पिता- रामसहाय महतो	कच्ची सड़क	शंकर दांगी	पुरण दांगी	पक्की सड़क
14	34	667	रैयती	टांड III	0.0405	भीखा दांगी पिता- देवा महतो	योगनारायण सिंह	नारायण दांगी	नीज	पक्की सड़क
15	34	667	रैयती	टांड III	0.0500	इन्द्रदेव सिंह वगै0 पिता- योगनारायण सिह	नीज	सरयु दांगी	नीज	पक्की सड़क
16	34	667	रैयती	टांड III	0.02860	शिव कुमार सिह पिता- योगनारायण सिंह	नीज	नीज	पुरण दांगी	पक्की सड़क
17	34	667	रैयती	टांड III	0.0500	सावित्री देवी पति सरयु दांगी	विरखोद	भीखा दांगी	नीज	पक्की सड़क
18	01	707	रैयती	टांड़ III	0.0300	योगनारायण सिंह वगै0पिता- प्रियव्रत सिंह	पक्की सड़क	नीज	नीज	नीज
19	80	709	रैयती	टांड़ III	0.02932	योगनारायण सिंह वगै0पिता- प्रियव्रत सिंह	पक्की सड़क	नीज	नीज	नीज
20	34	708	रैयती	टांड़ III	0.01033	योगनारायण सिंह वगै0पिता- प्रियव्रत सिंह	नीज	पक्की सड़क	रास्ता	पक्की सड़क
21	106	823	रैयती	टांड I	0.0850	अक्षयवट शर्मा वो किशोरीकांत शर्मा पिता- त्रिवेणी पाण्डेय	पक्की सड़क	मुरारी सिंह	नीज	नाला
22	106	824	रैयती	टांड I	0.01295	अक्षयवट शर्मा पिता- त्रिवेणी पाण्डेय	पक्की सड़क	गुणकर सिह	किशोरी शर्मा	नीज
23	106	824	रैयती	टांड I	0.02000	किशोरीकांत शर्मा पिता- त्रिवेणी पाण्डेय	पक्की सड़क	मुरारी सिंह	लक्ष्मी सिंह	अक्षयवट शर्मा
24	78	825	रैयती	टांड़ I	0.01650	लक्ष्मी सिंह वगै0 पिता- रामनारायण सिंह	पक्की सड़क	नीज	पप्पु सिह	किशोरी सिंह
25	30	827	रैयती	-	0.03000	नीलम देवी पति- संतोष सिंह	पक्की सड़क	प्रहलाद सिंह	अरूण सिंह	नीज
26	67	828	रैयती	-	0.03300	नीलम देवी पति- संतोष सिंह	पक्की सड़क	प्रहलाद सिंह	अरूण सिंह	नीज
27	31	858	रैयती	धान I	0.03834	सुलेमान मियां वगै0 पिता- रजबली मियां	-	-	-	-
28	10	860	रैयती	मकान सहन	0.02250	अरूण कुमार सिंह वगै0 पिता- राजदीप सिंह	पक्की सड़क	अभय सिह	सुलेमान मियां	नीलम देवी
29	14	864	रैयती	टांड़ I	0.0400	गौतम सिंह वगै0 पिता- धर्म नारायण सिह	नीज	पक्की सड़क	कच्ची रास्ता	इन्द्रदेव सिह
30	67	865	रैयती	टांड़ I	0.03020	गौतम सिंह वगै0 पिता- धर्म नारायण सिह	नीज	पक्की सड़क	कच्ची रास्ता	इन्द्रदेव सिह
31	61	868	रैयती	टांड़ I	0.02730	इन्द्रदेव सिंह वगै0 पिता- योगनारायण सिंह	लक्ष्मी सिंह	पक्की सड़क	गौतम सिंह	नीज
32	107	896	रैयती	टांड़ I	0.0925	कौलेश्वर दांगी पिता- इंजन दांगी	नीज	पक्की सड़क	सीमाना डमौल	संजय दांगी
33	96	898	रैयती	टांड़ I	0.0931	हीरामन दांगी वगै0 पिता- बढ़न दांगी	नीज	पक्की सड़क	संजय दांगी	चेतलाल दांगी
34	107	897	रैयती	टांड़ I	0.0931	संजय दांगी वगै0 पिता- बढ़न दांगी	नीज	पक्की सड़क	कौलेश्वर दांगी	हीरामन दांगी
35	96	898	रैयती	टांड़ I	0.01863	चेतलाल दांगी पिता- बुधन महतो	नीज	पक्की सड़क	हीरामन दांगी	अशोक सिंह
36	84	908	रैयती	टांड़ I	0.02214	इन्द्रदेव सिंह वगै0 पिता- योगनारायण सिंह	पक्की सड़क	नीज	विनय पाण्डेय	सुधांशु शर्मा
37	84	908	रैयती	टांड़ I	0.01080	विनय पाण्डेय पिता- ओम प्रकाश पाण्डेय	पक्की सड़क	नीज	रास्ता	इन्द्रदेव सिंह
38	104	901	रैयती	टांड़ I	0.03125	भूमिका देवी पति- संजय दांगी	पक्की सड़क	संजय सिंह	बैजंति देवी	पक्की सड़क
39	104	901	रैयती	टांड़ I	0.01350	बैजंति देवी पति- महाविर साव	पक्की सड़क	भूमिका देवी	सीमाना डमौल	संजय दांगी
40	104	902	रैयती	टांड़ I	0.01600	संजय सिंह पिता- अभिमन्यु सिंह	भूमिका देवी	अवधेश सिंह	सीमाना डमौल	पक्की सड़क
41	99	903	रैयती	टांड़ I	0.0200	अशोक सिंह पिता-सुदेश्वर सिंह	नीज	पक्की सड़क	पक्की सड़क	नीज
42	94	904	रैयती	टांड़ I	0.0100	अशोक सिंह पिता-सुदेश्वर सिंह	नीज	पक्की सड़क	पक्की सड़क	नीज
43	102	900	रैयती	टांड़ I	0.00500	जयंति देवी वगै0 पति- युगल किशोर सिंह वो प्रहलाद सिंह वगै0 पिता- धर्मनारायण सिंह वो लक्ष्मी नारायण सिंह वगै0 पिता- रामनारायण सिंह	योगनारायण सिंह	पक्की सड़क	अशोक सिंह	समिलात मलिकान
44	94	906	रैयती	टांड़ III	0.02109	जयंति देवी वगै0 पति- युगल किशोर सिंह वो प्रहलाद सिंह वगै0 पिता- धर्मनारायण सिंह वो लक्ष्मी नारायण सिंह वगै0 पिता- रामनारायण सिंह	योगनारायण सिंह	पक्की सड़क	अशोक सिंह	समिलात मलिकान
45	94	906	रैयती	टांड़ III	0.01215	योगनारायण सिंह वगै0 पिता- प्रियव्रत सिंह वो लक्ष्मी सिंह वगै0 पिता- रामनारायण सिंह	इन्द्रदेव सिंह	पक्की सड़क	अमित सिंह	पी0सी0सी0 रास्ता
46	27	909	रैयती	टांड़ I	0.02079	सुधांशु नाथ शर्मा पिता- बालेश्वर नाथ वर्मा	पक्की सड़क	इन्द्रदेव सिंह	इन्द्रदेव सिंह	सड़क
47	104	915	रैयती	टांड़ I	0.0979	संजय सिंह पिता- अभिमन्यू सिंह	पक्की सड़क	नीज	अवधेश सिंह	रास्ता
48	104	915	रैयती	टांड़ I	0.02355	अवधेश सिंह पिता- दीपनारायण सिंह	पक्की सड़क	नीज	बिमल सिंह	संजय सिंह
				कुल	1.65019					

संरचना का विवरणी

क्र0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	संरचना	संरचना का स्वरूप	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
49	106	824	रैयती	बाउण्ड्री	-	अक्षयवट शर्मा पिता- त्रिवेणी पाण्डेय	पक्की सड़क	गुणकर सिह	किशोरी शर्मा	नीज
50	106	824	रैयती	पक्का मकान	-	किशोरी कांत शर्मा पिता- त्रिवेणी पाण्डेय	पक्की सड़क	मुरारी सिंह	लक्ष्मी सिंह	अक्षयवट शर्मा
51	30 62	827 828	रैयती	मकान	-	नीलम देवी, पति-संतोष सिंह	पक्की सड़क	प्रहलाद सिंह	अरूण सिंह	नीज
52	31	858	रैयती	बाउण्ड्री	-	सुलेमान मियां वगै0, पिता रजबली मियां	-	-	-	-
53	33	861	गै0 खास	पक्का मकान	-	जयंति देवी पति- युगल किशोर सिंह	नीज	पक्का सड़क	नीज	पप्पु सिंह
54	109	862	परती कदीम गै0 खास	पक्का मकान	-	गौतम सिंह वगै0 पिता- धर्म नारायण सिंह वो जयंति देवी पति- युगल किशोर	नीज	पक्की सड़क	योग नारायण सिंह	जयंति देवी
55	109	862	परती कदीम गै0 खास	पक्का मकान	-	इन्द्रदेव सिंह वगै0 पिता- योगनारायण सिंह	जयंति देवी	पक्की सड़क	पी0सी0सी0 रास्ता	जयंति देवी
56	14 67	864 865	रैयती	पक्का मकान	-	गौतम सिंह वगै0 पिता- धर्म नारायण सिंह	नीज	पक्की सड़क	कच्ची रास्ता	इन्द्रदेव सिंह
57	107	896	रैयती	पक्का मकान	-	कौलेश्वर दांगी पिता- इंजन दांगी	नीज	पक्की सड़क	सीमाना डमौल	संजय दांगी
58	96	898	रैयती	पक्का मकान	-	हीरामन दांगी वगै0 पिता- बढ़न दांगी	नीज	पक्की सड़क	संजय दांगी	चेतलाल दांगी
59	107	897	रैयती	पक्का मकान	-	संजय दांगी वगै0 पिता- बढ़न दांगी	नीज	पक्की सड़क	कौलेश्वर दांगी	हीरामन दांगी
60	96	898	रैयती	पक्का मकान	-	चेतलाल दांगी पिता- बुधन महतो	नीज	पक्की सड़क	हीरामन दांगी	आशोक सिंह
61	104	901	रैयती	पक्का मकान	-	भूमिका देवी पति- संजय दांगी	पक्की सड़क	संजय सिंह	बैजंति देवी	पक्की सड़क
62	104	901	रैयती	बाउण्ड्री	-	बैजंति देवी पति- महाविर साव	पक्की सड़क	भूमिका देवी	सीमाना डमौल	संजय दांगी
63	104	902	रैयती	पक्का मकान	-	संजय सिंह पिता- अभिमन्यू सिंह	भूमिका देवी	अवधेश सिंह	सीमाना डमौल	पक्की सड़क
64	99 94	903 904	रैयती	बाउण्ड्री	-	अशोक सिंह पिता- सुदेश्वर सिंह	नीज	पक्की सड़क	पक्की सड़क	नीज
65	94	906	रैयती	मकान	-	जयंति देवी वगै0 पति- युगल किशोर सिंह वो प्रहलाद सिंह वगै0 पिता- धर्मनारायण सिंह वो लक्ष्मी नारायण सिंह वगै0 पिता- रामनारायण सिंह	योगनारायण सिंह	पक्की सड़क	अशोक सिंह	समिलात मलिकान

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु

अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 352501 Land Reforms(25-26)#D

उपायुक्त, चतरा

प्रपत्र VI 'क'
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(भू-अर्जन शाखा)

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

ज्ञापांकः-1126/भू0अ0 दिनांकः-10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-**नावाडीह डमौल**, थाना नं0-**52** थाना-**पत्थलगड्डा**, अंचल-**पत्थलगड्डा**, जिला-**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-**नावाडीह डमौल**,थाना-**पत्थलगड्डा**, थाना नं0-**52**, अंचल-**पत्थलगड्डा**, जिला-**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.97898** एकड़ यानि **0.396187** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
71	275	2598	बकास्त	टांड़ II	0.0040	आनन्दी महतो पिता- बुलक महतो	नीज	पक्का सड़क	लेदो महतो	शोभा मुण्डा
72	261	2584	रैयती	धान खेत II	0.0011	रामा पासवान वगै0 पिता- सहदेव पासवान	पक्का सड़क	गुजर महतो	बसंत पासवान	महफुज आलम
73	261	2599	रैयती	धान खेत II	0.0011	रामा पासवान वगै0 पिता- सहदेव पासवान	पक्का सड़क	गुजर महतो	बसंत पासवान	महफुज आलम
74	261	2598	रैयती	धान खेत II	0.0034	लेदो महतो पिता- बुलक महतो	नीज	पक्का सड़क	फुलचन्द्र महतो	आन्दी महतो
75	261	2598	रैयती	धान खेत II	0.0025	फुलचन्द महतो पिता- बोधी महतो	नीज	पक्का सड़क	कसी महतो	लेदो महतो
76	261	2598	रैयती	धान खेत II	0.0031	रूसी महतो पिता- बोधी महतो	प्रमेश्वर महतो	पक्का सड़क	रामसखी महतो	फुलचन्द महतो
77	-	2585	रैयती	-	0.0044	धनेश्वरी देवी पति- भुखल पासवान	पक्का सड़क	सब्दुल रजक	लखन पासवान	लखन पासवान
78	261	2601	रैयती	धान खेत II	0.0069	लखन पासवान वो रामा पासवान पिता- सहदेव पासवान	पक्का सड़क	बसंत पासवान	रामसखी महतो	धनेश्वरी देवी
79	261	2601	रैयती	टांड़ II	0.0090	नकुल महतो पिता- घोचा महतो	रामसरवी महतो	पक्का सड़क	रामसखी महतो	कुसी महतो
80	261	2604	रैयती	टांड़ III	0.0090	नकुल महतो पिता- घोचा महतो	रामसरवी महतो	पक्का सड़क	रामसखी महतो	कुसी महतो
81	261	2601	रैयती	टांड़ III	0.0029	रामसखी महतो पिता- घोचा महतो	भरत महतो	पक्का सड़क	भरत महतो	नीज
82	225	2597	रैयती	-	0.0011	भरम महतो पिता- घोचा महतो	-	पक्का सड़क	रामवतार राम	रामसखी महतो
83	243	2606	रैयती	धान खेत II	0.0041	झालो राम पिता- लोचन राम	झुलो राम	पक्का सड़क	झुली राम	भरत महतो
84	243	2606	रैयती	धान खेत II	0.0025	रामवतार राम पिता- लोकन राम	किसन महतो	पक्का सड़क	नन्हू महतो	मनकु महतो
85	261	2604	रैयती	टांड़ II	0.0012	देकन रजक पिता- माधो बैठा	पक्का सड़क	भुखन पासवान	जगदीश मोची	पक्का सड़क
86	261	2604	रैयती	टांड़ II	0.0087	जगदीश मोची पिता- धनु मोची	भोला मोची	रेकन बैठा	नीज	पक्का सड़क
87	-	2614	-	-	0.0034	भोला मोची, धनु मोची	पक्का सड़क	नीज	बालो मोची	जगदीश मोची
88	-	2614	-	-	0.0087	बालो मोची पिता- धनु मोची	पक्का सड़क	नीज	टेकन मोची	भोला मोची
89	-	2614	-	-	0.0087	टेकन मोची पिता- धनु मोची	पक्का सड़क	नीज	जगदीश मोची	बालो मोची
90	-	2614	-	-	0.0087	जगदीश मोची पिता- धनु मोची	पक्का सड़क	नीज	भंडार	टेकन मोची
91	-	2608	-	-	0.0087	नन्हु महतो पिता- रमजान महतो	शंकर दांगी	पक्का सड़क	धनेश्वर देवी	किरण महतो
92	-	2609	-	-	0.0017	धनेश्वरी देवी पति- भुखल पासवान	सालेशवर महतो	पक्का सड़क	लखन पासवान	नान्हू महतो
93	201	2609	रैयती	टांड़ II	0.0026	लखन पासवान पिता- सहदेव पासवान	-	पक्का सड़क	हरी महतो	धनेश्वरी देवी
94	234	2611	रैयती	टांड़ II	0.0070	हरी महतो पिता- गुजर महतो	सत्यानंद पाठक	पक्का सड़क	पक्का सड़क	लखन पासवान
95	-	2670	-	-	0.0044	गिरधारी रजक पिता- दीपु बैठा	भीवनरन दांगी	पक्का सड़क	नीज	पक्का सड़क
96	-	2972	-	-	0.0044	शिवनारायण दांगी पिता- महावीर महतो	अहरी महतो	गिरधारी ररजक	नीज	पक्का सड़क
97	40	2973	रैयती	धान खेत II	0.0058	हरी महतो पिता- गुजर महतो	रूपलाल महतो	भीमनराम दांगी	नीज	पक्का सड़क
98	240	2973	रैयती	धान खेत II	0.0036	रूपलाल महतो पिता- गुजर महतो	फूलो देवी	हरी महतो	नीज	पक्का सड़क
99	-	2974	-	-	0.0012	फूलो देवी पति- धनु महतो	जीवलाल कुर्मी	रूपलाल महतो	बाजो दांगी	पक्का सड़क
100	248	2261	रैयती	धान खेत II	0.0012	धनेश्वर महतो पिता- छेदी महतो	मनकु महतो	पक्का सड़क	पक्का सड़क	उदयनाथ पाठक
101	248	2261	रैयती	धान खेत II	0.0012	मनकु महतो पिता- टुनू महतो	रामवतार राम	धनेश्वर महतो	पक्का सड़क	उदयनाथ पाठक
102	243	2260	रैयती	धान खेत II	0.0058	रामवतार राम पिता- लोकन राम	मगलो राम	मनकु महतो	पक्का सड़क	जीवन भूईयां
103	243	2260	रैयती	धान खेत II	0.0058	झालो राम पिता- लोकन राम	रामचन

भारत में एप्पल के प्लांट बनाने की कोई जरूरत नहीं है : डोनाल्ड ट्रंप

ब्यूरो

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कभी कुछ- कभी कुछ मनमानी से न केवल अन्य देश परेशान हैं , बल्कि अमेरिका के बड़े धंधे वाले भी परेशान हो गये हैं। अब ट्रम्प ने अमेरिका-चीन के बीच 90 दिनों के टैरिफ निलंबन के ठीक बाद एप्पल के सीईओ टिम कुक से बात की। उन्होंने भारत में मैन्युफैक्चरिंग के एप्पल के प्लान पर कमेंट करते हुए कहा कि भारत में प्लांट बनाने की कोई जरूरत नहीं है, वे खुद की देखभाल कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे कल टिम कुक से थोड़ी परेशानी थी, मैंने उनसे कहा टिम तुम मेरे दोस्त हो, मैंने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, तुम 500 बिलियन डॉलर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब तुम पूरे भारत में निर्माण कर रहे हो, मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में निर्माण करो।अमेरिका के राष्ट्रपति ने टिम से कहा कि टिम हमने आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, हमने चीन में आपके द्वारा बनाए गए सभी प्लांट्स को वर्षों तक सहन किया, अब आपको अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग करना होगा। हमें भारत में आपके निर्माण में कोई दिलचस्पी नहीं है। भारत खुद का ख्याल रख सकता है, वे बहुत अच्छा कर रहे हैं।अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, '' भारत में बिक्री करना बेहद कठिन है और उन्होंने हमें एक ऐसा समझौता पेश किया है जिसके तहत वे मूलतः हमसे कोई शुल्क नहीं लेने को तैयार हैं।'' भारत, अमेरिका का करीबी साझेदार है और का हिस्सा है। क्वाड चार देशों का एक समूह है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं।

यह समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।वॉल स्ट्रीट और एप्पल के निवेशकों ने चीनी टैरिफ पर रोक का स्वागत किया, सोमवार को एप्पल के शेयरों में 6% की वृद्धि हुई, जो नैस्डैक के 3% लाभ से बेहतर प्रदर्शन था। अमेरिका और चीन के बीच तनाव में तेजी से कमी आने से अमेरिकी बाजारों में व्यापक तेजी आई।ऐप्पल धीरे-धीरे भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन जैसे भागीदारों के जरिए कुछ आईफोन मॉडल को असेंबल कर रहा है। हालांकि, कंपनी चीन में अपनी स्थापित सप्लाई चैन पर काफी ज्यादा निर्भर है।

कनाडा की नई सरकार ने जनता को दिया तोहफा

27 अरब डॉलर की इनकम टैक्स छूट, 2 करोड़ लोगों को फायदा

एजेंसी । ओटावा

कनाडा में नई सरकार ने शपथ लेते ही टैक्स छूट को लेकर बड़ा ऐलान किया. नई सरकार ने व्यक्तिगत आयकर में बड़ी कटौती का ऐलान करते हुए, 1 जुलाई, 2025 से लागू होने वाले मिनिमम मार्जिनल टैक्स रेट को 15% से घटाकर 14% कर देगा. इनकम टैक्स में मिली इस कटौती से लगभग 2 करोड़ से ज्यादा कनाडाई लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है. सरकारी अनुमानों के अनुसार, दो आय वाले परिवार 2026 तक सालाना 840 अमेरिकी डॉलर तक बचा सकते हैं. वहीं, पांच वर्षों में, इस योजना से 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर (23,12,21,52,00,000 रुपये) से अधिक कर राहत मिलने का अनुमान है।

कार्यकाल के पहले दिन बड़ा ऐलान

फाइनेंस मिनिस्टर और नेशनल रेवेन्यू मिनिस्टर फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने नई संसद के कार्यकाल के पहले आदेश में इस उपाय की घोषणा की. शैम्पेन ने कहा, "यह कर कटौती मेहनती कनाडाई लोगों को अपने वेतन का अधिक हिस्सा रखने में मदद करेगी, ताकि वे इसे उन जगहों पर खर्च कर सकें, जहाँ इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इससे पहले कनाडा ने टैक्स में भारी बढ़ोत्तरी कर दी थी। इससे बहुत से भारतीय कनाडा छोड़ कर स्वदेश लौट गए थे।

नींद पूरी नहीं होने से जल्दी बूढ़ा हो जाता है दिमाग, कैसे बचें और गहरी नींद सोयें

स्वास्थ्य

आरपी सिंह

नई दिल्ली। नींद की कमी से आपके दिमाग पर भी खराब असर पड़ता है। इससे मस्तिष्क जल्दी बूढ़ा होता है और अल्जाइमर होने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए सबको अपनी नींद पूरी करने पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि नींद हमारे शरीर के लिए सुपर फूड से बढ़कर है। यदि आप हर रात पर्याप्त नींद लेते हैं तो शरीर कई तरह की गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बच जाता है। इन दिनों नाइट शिफ्ट कर्मी व छात्र को छोड़ दिया जाए तो लोग अपने एंटरटेनमेंट के चक्कर में आधी रात तक जागकर टीवी, फोन, या लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं। इससे भले ही आपको मनोरंजन मिल रहा हो, लेकिन आप नींद में रोजाना कटौती करके अपने दिमाग को बूढ़ा बना रहे हैं। यह बात कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, सैन फ्रांसिस्को के एक अध्ययन से साबित हुई है। इसमें पाया गया कि खराब नींद से मस्तिष्क में सिकुड़न बढ़ता है। ऐसे में विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि आपको रात में आराम करना बहुत जरूरी है। यह करने पर ही इसमें कमी आएगी। इसलिए अच्छी नींद लें या अधिक तेजी से उम्र बढ़ने का जोखिम उठाएं।

न्यूरोलॉजी में प्रकाशित 2024 के एक अध्ययन में, वैज्ञानिकों ने लगभग 600 वयस्कों का उनकी नींद की आदतों पर सर्वेक्षण किया और एक दशक बाद मस्तिष्क स्कैन किया। जो परिणाम सामने आए, वो चौंका देने वाले थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो प्रतिभागी खराब नींद से जूझ रहे थे, उनका ब्रेन अच्छी नींद लेने वालों की तुलना में ज्यादा कमजोर था। आप सबको पता होगा कि ह्यूमन ब्रेन उम्र के साथ सिकुड़ता है, इसे "ब्रेन सिकुड़न" या "न्यूरोलॉजिकल एजिंग" कहा जाता है, लेकिन अध्ययन में पाया गया कि नींद की कठिनाइयां इस प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं। स्टडी में शामिल जिन लोगों ने खराब नींद की सूचना दी, उनका दिमाग अच्छी तरह से आराम करने वाले उनके समकक्षों की तुलना में औसतन 1.6 से 2.6 साल अधिक बूढ़ा पाया गया। इसके अलावा एनसीबीआई के अनुसार लंबे समय तक नींद की कमी से अल्जाइमर रोग का खतरा बढ़ जाता है। केवल इतना ही नहीं लंबे समय तक नींद की कमी से पीड़ित लोगों में हाइपरटेंशन, हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा व कई प्रकार के कैंसर विकसित होने का खतरा ज्यादा रहता है। इसलिए सबको अपनी नींद पूरी करने के प्रति सजग रहना चाहिए।

अच्छी नींद के लिए आप निम्न उपाय आजमा सकते हैं-

1. अपने सोने व जागने का एक समय तय कर लें , तथा हर दिन एक ही समय पर बिस्तर पर सोने जाएं व उठें। इससे आपके शरीर का सोने-जागने का चक्र मजबूत बनता है।
2. भूखे पेट या बहुत ज्यादा खाकर सोने न जाएं। सोने के कुछ घंटे पहले अधिक भोजन करने से बचें। साथ ही निकोटीन,कैफीन व अल्कोहल से भी सावधानी बरतने की जरूरत है। यह आपके नींद में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं।
3. सोने के लिए एक एनवायरनमेंट क्रिएट करें। अपने बिस्तर को साफ कर लें और अपने कमरे को ठंडा,अंधेरा और शांत रखें।
4. दिन के समय लंबी नैप न लें, इससे रात की नींद में बाधा आ सकती है। दोपहर की झपकी को एक घंटे से अधिक न बढ़ाएं ।
5. नियमित शारीरिक गतिविधि , कसरत , टहलना , बेहतर नींद को बढ़ावा दे सकती है। लेकिन सोने के कुछ घंटे पहले बहुत अधिक एक्टिव होने से बचें, इससे दर्द व थकान से नींद नहीं आने की भी दिक्कत हो सकती है।

न्यूज बॉक्स

वक्फ संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, 20 मई को सुनवाई

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑग्स्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम मामले में सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसजी तुषार मेहता पहले ही पिछली सुनवाई में आश्वस्त कर चुके हैं कि वक्फ एक्ट के कुछ प्रावधान लागू नहीं होंगे और इस पर अगर पालन नहीं होता तो कोर्ट देखेगा। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 20 मई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑग्स्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या इस केस में अभी अंतरिम राहत के लिए सुनवाई हो रही है?

85 करोड़ के इनामी अल कायदा के 'आतंकी' से ट्रंप ने मिलाया हाथ, पैसों के लिए सऊदी अरब के आगे बिछ गया अमेरिका

नई दिल्ली । सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिलते और उनके आलीशान महल में शान से कदमताल करते नजर आ रहे हैं। जबकि दूसरी तस्वीर में कभी अमेरिका के द्वारा घोषित एक करोड़ डॉलर (लगभग 85.5 करोड़ रुपए) के आतंकी से मुलाकात करते दिख रहे हैं।

जहां खड़ा होता है पाकिस्तान, वहीं से भीख मांगने की लाइन शुरू होती है: राजनाथ सिंह

श्रीनगर (आईएएनएस)

- **भारत और पाकिस्तान की तुलना:** राजनाथ ने भारत की मजबूत स्थिति और पाकिस्तान की आर्थिक लाचारी को सामने रखते हुए दोनों देशों की नीतियों पर इशारों में तुलना की।
- **पाकिस्तान की गिरती अर्थव्यवस्था पर चिंता:** पाकिस्तान पिछले कई वर्षों से वैश्विक आर्थिक संस्थाओं की 'मेहरबानी' पर ही चल रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज लेने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जहां खड़ा होता है, वहीं से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। भारत आज उन देशों की श्रेणी में है, जो आईएमएफ को फंड देते हैं, ताकि आईएमएफ गरीब देशों को कर्ज दे सके। दरअसल, पाकिस्तान की हालत बीते कई सालों से इतनी बुरी हो चुकी है कि वह पहले से ही विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मेहरबानी पर चल रहा है।

इसी बीच, 'ऑपरेशन सिंदूर' की शानदार सफलता के बाद पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को श्रीनगर पहुंचे। जहां उनके साथ, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बादामी बाग छावनी में जवानों से मुलाकात की और उनसे बातचीत भी की। रक्षा मंत्री ने जवानों को संबोधित किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना की प्रशंसा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, "रही बात पाकिस्तान की, तो उसकी मैं बात ही क्या करूं आपसे। वह देश तो, मांगते-मांगते अपनी जहालत से एक ऐसी हालत में आ गया है कि उसके बारे में यह भी कहा जा सकता है कि पाकिस्तान जहां खड़ा होता है, वहीं से मांगने वालों की लाइन प्रारंभ हो जाती है। अभी आपने सुना ही होगा कि कैसे वह फिर एक बार आईएमएफ के पास कर्ज मांगने गया। जबकि, दूसरी तरफ हमारा देश है। हम आज उन देशों की श्रेणी में आते हैं, जो आईएमएफ को फंड देते हैं, ताकि आईएमएफ गरीब देशों को कर्ज दे सके।

उन्होंने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया यह बात जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम आमतौर पर युद्ध के समर्थक कभी नहीं रहे, लेकिन स्थितियां जब इतनी विकट हो जाएं, जब देश की संप्रभुता पर आक्रमण हो, तो जवाब देना आवश्यक हो जाता है। पूरे देश में हमारी सेनाओं को और हमारे सैनिकों को, एक सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। एक सशक्त राष्ट्र वही होता है, जो अपनी सेनाओं को सम्मान के साथ-साथ आधुनिक हथियार और साजो-सामान भी दे, जिसकी उसे जरूरत है। मुझे गर्व है कि आज सरकार, हमारी सेनाओं के लिए यह सब कर रही है।

उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी ने पाकिस्तान में छिपे आतंकी संगठनों और उनके आकाओं को भी यह साफ बता दिया है कि वो कहीं भी अपने आप को महफूज और सुरक्षित न समझें। अब वे भारतीय सेनाओं के निशाने पर हैं। दुनिया जानती है, हमारी सेनाओं का निशाना अचूक है और जब वो निशाना लगाते हैं तो गिनती करने का काम दुश्मनों पर छोड़ देते हैं। आज आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिज्ञा कितनी कठोर है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके न्यूक्लियर ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की है। राजनाथ सिंह ने जोर देते हुए कहा, ''पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर जिम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियां दी गईं हैं। आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैर जिम्मेदार और बीमार देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं?

अर्मेनिया ने भारत से की 720 मिलियन डॉलर के हथियारों की डील

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ पाकिस्तान का समर्थन करने वाले कट्टर इस्लामिक मुल्क अजरबैजान को बड़ा झटका लगने वाला है। भारत उसके दुश्मन देश अर्मेनिया को 720 मिलियन डॉलर के हथियारों की खेप भेजने की तैयारी कर रहा है। अजरबैजान और अर्मेनिया के बीच नागोर्नो-काराबाख इलाके पर कब्जे को लेकर करीब चार दशक से विवाद चल रहा है। इंडियन एयरोस्पेस डिफेंस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अर्मेनिया इंडियन एयर डिफेंस सिस्टम आकाश-1S के सबसे अपग्रेडेड वर्जन की 15 यूनिट खरीदेगा। भारत की इस डील से तुर्किए के रक्षा विशेषज्ञ टेंशन में आ गए हैं।

मोदी जी पानी दे दो!

वॉटर बम से पाकिस्तान हुआ बेदम, पत्र लिखकर फिर मांगी भीख, अब क्या है भारत का प्लान?

नई दिल्ली । एजेसी

मोदी ने सिंधु नदी पर हमला कर दिया है। या तो अब सिंधू नदी बहेगी या खून बहेगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का फैसल किया तो कुछ इस अंदाज में पाकिस्तान ने धमकी वाले तेवर में रिएक्ट किया था। अब, हमले और उसके बाद के ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद, पाकिस्तान के सुर और तेवर दोनों ढीले पड़ते नजर आ रहे हैं। कल तक सिंधु को लेकर रण छेड़ने की धमकी देने वाला पाकिस्तान अब याचना की मुद्रा में आ गया है। पाकिस्तान ने चिट्ठी लिखकर नई दिल्ली से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने भारत के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि संधि को रोकने का नई दिल्ली का कदम पाकिस्तान में संकट पैदा कर सकता है।

सिंधु जल पर भारत से क्या याचना पाकिस्तान ने की : पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। अपनी भारतीय समकक्ष देबश्री मुखर्जी को लिखे पत्र में मुर्तजा ने नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए अपनी सरकार की तत्परता व्यक्त की।

पाकिस्तान से प्यार तुर्किये को पड़ेगा भारी

नहीं होगी भारतीय फिल्मों की शूटिंग? एफडब्ल्यूआईसीई की अपील

कहानी फिल्म जगत की

बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए काफी लोकप्रिय जगह मानी जाती हैं तुर्किये, इसी वजह से तुर्किये भारतीय सिनेमा के माध्याम से काफी कमाई भी करना है लेकिन अब तुर्किये का पाकिस्तान प्रेम उसकी इकोनॉमी पर भी असर डाल सकता है। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन (एआईसीडब्ल्यूए) ने भी फिल्म शूटिंग और अन्य सांस्कृतिक सहयोग के लिए तुर्किये का पूर्ण बहिष्कार करने की घोषणा की।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब तुर्किये ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे पर भारत के हमले की आलोचना की है। इस्लामाबाद ने संघर्ष में तुर्किये के ड्रोन का भी इस्तेमाल किया था। पाकिस्तान को समर्थन देने के बाद पूरे भारत में तुर्किये के सामान और पर्यटन का बहिष्कार करने का आह्वान किया जा रहा है तथा ईजमाईट्रिप और इक्सिगो जैसे ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफार्म ने तुर्किये की यात्रा न करने की सलाह जारी की है। एफडब्ल्यूआईसीई ने एक बयान में कहा, एफडब्ल्यूआईसीई (जो भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग में 36 प्रकार के श्रमिकों, तकनीशियनों और कलाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष संस्था है) सभी भारतीय फिल्म निर्माताओं से आग्रह करती है कि वे भारत के राष्ट्रीय हितों से संबंधित मामलों में पाकिस्तान के प्रति बढ़ते समर्थन के मद्देनजर तुर्किये को शूटिंग स्थल के रूप में चुनने पर पुनर्विचार करें। इसने आगे कहा, इसलिए हम भारतीय फिल्म जगत के सभी प्रोडक्शन हाउस, लाइन प्रोड्यूसर, अभिनेता, निर्देशक और क्रू सदस्यों से अपील करते हैं कि वे राष्ट्र के साथ एकजुटता से खड़े हों और फिल्म शूटिंग के लिए तुर्किये का तब तक बहिष्कार करें जब तक कि देश अपने कूटनीतिक

रुख पर पुनर्विचार नहीं करता और आपसी सम्मान और हस्तक्षेप न करने के सिद्धांतों के साथ नहीं आ जाता। एफडब्ल्यूआईसीई ने कहा कि उसे उम्मीद है कि भारतीय फिल्म समुदाय व्यापक राष्ट्रीय हित में इस अपील का सम्मान करेगा। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक बयान में एआईसीडब्ल्यूए ने कहा कि तुर्किये में किसी भी बॉलीवुड या भारतीय फिल्म प्रोजेक्ट की शूटिंग नहीं की जाएगी।

एफडब्ल्यूआईसीई का फिल्म इंडस्ट्री से आग्रह: *एफडब्ल्यूआईसीई ने भारतीय फिल्म निर्माताओं से तुर्किये को शूटिंग स्थल के रूप में न चुनने का आग्रह किया है।*

हजारीबाग के एसपी समेत चार की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश 20 मई को

रांची। झारखण्ड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वितीय सिविल सेवा घोटाले में चार्जशीटेड आरोपित हजारीबाग के वर्तमान पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरविंद कुमार सिंह सहित चार आरोपितों के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को पुरी हो गयी। अदालत अब अदालत 20 मई को अपना आदेश सुनाएगी। सिविल कोर्ट रांची के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोपितों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। कुमुद कुमार, डॉ. शिशिर कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे एवं अरविंद कुमार सिंह ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए पिछले महीने याचिका दाखिल की थी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अधिकारियों सहित 64 आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया । अदालत ने जिन लोगों पर संज्ञान लिया है, उनमें ऐसे नाम भी शामिल हैं, जो वर्तमान में प्रोन्नति पाकर पुलिस उपाधिक्षक (डीएससी) से पुलिस अधीक्षक (एसपी) बन कर जिला संभाल रहे हैं।

झारखंड के 18 जिलों में आकाशीय बिजली और तेज हवा चलने की आशंका

रांची। झारखंड के 18 जिलों में कहीं- कहीं 16 मई से गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि जिन इलाक़ों में वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है उनमें राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार और कोडरमा को छोड़कर सभी जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 16 मई के बाद से झारखंड में गर्मी में कमी आएगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आनेवाली नमी के चलते झारखंड में मौसम में बदलाव होगा। इससे हल्की बारिश और आकाशीय बिजली गिर सकती है। इसलिए उन्होंने लोगों से गर्जन के समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने बताया कि मौसम में यह बदलाव 18 मई तक जारी रहेगा। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। बीच- बीच मे हल्के बादल छाए रहे। इससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। रांची में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री, जमशेदपुर में 39.5, डालटेनगंज में 42.4, बोकारो में 39.5 और चाईबासा में तपमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मंत्री योगेन्द्र प्रसाद को अस्पताल से मिली छुट्टी सीने में दर्द पर कराया गया था भर्ती

रांची। झारखंड के उत्पाद और मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। इसके बाद उन्हें गुरुवार को रांची के धुर्वा स्थित पारस अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत पारस अस्पताल ले जाया गया। हालांकि अस्पताल से योगेंद्र प्रसाद को अब छुट्टी दे दी गयी है। अस्पताल से मंत्री अपने आवास पर चले गए हैं जहां वह रिम्स के चिकित्सक की देखरेख में रहेंगे। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उन्हें रेस्ट पर रहने की सलाह दी है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, खिजरी विधायक और कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप अस्पताल पहुंचे और बीमार मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिलने के लिए पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि सहयोगी मंत्री को अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहले से डायबिटिक पेशेंट रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद अभी खतरे से बाहर हैं और उन्हें रेस्ट की सलाह दी गयी है।

झारखंड से निर्वाचन से संबंधित 402 लोगों की टीम को मिलेगी ट्रेनिंग : के. रवि कुमार

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी के क्रम में झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ निर्वाचन से संबंधित 402 सदस्य की टीम 19 और 20 मई को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेगी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के आवागमन, आवासन और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों और कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के साथ बैठक कर रहे थे। के. रवि कुमार ने कहा कि 19 मई को ट्रेनिंग के पहले दिन योगा, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ इंटरेक्शन, निर्वाचन संबंधी रोल प्ले, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण, विभिन्न स्टेकहोल्डर का एक्सपीरियंस शेयरिंग आदि कार्यक्रम होंगे। वहीं, 20 मई को नई दिल्ली के प्रमुख संस्थानों के भ्रमण के लिए नौ बस की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के झारखंड भ्रमण के दौरान वे यहां के वालेंटियर व बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त के दिशा-निर्देश के अनुसार झारखंड के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर का कार्यशाला के दौरान एक्सपीरियंस शेयरिंग किया जाएगा, जिसका डॉक्यूमेंटेशन कर अन्य राज्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

इस अवसर पर उपायुक्त पलामू शशि रंजन, उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह उप सचिव देव दास दत्ता, सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यशाला में भाग लेने वाले झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

पेज एक के शेष

शिक्षक नियुक्ति नियमावली...

आयुष्मान वय वंदना योजना : आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष की आयु से अधिक आयु वाले राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना योजना से आच्छादित करने की स्वीकृति दी गई। इसके तहत अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक की स्वास्थ्य इंश्योरेंस की सुविधा दी जाएगी। इस योजना के तहत लगभग तीन लाख 84 हजार 518 परिवारों को लाभ मिलेगा। इस योजना के माध्यम से राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

पीएलएफआई के तीन उग्रवादी...

के मुख्य आरोपी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व चंदवा थाना क्षेत्र के सेरक गांव के पास भट्ठा और क्रशर पर गोली चलाने की घटना में तीनों उग्रवादियों की प्रमुख भूमिका थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी संतोष उरांव उर्फ तूफान पर लातेहार जिला के अलावा आस पास के दूसरे जिलों में कुल 23 हिंसक मामले दर्ज हैं। बालक रामw पर भी 9 से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तीनों उग्रवादी पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। जेल से निकलने के बाद तीनों फिर से अपराधी घटनाओं में शामिल हो गए। उग्रवादियों की गिरफ्तारी में डीएसपी अरविंद कुमार के अलावा इंस्पेक्टर रणधीर कुमार, सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार, अरविंद कुमार सिंह, श्रवण कुमार, राकेश कुमार महतो समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के भूमिका महत्वपूर्ण रही।

प्रपत्र VI 'क'
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

ज्ञापांकः–1125/भू0अ0 दिनांकः–10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**चौथा**, थाना नं0–50 थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**चौथा**,थाना–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–50, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.0435** एकड़ यानि **0.422298** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
01	01	429	बकाश्त	टांड III	0.0078	सरयु सिह पिता– कुलदीप सिंह	दिनेश्वर दांगी	पक्का सड़क	पक्का सड़क	नीज
02	01	429	बकाश्त	टांड III	0.0078	दिनेश्वर दांगी वगै0 पिता– लुकन महतो	दिनेश्वर दांगी	पक्का सड़क	विनय सिंह	पी0सी0सी0 रास्ता
03	01	429	बकाश्त	टांड III	0.0075	विनय कुमार सिंह पिता– जय करण सिंह	अदित्या राणा	पक्का सड़क	विनय सिंह	सरयु यादव
04	01	429	बकाश्त	टांड III	0.0047	शिव कुमार सिंह पिता– जय करण सिंह	प्रेमचंद दांगी	पक्का सड़क	रसवा देवी	विनय कुमार सिंह
05	01	429	बकाश्त	टांड III	0.0340	शिव कुमार सिंह पिता– जय करण सिंह	शिव कुमार सिंह	पक्का सड़क	–	–
06	01	429	बकाश्त	टांड III	0.0270	सरयु यादव वगै0 पिता– हीरा यादव	शिव कुमार सिंह वगै0	पक्का सड़क	दिनेश्वर दांगी	पी0सी0सी0 रास्ता
07	21	452	बकाश्त	–	0.0025	रामनारायण सिंह पिता– केदार सिंह	–	कच्चा रास्ता	रामदेव प्रजापति	पक्का सड़क
08	21	452	बकाश्त	–	0.0055	शिवपुजन सिंह पिता– नागदेव सिंह	रसवा देवी	रामेश्वर यादव	रसवा देवी	पक्का सड़क
09	21	452	बकाश्त	–	0.0018	देवेन्द्र सिंह पिता– केदार सिंह	पक्का सड़क	रमन सिंह	पक्का सड़क	कृष्ण दांगी
10	21	452	बकाश्त	–	0.0020	कृष्ण दांगी पिता– रामलाल महतो	पक्का सड़क	रामनारायण सिंह	नीज	नीज
11	21	452	बकाश्त	–	0.0018	रसवा देवी पति– फागु महतो	नीज	रामेश्वर यादव	अमृत महतो	शिव पुजन सिंह
12	01	453	बकाश्त	धान खेत II	0.0076	सरयु सिंह पिता– कुलदीप सिंह	रसवा देवी	पक्का सड़क	रामेश्वर यादव	पक्का सड़क
13	01	453	बकाश्त	धान खेत II	0.0010	रामेश्वर यादव पिता– विराज यादव	रसवा देवी	पक्का सड़क	रामेश्वर यादव	पक्का सड़क
14	01	453	बकाश्त	धान खेत II	0.00180	कृष्णा दांगी पिता– समलाल महतो	रामनारायण सिंह	नीज	नीज	नीज
15	-	454	–	–	0.0026	अमृत यादव पिता–	नीज	पक्का सड़क	रसवा देवी	रामेश्वर यादव
16	21	455	बकाश्त	टांड II	0.0017	रसवा देवी पति– फागु महतो	अमृत महतो	पक्का सड़क	देवेन्द्र सिंह	अमृत महतो
17	21	455	बकाश्त	टांड II	0.0025	देवेन्द्र सिंह पिता– केदार सिंह	नीज	पक्का सड़क	उदेश्वर यादव	रसवा देवी
18	46	457	बकाश्त	टांड II	0.0025	देवेन्द्र सिंह पिता– केदार सिंह	नीज	पक्का सड़क	उदेश्वर यादव	रसवा देवी
19	-	458	–	–	0.0088	उदेश्वर यादव पिता' लीलो महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	कुंदन दांगी	उदेश्वर यादव
20	13	463	रैयती	टांड II	0.0035	अमृत महतो पिता– बंधन महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	कुंदन दांगी	उदेश्वर यादव
21	15	465	रैयती	टांड II	0.0050	कुंदन दांगी पिता– अमृत महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	कुंदन दांगी	उदेश्वर यादव
22	15	465	रैयती	टांड II	0.0050	संदीप कुमार दांगी पिता– बिनदेश्वर दांगी	नीज मकान	पक्का सड़क	कुंदन दांगी	उदेश्वर यादव
23	15	465	रैयती	टांड II	0.0050	किशोर दांगी पिता– धनेश्वर महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	कुंदन दांगी	उदेश्वर यादव
24	15	466	रैयती	धान खेत II	0.0090	कुंदन दांगी पिता– अमृत महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	संदीप कुमार	किशोर दांगी
25	15	466	रैयती	धान खेत II	0.0070	संदीप कुमार दांगी पिता– बिन्देश्वर दांगी	नीज मकान	पक्का सड़क	बिजली यादव	किशोर दांगी
26	-	467	–	–	0.0780	बिजली यादव पिता– गणेश यादव	नीज मकान	पक्का सड़क	संदीप कुमार	किशोर दांगी
27	-	467	–	–	0.0540	बैजु यादव पिता– आतो यादव	नीज मकान	पक्का सड़क	रामेश्वर यादव	बिजली यादव
28	-	739	–	–	0.0540	बढ़न दांगी पिता– छठु महतो	पक्का सड़क	प्रबिल दांगी	सुरेश दांगी	कच्चा रास्ता
29	-	739			0.0528	सुरेश दांगी पिता– भोला महतो	पक्का सड़क	प्रबिल दांगी	सुरेश दांगी	कच्चा रास्ता
30	-	739	–	–	0.0020	रामसेवक दांगी पिता– कहठु महतो	पक्का सड़क	नीज मकान	देवेन्द्र सिंह	दीपनरण दांगी
31	-	731	–	–	0.0020	रामसेवक दांगी पिता– कहठु महतो	पक्का सड़क	नीज मकान	देवेन्द्र सिंह	दीपनरण दांगी
32	-	468	–	–	0.0684	रामेश्वर यादव पिता– विराज यादव	नीज मकान	पक्का सड़क	नरेश यादव	बैजु यादव
33	-	468	–	–	0.0684	नरेश यादव पिता– हीरा यादव	नीज मकान	पक्का सड़क	लालो यादव	रामेश्वर यादव
34	01	469	बकाश्त	धान खेत II	0.0600	लालो यादव पिता– बिराज यादव	नीज मकान	पक्का सड़क	विनय सिंह	नरेश यादव
35	03	823	रैयती	धान खेत II	0.0462	पुरन महतो वगै0 पिता– रूपलाल महतो	पक्का सड़क	नीज मकान	मंदिर	लखन दांगी
36	03	823	रैयती	–	0.0242	लखन दांगी वगै0 पिता– पुनीत महतो	पक्का सड़क	नीज	पुरन दांगी	शिवपुजन दांगी
37	03	823	रैयती	–	0.0019	शिवपुजन दांगी पिता– छकौड़ी महतो	पक्का सड़क	नीज मकान	लखन दांगी	स्कूल बाउन्ड्री
38	21	594	बकाश्त	धान खेत III	0.0036	देवेन्द्र सिंह पिता– केदार सिंह	पक्का सड़क	नीज मकान	शिवपुजन दांगी	रामसेवक दांगी
39	21	594	रैयती	धान खेत III	0.0018	शिवपुजन सिंह पिता– नागदेव सिंह	पक्का सड़क	नीज मकान	सरयु सिंह	देवेन्द्र सिंह
40	01	470	बकाश्त	धान खेत II	0.0012	विनय सिंह पिता– जयकरण सिंह	पक्का सड़क	नीज मकान	शिव कुमार सिंह	लालो यादव
41	01	470	रैयती	धान खेत II	0.0021	शिवकुमार सिंह पिता– जश्करण सिंह	नीज	पक्का सड़क	सरयु सिंह	विनय सिंह
42	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0020	सुखदेव दांगी पिता– शिवनत महतो	पक्का सड़क	सरयु दांगी	कौलेश्वर दांगी	सरयु सिंह
43	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0020	कौलेश्वर दांगी पिता– शिवलाल महतो	पक्का सड़क	सरयु दांगी	संतन दांगी	सुखदेव दांगी
44	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0020	संतन दांगी पिता– नन्दकिशोर दांगी	पक्का सड़क	सरयु सिंह	सरयु सिंह	कौलेश्वर दांगी
45	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0030	सरयु सिंह पिता– कुलदीप सिंह	पक्का सड़क	नीज	विनय सिंह	संतन दांगी
46	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0825	विनय सिंह पिता– जयकरण सिंह	पक्का सड़क	नीज	शिव कुमार सिंह	सरयु सिंह
47	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0010	शिवकुमार सिंह पिता– जस्करण सिंह	पक्का सड़क	नीज	सरयु सिंह	बिनय सिंह
48	01	592	बकाश्त	धान खेत III	0.0385	सरयु सिंह पिता– कुलदीप सिंह	पक्का सड़क	नीज	जागेश्वर दांगी	शिव कुमार सिंह
49	33	472	रैयती	धान खेत III	0.0172	कृष्णा दांगी पिता– भीख महतो	सरयु सिंह	पक्का सड़क	राजु दांगी	ईश्वर दांगी
50	01	475	बकाश्त	धान खेत II	0.0412	राजु दांगी पिता– बुधन महतो	नीज	पक्का सड़क	जगदेव दांगी	कृष्णा दांगी
51	01	475	बकाश्त	धान खेत II	0.0405	जगदेव दांगी पिता– खीरोधर महतो	नीज	पक्का सड़क	पक्का सड़क	राजु दांगी
52	33	472	रैयती	धान खेत III	0.035	ईश्वर दांगी पिता– जयराम महतो	सरयु सिंह	पक्का सड़क	कृष्णा दांगी	शिव कुमार सिंह
53	01	475	बकाश्त	धान खेत II	0.0015	बिनय सिंह पिता जयकरण सिंह	नीज	पक्का सड़क	शिव कुमार सिंह	जगदेव दांगी
54	01	475	बकाश्त	धान खेत II	0.0016	शिव कुमार सिंह पिता– जय करण सिंह	नीज	पक्का सड़क	पी0सी0सी0 रास्ता	विनय सिंह
55	33	590	रैयती	धान खेत II	0.0360	जागेश्वर दांगी पिता– छकौड़ी महतो	पक्का सड़क	नीज मकान	भुनेश्वर महतो	सरयु सिंह
56	33	590	रैयती	धान खेत II	0.0360	भुनेश्वर दांगी पिता– जोधी महतो	पक्का सड़क	जागेश्वर दांगी	पेमा महतो	जागेश्वर दांगी
57	01	562	बकाश्त	धान खेत II	0.0017	दिनेश्वर दांगी वगै0 पिता– लुकन महतो वो असिसह कुमार दांगी पिता– शिवलाल महतो	पक्का सड़क	नीज मकान	सिमाना बेलहर	विनय सिंह
58	01	562	बकाश्त	धान खेत II	0.0010	विनय सिंह पिता– जशकरण सिंह	पक्का सड़क	नीज	शिव कुमार सिंह	कच्चा रास्ता
59	01	562	बकाश्त	धान खेत II	0.0010	शिव कुमार सिंह पिता– जय करण सिंह	पक्का सड़क	नीज	अमृत महतो	विनय सिंह
60	21	560	बकाश्त	धान खेत II	0.0042	शिव पुजन सिंह पिता– जगदेव सिंह	प्रमोद सोनी	पक्का सड़क	सिमाना बेलहर	पी0सी0सी0 रास्ता
61	01	480	बकाश्त	टांड I	0.0048	शिव पुजन सिंह पिता– जगदेव सिंह	प्रमोद सोनी	पक्का सड़क	सिमाना बेलहर	पी0सी0सी0 रास्ता
62	01	480	बकाश्त	टांड I	0.0048	शिव पुजन सिंह पिता– जगदेव सिंह	पक्का सड़क	नीज	अमृत महतो	विनय सिंह
			बकाश्त	कुल	1.0435					

संरचना का विवरणी

क्र0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	संरचना	संरचना का स्वरूप	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
63	21	452	बकास्त	मकान	–	शिव पुजन सिंह पिता– नागदेव सिंह	रसवा देवी	रामेश्वर यादव	रसवा देवी	पक्का सड़क
64	13	463	रैयती	मकान	–	अमृत महतो पिता– बंधन महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	कुंदन दांगी	उदेश्वर यादव
65	15	466	रैयती	बाउण्ड्री	–	कुंदन दांगी पिता– अमृत महतो	नीज मकान	पक्का सड़क	संदीप कुमार	किशोर दांगी
66	15	466	रैयती	बाउण्ड्री	–	संदीप कुमार दांगी पिता– बिन्देश्वर दांगी	नीज मकान	पक्का सड़क	बिजली यादव	किशोर दांगी

वृक्ष की विवरणी

क्र0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	वृक्ष	वृक्ष का स्वरूप	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
67	01	429	बकास्त	सिमर	–	शिव कुमार सिंह पिता– जय करण सिह	प्रेमचंद दांगी	पक्का सड़क	रसवा दांगी	बिनय कुमार सिंह

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु

अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 352483 (Land Reforms) 25-26 (D)

प्रपत्र VI 'क'
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

ज्ञापांकः–1122/भू0अ0 दिनांकः–10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**बेलहर**, थाना नं0–54 थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99)निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**बेलहर**,थाना–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–54, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **3.0307** ए0 यानि–1.22650 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना उ0	द0	पू0	प0
71	29	1246	रैयती	टांड़ I	0.0132	तुलसी महतो पिता– महावीर महतो	बालों दांगी	रविन्द्र दांगी	पक्की सड़क	गंदोरी देवी
72	139	1260	रैयती	–	0.132	केदार दांगी पिता– महावीर महतो	रंजीत गिरी	लेखराज दांगी	पक्की सड़क	नीज
73	-	611	–	–	0.0012	पूरण महतो पिता– धरम महतो	बिमला देवी	तारकेश्वर दांगी	पक्की सड़क	नीज
74	107	609	रैयती	टांड़ II	0.0017	भुनेश्वर महतो पिता– अकल महतो	अरूण दांगी	रंजीत गिरी	पक्की सड़क	नीज
75	109	610	रैयती	टांड़ II	0.0017	भुनेश्वर महतो पिता– अकल महतो	अरूण दांगी	रंजीत गिरी	पक्की सड़क	नीज
76	05	608	रैयती	टांड़ II	0.0946	इन्द्रदेव दांगी पिता– सुखन महतो	संजय दांगी	भिंड	मकान	पक्की सड़क
78	05	608	रैयती	टांड़ II	0.0099	रीतराज दांगी पिता– बाढ़ो महतो	अरविन्द दांगी	रंजीत गिरी	नीज	पक्की सड़क
79	12	1278	रैयती	टांड II	0.0836	लालमोहन राणा पिता– नेमा राणा	कामेश्वर दांगी	रंजीत गिरी	नीज	पक्की सड़क
80	12	1278	रैयती	टांड़ II	0.0099	अरबिन्द दांगी पिता– जागेश्वर महतो	सुभाष महतो	अरबिन्द दांगी	नीज	पक्की सड़क
81	09	1279	रैयती	टांड II	0.0946	आदित्य दांगी पिता– जागेश्वर महतो	योगेन्द्र महतो	कामेश्वर दांगी	नीज	पक्की सड़क
82	102	1291	रैयती	टांड़ II	0.0955	जानकी महतो पिता– मिरन महतो	भोला महतो	सुभाष दांगी	नीज	पक्की सड़क
83	101	1292	रैयती	टांड़ II	0.0962	भुनेश्वर दांगी पिता– लालो महतो	विकास दांगी	विमला देवी	पक्की सड़क	नीज
84	101	1292	रैयती	टांड़ II	0.0099	राजकुमार दांगी पिता– चेतो महतो	राजेश दांगी	अरूण दांगी	पक्की सड़क	नीज
85	05	608	रैयती	टांड़ II	0.0484	जनार्दन दांगी पिता– अम्बिका महतो	जवाहर साव	गोवर्धन महतो	झालु महतो	पक्की सड़क
86	99	606	रैयती	धान खेत II	0.0143	मानकी महतो पिता– पेमा महतो	पचकोड़ी दांगी	भोला महतो	पचकोड़ी दांगी	पक्की सड़क
87	99	606	रैयती	धान खेत II	0.0039	सुदर्शन सिंह पिता– मादो सिंह	अशोक दांगी	जवाहर साव	नीज	पक्की सड़क
88	01	605	रैयती	धान खेत II	0.0705	तिरथ राणा पिता– बोधन राणा	रामवृक्ष महतो	पचकोड़ी दांगी	नीज	पक्की सड़क
89	01	605	रैयती	टांड़ II	0.0705	राजकुमार दांगी पिता– चेतो महतो	राजु दांगी	अशोक दांगी	जयराम दांगी	पक्की सड़क
90	-	604	–	–	0.0119	पंकज सिंह वगै0 पिता– ईश्वरी सिंह	विनय दांगी	रामवृक्ष महतो	नीज	पक्की सड़क
91	-	601	–	–	0.0085	देवकी ठाकुर पिता– प्रसाद ठाकुर	देवनन्दन दांगी	राजु दांगी	नीज	पक्की सड़क
92	-	600	–	–	0.0013	सुनीता देवी पति– रंजीत सिंह	मिथलेश केशरी	विकास दांगी	पक्की सड़क	नीज
93	-	600	–	–	0.0013	भीखलाल महतो पिता– डिलो महतो	मुकेश केशरी	मिथलेश केशरी	नीज	पक्की सड़क
94	68	1293	रैयती	टांड़ II	0.0816	पंकज सिंह वगै0 पिता– ईश्वरी सिंह	रूदन दांगी	भुनेश्वर दांगी	पक्की सड़क	मुशाफिर दांगी
95	68	1293	रैयती	टांड़ II	0.0816	कामख्या सिंह पिता– राजु सिंह	केदार दांगी	मुकेश दांगी	मकान	मुशाफिर दांगी
96	68	1293	रैयती	टांड़ II	0.0816	रूपलाल राणा पिता– तेजो राणा	कामेश्वर गिरी	राकेश दांगी	पक्की सड़क	मुशाफिर दांगी
97	-	1508	–	–	0.0153	दिलीप राणा वगै0 पिता– दासो राणा	विद्या सागर	केदार दांगी	पक्की सड़क	विद्या सागर
98	51	1509	रैयती	धान खेत II	0.0015	रामसेवक दांगी वगै0 पिता– केवल महतो	गुलाबचंद दांगी	कांटा गिरी	पक्की सड़क	नीज
99	27	1510	रैयती	धान खेत II	0.0028	तुलसी महतो पिता– महाविर महतो	जामुन साव	कमता गिरी	पक्की सड़क	न

डब्ल्यूटीसी विजेता को मिलेगी लगभग 31 करोड़ रुपये की राशि

- 2023-25 चक्र के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन अमरीकी डॉलर है
- पैट कमिंस ने कहा:- "हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लॉर्ड्स में होने वाले 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में एक महीने से भी कम समय बचा है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुष्टि की है कि एकमात्र गेम के विजेता पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी पुरस्कार राशि अर्जित करेंगे। डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन अमरीकी डॉलर है, जो पहले से ही पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। विजेताओं को 3.6 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 30,79,48,931 भारतीय रुपये) मिलेंगे, जो 2021 और 2023 दोनों संस्करणों के विजेताओं को दिए गए 1.6 मिलियन अमरीकी डॉलर से काफी अधिक है।

इस बीच, उपविजेता को 2.16 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 18,47,96,390 भारतीय रुपये) मिलेंगे, जो कि 800,000 अमरीकी डॉलर से भी अधिक है। दो बार के डब्ल्यूटीसी उपविजेता भारत, जो तीसरे स्थान पर रहा, को 12,31,98,048 रुपये मिलेंगे।

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा

"मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स के दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर के प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा जब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अब से एक महीने से भी कम समय में मैदान पर उतरेंगे। आईसीसी की ओर से, मैं प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों में दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं।"

ब्रावो, रसेल और नारायण के बाकी मैच के लिए लौटे भारत

बचे हुए आईपीएल मैचों खेलने के लिए भारत लौटे रहें है खिलाड़ी

- कल बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरु हो रहा है आईपीएल
- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच है मुकबला

एजेंसी। मुंबई

कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर ड्वेन ब्रावो और रोमारियो शेफर्ड सहित वेस्टइंडीज के कुछ अन्य खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फिर से शुरू होने से पहले भारत लौट आए हैं, जो 17 मई को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच के साथ फिर से शुरू होगा।

वेस्टइंडीज के स्टार ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक स्टार खिलाड़ी के रूप में कई साल भारत में बिताए, अपनी बेहतरीन मध्यम गति की गेंदबाजी और निचले क्रम की पावर-हिटिंग से महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने के बाद, उन्होंने पहले सीएसके में गेंदबाजी कोच के रूप में आईपीएल से अपना जुड़ाव बनाए रखा और फिर केकेआर में मेंटोर के रूप में शामिल हुए।

बुधवार को, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के साथ आईपीएल के शेष भाग के लिए भारत लौटने की पुष्टि की।

वीडियो में, ब्रावो को एक हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रिक वाहन में बैठे हुए दिखाया गया है और जब उनसे पूछा जाता है कि वे कैसे हैं (हिंदी में) तो वे "हम वापस आ गए हैं" कहते हुए सुनाई देते हैं। ब्रावो की इंस्टाग्राम स्टोरी पर केकेआर के विदेशी सितारे आंद्रे रसेल और सुनील नारायण भी देखे गए।

भारत और पाकिस्तान के बीच हिंसक संघर्ष के कारण 9 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 को निलंबित किए जाने के बाद ब्रावो अन्य विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों के साथ भारत से चले गए थे। भारत ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर हमले के प्रतिशोध में ऑपरेशन सिंदूर के हिस्से के रूप में पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया था। पहलगाम हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी - 25 भारतीय और एक नेपाली।

ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में, पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर कुछ भारतीय शहरों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया। देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में सभी हवाई अड्डे जो पाकिस्तान के हमले की सीमा में थे, बंद कर दिए गए। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर सहमति जताने के बाद आईपीएल 2025 को फिर से शुरू करने की घोषणा की है, जिसके बाद फ्रेंचाइजियों ने विदेशी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को आईपीएल के शेष मैचों के लिए भारत लौटने के लिए तत्काल संदेश भेजा है।

बटलर की जगह पर गुजरात की टीम में शामिल हुए मेंडिस

नई दिल्ली। श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस जॉस बटलर की जगह आईपीएल प्लेऑफ के लिए गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल होंगे।

कुसल मेंडिस पिछली हफ्ते तक पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने 7 मई को टीम के लिए आखिरी मुकाबला खेला था। लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि वह अब सुरक्षा को लेकर चिंताओं के चलते पीएसएल के बाकी हिस्से के लिए पाकिस्तान नहीं जाएंगे, और अब उन्होंने आईपीएल का रुख किया है। यह एक ऐसी लीग है जिसमें वह इससे पहले कभी नहीं खेले हैं। बटलर की अनुपलब्धता का कारण इंग्लैंड की वनडे टीम में चयन है। सफेद गेंद की सीरीज वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही है। आईपीएल प्लेऑफ की शुरुआत भी उसी दिन से हो रही है। जीटी के पास अपनी टीम में पहले से दो अन्य विकेटकीपिंग विकल्प मौजूद हैं - अनुज रावत और कुमार कुशाग्र।

'कर्नल सोफिया कुरैशी को सलाम', शिखर धवन का पोस्ट



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में नायक बनकर उभरी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरोध में कुछ बयान आए थे जिस पर देश के कई लोगों ने आपत्ति जताई। अब पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने कुरैशी के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है और देश के लिए उनके जज्बे को सलाम किया है। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर डाले पोस्ट में कर्नल सोफिया कुरैशी की जमकर प्रशंसा की। शिखर ने लिखा, "भारत की आत्मा इसकी एकता में बसती है। कर्नल सोफिया कुरैशी जैसे नायकों और उन अनगिनत भारतीय मुसलमानों को सलाम जिन्होंने देश के लिए बहादुरी से लड़ाई लड़ी और दिखाया कि हम किस चीज के लिए खड़े हैं। जय हिंद!"

ओलंपिक चैंपियन झेंग रोम में सबालेंका को हराकर सेमीफाइनल में

रोम। ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने अपने सातवें सर्वकालिक मुकाबले में विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका पर अपनी पहली जीत दर्ज की और 6-4, 6-3 की जीत के साथ इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार झेंग न केवल हार्ड कोर्ट के अलावा क्ले सतह पर अपने पहले मैच में सबालेंका के खिलाफ 0-6 से पिछड़ रही थीं: रोम में क्वार्टर फाइनल बाधा दौड़ में भी वह 0-2 से पिछड़ रही थीं। लेकिन 1 घंटे और 37 मिनट में, उन्होंने उन दोनों जीत रहित अंकों को तोड़ दिया, उन्होंने अपने सामने आए सभी पांच ब्रेक पॉइंट बचाए और सबालेंका की सर्विस को तीन बार तोड़ा। झेंग ने बाद में क्ले पर अपने आराम के स्तर को पिछले छह मुकाबलों की तुलना में एक्स-फैक्टर बताया।

उन्नति हुड्डा, मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में बाहर

बैंकॉक। थाईलैंड ओपन में भारतीय अभियान को गुरुवार को बड़ा झटका लगा, जब उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, दोनों शटलरों को सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे प्रतियोगिता में उनका सफर उम्मीद से पहले ही समाप्त हो गया। उन्नति हुड्डा, जो सिर्फ 17 साल की हैं और ओडिशा मास्टर्स और अबू धाबी मास्टर्स में जीत के साथ दो बार बीडब्ल्यूएफ खिताब जीत चुकी हैं, का सामना थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग से हुआ। अपनी आक्रामक शैली और तेज कोर्ट कवरेज के लिए जानी जाने वाली थाई खिलाड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उन्नति ने अपने शॉट बनाने के हुनर की झलक दिखाई, लेकिन अधिक अनुभवी चोचुवोंग के खिलाफ निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया। मैच केवल 39 मिनट में 14-21, 11-21 से समाप्त हुआ।

अल्काराज ने ड्रेपर को हराया, पहुंचे सेमीफाइनल में

एजेंसी। रोम

कार्लोस अल्काराज ने रोम में अपनी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा जारी रखी और बुधवार को जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में हराकर इंटरनैशनली बीएनएल डी'इटालिया के सेमीफाइनल में पहुंच गए। स्पेन के इस खिलाड़ी ने क्ले एटीपी मास्टर्स 1000 में ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराया।

अल्काराज ने कैम्पो सेंट्रल पर पहला सेट जीतने के लिए 2-4 से वापसी की। इसके बाद उन्होंने दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक की बढ़त खो दी, लेकिन एक घंटे, 38 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल की। वर्ष की अपनी दूसरी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी (मोंटे-कार्लो के बाद) के लिए ट्रैक पर बने रहने के साथ-साथ, ड्रेपर के खिलाफ अल्काराज की जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि वह सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से आगे बढ़कर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। इससे 22 वर्षीय खिलाड़ी को आगामी रौलां गैरो के लिए दूसरे सीड के रूप में भी जगह मिल जाएगी, जहां वह गत विजेता है।

दूसरी सीड के रूप में, अल्काराज को क्ले मेजर में विश्व नंबर 1 जानिक सिनर के विपरीत ड्रॉ में होना तय है। 2025 की अपनी टूर-लीडिंग 28वीं जीत के साथ, अल्काराज अपने दूसरे प्रदर्शन में पहली बार रोम सेमीफाइनल में पहुंचे। वहां उनका प्रतिद्वंद्वी गत विजेता और दूसरे सीड ज्वेरेव या घरेलू पसंदीदा लोरेंजो मुसेट्टी होगा।

बोलोग्ना ने मिलान को हराकर 51 साल बाद कोपा इटालिया का खिताब जीता

एजेंसी। रोम

बोलोग्ना एफसी ने एसी मिलान पर 1-0 की जीत के साथ कोपा इटालिया फ्रेकिआरोसा (इटैलियन कप) ट्रॉफी जीत ली है। 1973/74 के बाद पहली बार टीम ने खिताब जीता है।

मैच शुरू होने के 3 मिनट बाद मिलान ने पहला मौका बनाया जब लीओ ने विंग पर लुकुमी को हराया और एक खतरनाक क्रॉस भेजा, लेकिन जिमेनेज इसे पूरा नहीं कर सके। 5 मिनट बाद, बोलोग्ना ने कास्त्रो से क्लोज-रेंज हेडर के साथ जवाब दिया, लेकिन मेगनन ने एक शानदार बचाव किया। 9वें मिनट स्कोर्पस्की ने डबल सेव किया - पहले मिरांडा के डिफ्लेक्शन पर, फिर जोविक के क्लोज-रेंज शॉट को रोक दिया। इन शुरुआती मौकों के बाद दोनों ही टीमों का डिफेंस बेहद रक्षात्मक रहा और पहला हाफ 0-0 पर समाप्त हुआ।

व्यापार/लाइफ व साइंस

भारत आईवियर सेक्टर के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का हब बन सकता है: पीयूष गोयल

एजेंसी। नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लेंसकार्ट के सह-संस्थापक और सीईओ पीयूष बंसल से मुलाकात की। इस मुलाकात में इस बात पर चर्चा की गई कि भारत आईवियर सेक्टर के लिए कैसे निर्यात का केंद्र बन सकता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्हें कंपनी की प्रभावशाली सामाजिक पहलों के बारे में जानकर खुशी हुई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "लेंसकार्ट के सह-संस्थापक और सीईओ पीयूष बंसल से मुलाकात की और चर्चा की कि भारत आईवियर के लिए वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र कैसे बन सकता है।"

उन्होंने कहा, "देश भर में विजन केयर तक पहुंच का विस्तार करने के लिए कंपनी की प्रभावशाली सामाजिक पहलों के बारे में जानकर मुझे खुशी हुई।"

इस साल मार्च में, आईवियर मेकर ने हैदराबाद के पास अपनी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखी। यह वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा आईवियर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में से एक होगा।

कंपनी के अनुसार, यह प्लांट आईवियर और संबंधित उत्पादों के उत्पादन के लिए कटिंग-एज टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा, जिससे आईवियर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में क्वालिटी और इनोवेशन के नए मानक स्थापित होंगे।

इस बीच, वाणिज्य मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में आयोजित एक बैठक में इन्वेस्ट इंडिया की व्यापक समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री ने भारत में अधिक से अधिक निवेश की सुविधा के लिए इन्वेस्ट इंडिया के प्रदर्शन, प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने निवेशक जुड़ाव को और मजबूत करने, एमएसएमई को सशक्त बनाने और देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। इन्वेस्ट इंडिया भारत सरकार की नेशनल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एंड फैसिलिटी एजेंसी है। यह एजेंसी मैन्युफैक्चरिंग एंटरप्राइज की स्थापना के लिए अप्रूवल में तेजी लाने में मदद करती है।

भारत की निर्णायक जीत के बाद लड़ाकू विमान जे-10 बनाने वाली चीनी कंपनी के शेयर हुए धड़ाम

नई दिल्ली। लड़ाकू विमान जे-10 बनाने वाली चीनी डिफेंस कंपनी एविक चेंग्दू एयरक्राफ्ट के शेयर करीब 12 प्रतिशत फिसल गए हैं। इस लड़ाकू विमान का उपयोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पड़ोसी देश के द्वारा किया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के सफलतापूर्वक समाप्त होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संबोधन के बाद एविक चेंग्दू एयरक्राफ्ट के शेयर प्राइस में गिरावट दर्ज की गई। बीते एक हफ्ते में चीनी डिफेंस कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, भारतीय डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई है। एविक चेंग्दू एयरक्राफ्ट कंपनी का शेयर सोमवार को 95.86 युआन पर बंद हुआ था। वहीं, गुरुवार को चीनी डिफेंस कंपनी का शेयर 85 युआन पर था, जो कि बीते तीन कारोबारी सत्रों में 11.50 प्रतिशत की गिरावट को दिखाता है। इससे पहले अन्य चीनी डिफेंस कंपनी जुझोउ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प लिमिटेड के शेयर में भी गिरावट दर्ज की गई थी। जुझोउ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प लिमिटेड, वही कंपनी है, जिसकी मिसाइल 'पीएल-15' को पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने मार गिराया था। पीएल-15 एक एयर-टू-एयर मिसाइल है, जिसका इस्तेमाल जेएफ-17 और जे-10 फाइटर जेट द्वारा किया जाता है। दूसरी तरफ भारतीय डिफेंस सेक्टर के मार्केटकैप में जोरदार 86,211 करोड़ रुपए की बढ़त देखने को मिली है।

भारत की बड़ी डिफेंस कंपनियों को ट्रैक करने वाला निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स मिलिट्री एक्शन की शुरुआत के बाद से 9.39 प्रतिशत बढ़ चुका है। इस अवधि में निफ्टी में मात्र 1.98 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

अमेरिका-भारत ट्रेड डील पर ट्रंप के बयान से शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निफ्टी 25,000 के पार बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़ी बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,200 अंक या 1.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,530 और निफ्टी 395 अंक या 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,062 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान को माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत ट्रेड डील के तहत अमेरिकी सामानों पर जीरो टैरिफ ऑफर कर रहा है। बाजार में लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी का ट्रेंड देखने को मिला।

यात्री वाहन की बिक्री ने बनाया रिकॉर्ड करीब 3.50 लाख यूनिट्स बिके

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में अप्रैल 2025 में कारों की सालाना आधार पर 3.9 प्रतिशत बढ़कर 3,48,847 यूनिट्स रही है। यह अप्रैल में दर्ज किया गया यात्री वाहन बिक्री का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सियाम के डेटा के मुताबिक, बीते महीने सभी कैटेगरी, जिसमें यात्री वाहन, तिपहिया, दोपहिया और क्वाड्रिसाइकिल शामिल हैं, का कुल उत्पादन 23,18,882 यूनिट्स रहा है। अप्रैल में तिपहिया वाहनों की बिक्री 49,441 यूनिट्स रही है, जो पिछले साल की तुलना में 0.7 प्रतिशत की मामूली गिरावट को दिखाता है। पैसेंजर कैरियर की बिक्री 2 प्रतिशत बढ़कर 40,167 यूनिट्स हो गई, जबकि गुड्स कैरियर की बिक्री 7.7 प्रतिशत घटकर 8,135 यूनिट्स रह गई है। ई-रिक्शा और ई-कार्ट्स की बिक्री अप्रैल में मिलेजुले रही है। ई-रिक्शा की बिक्री में 36.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, ई-कार्ट्स की बिक्री में 16.6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। सियाम के महानिदेशक, राजेश मेनन ने कहा, "ऑटो उद्योग ने अप्रैल 2025 से दो और तिपहिया वाहनों के लिए ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स (ओबीडी) 2 रेगुलेशन के दूसरे चरण की नई नियामक व्यवस्था को सुचारू रूप से अपना लिया है, इसके अलावा इस महीने से पूरे देश में ई-20 आधारित गैसोलीन वाहन भी शुरू कर दिए गए हैं।"